दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : सोमवार, 5 अक्टूबर, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-226 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com

संक्षिप्त खबरें

चंडीगढ़ में एंबुलेंस दुर्घटनाग्रस्त : चार की मौत

चंडीगढ़। चंडीगढ़ से शहीद सूबेदार मेजर सत्यवान का पार्थिव शरीर लेकर देवरिया जा रही एंबुलेंस रविवार सुबह पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हादसे का शिकार हो गई। थाना हलियापुर क्षेत्र में किलोमीटर 79.6 पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एंबुलेंस सवार शहीद के पुत्र समेत चार लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार रविवार सुबह करीब 8:15 बजे एंबुलेंस संख्या T0626HR7553BJ से शहीद सूबेदार मेजर सत्यवान, निवासी गैला दुधिला, थाना रुद्रपुर, जनपद देवरिया का पार्थिव शरीर चंडीगढ़ से उनके पैतृक गांव ले जाया जा रहा था।

दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से कुमर राय को राजद ने दिया टिकट

पटना। राजद के पूर्व प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद के निर्देशानुसार राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव के परामशानुसार प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने बिहार विधान परिषद के दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से कुमर राय को पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है। श्री राय राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं और लगातार शिक्षकों के हित में संघर्ष और आंदोलन किया, साथ ही शिक्षकों की मांगों को हर स्तर पर उठाने का काम करते रहे हैं।

ज्ञानेश के खिलाफ उद्धव-राज ठाकरे का मुंबई में प्रदर्शन

मुंबई। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ रविवार को मुंबई में उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने जॉइंट प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में हजारों लोग शामिल हुए। दोनों नेताओं ने मेट्रो स्टेशन से शुरू होकर महानगरपालिका भवन तक मार्च निकाला। उद्धव की शिवसेना यूबीटी और राज ठाकरे की मनसे पार्टी ने चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की है।

तमिलनाडु समेत 4 राज्यों में उपचुनाव के लिए प्रचार खत्म

नई दिल्ली। तमिलनाडु की मदुरांतकम और धारापुरम विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का प्रचार रविवार को खत्म हो गया। दोनों सीटें रउ के लिए आरक्षित हैं और यहां पांचतरफा मुकाबला है। सत्तारूढ़ टीवीके के संस्थापक और मुख्यमंत्री जोसेफ सी. विजय ने धारापुरम में तीन घंटे से ज्यादा लंबा रोड शो किया।

अनंत सिंह और नीरज कुमार के बीच गहराया विवाद

नीतीश के लिए गोली खाई, अब पार्टी रहे चाहे जाए : अनंत सिंह

निशांत कुमार और उमेश कुशवाहा ने एमएलसी प्रत्याशी का किया समर्थन

पटना (एनएसबी)। पटना स्नातक सीट पर एमएलसी चुनाव को लेकर जदयू विधायक अनंत सिंह ने अपनी ही पार्टी के उम्मीदवार नीरज कुमार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने ऐलान किया है कि वो पीके के उम्मीदवार अनुज सिंह को जिताएंगे।



कहा-ललन सिंह को जिम्मेदारी देने वाले खुद क्यों नहीं लेते

इसके लिए बकायदा वो रोड शो भी कर रहे हैं। अनंत सिंह ने कहा है कि मैं नीतीश कुमार को मानता हूं। उन्होंने बिहार को बनाया है। मैं उनका दीवाना हूं। उनके लिए 9 लोगों की कुर्बानी दी। गोली तक खाई। लेकिन पार्टी में नीति है तो अब न्याय हो। मैं जब विधानसभा का चुनाव लड़ रहा था तब नीरज ने क्या-क्या नहीं किया। तब पार्टी कहां थी। अगर नियम है तो सबके लिए बराबर हो। वरना पार्टी रहे या ना रहे। मैं किसी का कर्मचारी नहीं हूं। अनंत ने कहा कि मैं कोई प्रधानामंत्री थोड़े बन रहा हूं। राजनीति में कभी कमाने नहीं आया। मैंने आज तक एक लाइसेंस तक नहीं लिया। पार्टी के किसी नेता ने मुझे मनाया नहीं है। मैं देखना चाहता हूं कि पार्टी क्या तर्क देकर मुझे मनाती है। इधर, नीतीश कुमार के बेटे और स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने नीरज का समर्थन किया है। उन्होंने कहा है कि पार्टी नीरज को उम्मीदवार बनाया है। वो कर्मठ और समाजवादी नेता हैं। निशांत ने नीरज कुमार को जिताने की अपील की है। पार्टी नीरज कुमार के साथ है। इधर जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने दावा किया है कि एमएलसी चुनाव में एनडीए की जीत होगी। जब उनसे अनंत सिंह को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व देख रहा है। अनंत सिंह जो कर रहे हैं, वो गलत है। बताते चले पटना स्नातक सीट पर जदयू विधायक अनंत सिंह और नीरज कुमार के बीच विवाद अब गहराता जा रहा है। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने इस विवाद को सुलझाने की जिम्मेदारी केंद्रीय मंत्री ललन सिंह को दी है, क्योंकि यह मामला उनके इलाके का है। इस पर अनंत सिंह ने कहा जो ललन सिंह को जिम्मेदारी दे रहे हैं, वो खुद जिम्मेदारी क्यों नहीं लेते। वो तो बड़े पद पर हैं।

राज्य में 6 महीने में आएगा भयंकर वित्तीय संकट : तेजस्वी यादव



पटना (एनएसबी)। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व राजद नेता तेजस्वी यादव ने राज्य की बाढ़, फसल नुकसान, बेरोजगारी, महंगाई और कानून-व्यवस्था को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बिहार में किसानों की फसल को भारी नुकसान हुआ है, लेकिन अब तक उन्हें मुआवजा नहीं मिला। हमने कई बार मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक को पत्र लिखा और बात भी की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

तेजस्वी ने आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव है तो भाजपा को बिहार के लोग याद आते हैं और चुनाव खत्म होते ही उन्हें भूल जाते हैं। हालांकि, सरकार की ओर से किसानों के फसल नुकसान के लिए कृषि इनपुट अनुदान की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। सितंबर में प्रभावित किसानों से आवेदन भी लिए गए थे।

नेता प्रतिपक्ष ने बाढ़, बेरोजगारी व महंगाई पर सरकार को घेरा

तेजस्वी ने कहा कि आज ही आप लोगों को बता देते हैं कि आने वाले छह महीने में बिहार की स्थिति और भी बदतर होने वाली है। महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी और बढ़ता अपराध चरम पर है। आने वाले समय में कानून व्यवस्था और अपराध का ग्राफ और बढ़ेगा। तेजस्वी ने कहा कि बिहार में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। उससे लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। प्रधानमंत्री को इसकी फिक्र नहीं है। तेजस्वी ने सीएम सम्राट पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि सम्राट चौधरी ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जिनको कुछ ज्ञान ही नहीं है। डबल इंजन की सरकार कहती है कि बहुत तेजी से विकास करेंगे, लेकिन विकास कहां हो रहा है? कौन सा विकास हो रहा है? जब से सरकार बनी है, एक काम बता दीजिए जो सरकार ने किया हो। तेजस्वी ने चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर भी गंभीर आरोप लगाए। कहा कि चुनाव आयोग और ज्ञानेश कुमार का केवल यही काम है कि भाजपा को फजीर्वाड़ा करके, फर्जी चुनाव कराकर चुनाव जितवाया जाए। इसी वजह से ज्ञानेश कुमार को प्रोटेक्ट किया गया है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि पहले एक साल तक वोट का रिकॉर्ड रखना होता था, उसे 45 दिन का क्यों कर दिया गया? चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया पहले मुख्य चुनाव आयुक्त के चयन वाले पैनल में होते थे। उन्हें हटाकर केंद्रीय मंत्री को पैनल में रखा गया।

मोकामा में राजेंद्र पुल के समानांतर नए रेल पुल से जल्द दौड़ेंगी ट्रेनें



महाप्रबंधक ने नए रेल पुल पर प्री-एनआइ कार्यों का निरीक्षण किया

हाजीपुर (एनएसबी)। रेल संरक्षा आयुक्त, पूर्वी सर्किल कोलकाता गुरु प्रकाश द्वारा दिनांक 03.10.2026 एवं 04.10.26 को माल और यात्री परिवहन के लिए बनाए गए नवनिर्मित पुल (राजेंद्रपुल-हाथीदह ऊपर) और विद्युतीकरण के साथ दोहरीकरण का निरीक्षण किया गया। सी आरएस से प्राधिकार प्राप्त होते ही इस नवनिर्मित पुल से परिचालन संभव हो गया है. मोकामा (बिहार) में गंगा नदी पर नवनिर्मित नए रेल पुल के चालू हो जाने से उत्तरी बिहार और दक्षिणी बिहार को रेल मार्ग से जोड़ने में एक अतिरिक्त मार्ग उपलब्ध हो गया जिससे रेल परिचालन में काफी सुविधा होगी ।

2400 करोड़ रूपए की लागत से बने इस नये रेल पुल को वर्तमान राजेन्द्र पुल के समानान्तर एवं पटना छोर की तरफ वर्तमान पुल से 50 मीटर की दूरी पर बनाया गया है। इस पुल पर दोहरी रेल लाइन का निर्माण किया गया है। यह प्रोजेक्ट लगभग 15.5 किमी की कुल लंबाई में फैला है, जिसमें 1.9 किमी का गंगा नदी पर मुख्य पुल शामिल है। इस पुल में गंगा नदी पर 17 स्टील स्पैन हैं तथा 3.6 किमी के रेल वायडक्ट शामिल हैं। मुख्य पुल के साथ ही 08 लघु पुल, 02 सड़क उपरि पुल तथा 03 रेल ओवर रेल का निर्माण भी किया गया है। नये पुल की निर्माण योजना इस तरह बनायी गयी है कि वर्तमान पुल के एप्रोच में कम से कम परिवर्तन करना पड़े । नवनिर्मित नये पुल के दोनों छोर के स्टेशन, वर्तमान पुल के दोनों छोर के स्टेशनों से ही जुड़े होंगे अर्थात वर्तमान में उत्तर में स्थित हाथीदह, टाल एवं रामपुर डुमरा स्टेशनों तथा दक्षिण में स्थित राजेन्द्रपुल तथा बरौनी स्टेशनों से ही जुड़े हैं। नवनिर्मित डबल लाइन के साथ-साथ वर्तमान में चल रहे पुराने राजेंद्र सेतु से भी रेलवे परिचालन जारी रहेगा।

सारण : चाकूबाजी में तीन युवकों की हत्या

मामूली विवाद के बाद हुई चाकूबाजी से मचा हड़कंप, एक घायल, पटना रेफर



एकमा (एनएसबी)। एकमा थाना क्षेत्र में शनिवार देर शाम मामूली विवाद को लेकर हुई चाकूबाजी की अलग-अलग घटनाओं में तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। वहीं किसी अन्य मामले में घायल युवक को एकमा सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर किया गया है। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। हालांकि पुलिस द्वारा इस बात को लेकर अभी स्पष्ट नहीं किया गया है कि एकमा थाना क्षेत्र के पचुआ जिरात निवासी हरेंद्र कुमार के घायल 20 वर्षीय पुत्र अरविंद कुमार के घायल होने का संबंध उक्त घटना से है अथवा नहीं!!

मृतकों की पहचान छपरा शहर के काशी बाजार निवासी बाला यादव के पुत्र अंकुर पटेल उर्फ धोनी, पचुआ पंचायत के जिरात पर निवासी विजय यादव के 24 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार और सिवान जिले के महाराजगंज थाना क्षेत्र के बंगरा गांव निवासी ध्रुव यादव के 28 वर्षीय पुत्र रवीश यादव के रूप में हुई है। घायल विनोद कुमार के पुत्र विवेक कुमार का गंभीर स्थिति में एकमा के एक निजी अस्पताल से छपरा सदर अस्पताल और सदर हॉस्पिटल छपरा से पीएमसीएच पटना बेहतर इलाज के लिए गंभीर स्थिति में रेफर किया गया है। वही इस बात को लेकर स्पष्ट नहीं हुआ है कि शनिवार की देर रात एकमा थाना क्षेत्र के पचुआ टोला जिरात पर निवासी हरेंद्र कुमार के 20 वर्षीय पुत्र अरविंद कुमार को ड्यूटी पर तैनात डा इरफान अहमद का स्वास्थ्य कर्मियों की मदद से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर किया गया। बहरहाल, स्पष्ट नहीं हो पाया है कि घायल अरविंद कुमार का संबंध जिरात पर की चाकूबाजी में मौत की घटना से है अथवा नहीं!

मामा के घर आया था अंकुर

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार अंकुर पटेल एक दिन पहले अपने मामा के घर परसागढ़ उत्तरी पंचायत में आया था। इसी दौरान किसी बात को लेकर कुछ युवकों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद चाकूबाजी में बदल गया। घटना में कई युवक घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए एकमा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसी दौरान अस्पताल परिसर में भी दोबारा चाकूबाजी होने की बात सामने आई है।



मृतक रविश कुमार और मुकेश कुमार की फाइल फोटो

इलाज के दौरान तीन युवकों ने तोड़ा दमः चाकूबाजी में गंभीर रूप से घायल अंकुर पटेल की मौत एकमा के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई। वहीं मुकेश कुमार और रवीश यादव को गंभीर हालत में छपरा सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने घटनास्थल और एकमा स्थित निजी अस्पताल का शनिवार रात को ही जांच की। घटना की सूचना मिलने के बाद सदर एसडीपीओ-2 एकमा प्रेमचंद सिंह और एकमा थानाध्यक्ष रामबालक यादव पुलिस बल के साथ निजी अस्पताल पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने अस्पताल परिसर में घटना से जुड़े लोगों से जानकारी ली और घटनास्थल का भी निरीक्षण किया।

नालंदा में दंपत्ति समेत छह की डूबने से मौत



मृतकों में 4 बच्चे भी शामिल

नालंदा (एनएसबी)। नालंदा जिले में जिउतिया पर्व के दिन नदी में स्नान के दौरान डूबने से एक दंपत्ति और चार बच्चों समेत कुल छह लोगों की मौत हो गई। घटना अस्थावां, दीपनगर, मानपुर और छबीलापुर थाना क्षेत्रों की है। पर्व की खुशियां अचानक मातम में बदल गई। जिस मां ने अपने बच्चे की लंबी उम्र की कामना से व्रत रखा था, उसी दिन तीन बच्चों की मौत से गांव और परिवार में कोहराम मच गया.घटनाओं की सूचना मिलते ही संबंधित थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय गोताखोरों की मदद से शवों को निकाला गया और कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया गया. पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

वोटरों का अधिकार छीनना संवैधानिक उल्लंघन : भुइयां



कोई अथॉरिटी या अदालत इसे मंजूरी नहीं दे सकती संविधान नागरिकों के दो वर्गों की व्यवस्था नहीं करता

हैदराबाद (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने रविवार को ऐसी किसी भी प्रकिया को संवैधानिक उल्लंघन बताया, जिससे बड़ी संख्या में भारतीय नागरिकों का वोट देने का अधिकार छिन जाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोई भी अथॉरिटी ऐसा नहीं कर सकती, कोई भी अदालत इसे मंजूरी नहीं दे सकती। जस्टिस भुयान ने हैदराबाद में एक भाषण में कहा कि भारतीय संविधान नागरिकों के दो वर्गों की व्यवस्था नहीं करता है। वोट देने के अधिकार वाले नागरिक और बिना वोट देने के अधिकार वाले नागरिक। उन्होंने कहा कि अगर किसी प्रक्रिया से लाखों भारतीय नागरिक वोट देने के अधिकार से वंचित हो जाते हैं, यानी उन्हें अपने ही देश में दूसरे दर्जे का नागरिक बना दिया जाता है, जिनके पास वोट देने का अधिकार नहीं है, तो ऐसी प्रक्रिया अपने आप में मनमानी है। किसी भी तरह के तर्क या बहाने से इसे सही नहीं ठहराया जा सकता, यह संविधान की मूल भावना पर प्रहार करती है। ऐसी प्रक्रिया को संविधान के अनुच्छेद 14 और 326 का उल्लंघन- जस्टिस भुइयां उन्होंने ऐसी प्रक्रिया को संविधान के अनुच्छेद 14 (जो समानता के अधिकार की गारंटी देता है) और अनुच्छेद 326 (जो सभी वयस्कों को वोट देने का अधिकार देता है) का उल्लंघन बताया। उन्होंने आगे कहा कि मैं तो यहां तक कहूंगा कि यह उस संवैधानिक व्यवस्था का उल्लंघन है जिसे हमने भारत के संविधान के तहत अपनाया है। हालांकि, उन्होंने अपने भाषण में किसी खास प्रक्रिया या अथॉरिटी का नाम नहीं लिया।

गंडक तटबंधों की सुरक्षा में लापरवाही पर 8 इंजीनियर निलंबित

पटना (एनएसबी)। गंडक नदी में रिकॉर्ड तोड़ जलस्राव के दौरान तटबंधों की सुरक्षा एवं आकस्मिक प्रतिक्रिया में लापरवाही बरतने वाले जल संसाधन विभाग के आठ अभियंताओं के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई शुरू की गई है। इनमें सात अभियंताओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए विभागीय कार्यवाही का निर्देश दिया गया है। एक मुख्य अभियंता एवं एक अधीक्षण के विरुद्ध भी विभागीय कार्यवाही शुरू करने का आदेश दिया गया है। जल संसाधन विभाग के अनुसार, नेपाल एवं उत्तर प्रदेश में हुई भारी वर्षा के कारण गंडक में ऐतिहासिक जलस्राव हुआ। नेपाल के देवघाट में नदी का जलस्तर अब तक के उच्चतम स्तर को पार कर गया। बिहार में भी बगहा, डुमरियाघाट, रेवाघाट एवं लालगंज में गंडक ने पुराने उच्चतम जलस्तर का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इससे कई स्थानों पर तटबंध क्षतिग्रस्त हुए। विभागीय निरीक्षण में पाया गया कि आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए बनाई गई कार्ययोजना के क्रियान्वयन में कुछ स्थानीय अभियंताओं ने शिथिलता बरती। कई स्थानों पर बीच स्थल पर मौजूद रहकर कट-एंड को सुरक्षित करने के बजाय इंजीनियर अपने दायित्व से कन्नी काट गए।

बिहार में प्रशासनिक फेरबदल

नवल किशोर बने राज्य स्वास्थ्य समिति ईडी



अमित पांडेय राजस्व एवं भूमि सुधार अपर सचिव

पटना (एनएसबी)। बिहार सरकार ने रविवार को प्रशासनिक स्तर पर फेरबदल करते हुए भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के दो अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, नवल किशोर चौधरी और अमित कुमार पांडेय के विभागीय दायित्वों में बदलाव किया गया है। दोनों अधिकारियों को उनके नए पदों पर तत्काल प्रभाव से पदस्थापित किया गया है। अधिसूचना के मुताबिक, 2013 बैच के आईएएस अधिकारी नवल किशोर चौधरी को बिहार राज्य संचरण कंपनी लिमिटेड, पटना के प्रबंध निदेशक पद से स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के कार्यपालक निदेशक के पद पर पदस्थापित किया गया है। चौधरी नगर विकास एवं आवास विभाग में विशेष सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल रहे थे। नई पदस्थापना के साथ उन्हें नगर विकास एवं आवास विभाग के विशेष सचिव के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। इसी तरह, 2014 बैच के आईएएस अधिकारी अमित कुमार पांडेय को राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के कार्यपालक निदेशक पद से स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में अपर सचिव के पद पर पदस्थापित किया गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि अमित कुमार पांडेय स्वास्थ्य विभाग में अपर सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल रहे थे। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद उन्हें स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। राज्य सरकार की ओर से जारी इस प्रशासनिक बदलाव को स्वास्थ्य, राजस्व और भूमि सुधार जैसे महत्वपूर्ण विभागों में जिम्मेदारियों के पुनर्संयोजन के तौर पर देखा जा रहा है।

रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म कराने के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहा भारत : एस जयशंकर



विदेश मंत्री जयशंकर ने रूस-यूक्रेन दोनों से बात की

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने रविवार को कहा कि यूक्रेन युद्ध के समाधान के लिए उसने सिर्फ पैरवी करने से आगे बढ़कर हाल के महीनों में अपने प्रयास तेज कर दिए हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत ने कीव और मॉस्को दोनों से बातचीत की है। उन्होंने पहली बार इस बात को सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि लंबे समय से चल रहे इस युद्ध को खत्म कराने में नई दिल्ली की क्या भूमिका है। म्यूनिख लीडर्स मीटिंग में जयशंकर की ये टिप्पणियां रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के उस बयान के कुछ दिनों बाद आई हैं, जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास इस युद्ध का ऐसा समाधान तलाशने के अच्छे विचार हैं, जो पारस्परिक रूप से स्वीकार्य हों।

खबरें : एक नजर में

डेहरी के लाल डा. प्रिय रंजन : नेतरहाट से मैरीलैंड तक की एक प्रेरणादायी बौद्धिक यात्रा, बिहार की धरती ने एक और प्रतिभाशाली सपूत खो दिया



डा. प्रिय रंजन (फाइल फोटो)।

पटना (दैनिक नवसंदेश)। डेहरी-ऑन-सोन के मूल निवासी और स्व. दशरथ सिंह के ज्येष्ठ पुत्र डा. प्रिय रंजन का 2 अक्टूबर को भुवनेश्वर में निधन हो गया।

डा. रंजन का जीवन असाधारण प्रतिभा, कठिन परिश्रम और वैश्विक दृष्टिकोण का संगम था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा बिहार के सबसे प्रतिष्ठित आवासीय विद्यालय, नेतरहाट में हुई, जहाँ से राज्य के सबसे मेधावी छात्र निकलते हैं। नेतरहाट की कड़ी अनुशासन और अकादमिक नींव ने ही उन्हें देश के सर्वोच्च तकनीकी संस्थान तक पहुँचाया।

उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान , खड़गपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिग्री प्राप्त की। यह वह दौर था जब आईआईटी में प्रवेश और उसमें भी इलेक्ट्रिकल जैसी कठिन शाखा में सफलता, असाधारण गणितीय और विश्लेषणात्मक क्षमता का प्रमाण मानी जाती थी।

इसके बाद उन्होंने उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका के प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड, कॉलेज पार्क से पीएचडी पूरी की। वहाँ उन्होंने समर्थित उन्नत शोध परियोजनाओं पर कार्य किया। यह वही शोध परिवेश है जिसने आज के इंटरनेट और नेटवर्क आधारित आधुनिक तकनीकों की बुनियाद रखी।

जड़ें डेहरी में, सोच वैश्विक। सफलता के शिखर पर पहुँचने के बाद भी वे डेहरी और बिहार से जुड़े रहे। उनके व्यक्तित्व में नेतरहाट की सादगी, आईआईटी की तार्किकता और एक वैज्ञानिक की उदारता का अद्भुत संगम था।

वे अपने पीछे वृद्ध माता जी, तीन भाई और दसवीं कक्षा में पढ़ रहे एक पुत्र को छोड़ गए हैं। उनके छोटे भाई अमेरिका में रहते हैं।

उनके निधन पर वरिष्ठ पत्रकार पुष्पराज, मैग्सेसे पुरस्कार विजेता डा. संदीप पांडे, मानवाधिकार कार्यकर्ता संतोष उपाध्याय, जया सांकृत्यायन, कालेन्द्र वर्मा और प्रोफेसर हरेंद्र मिश्र सहित शिक्षा, पत्रकारिता और सामाजिक क्षेत्र की अनेक हस्तियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

डेहरी ने एक होनहार बेटे को खोया है, लेकिन उनकी शैक्षणिक यात्रा आने वाली पीढ़ियों को यह बताती रहेगी कि एक छोटे शहर से निकलकर भी विश्वस्तरीय शोध तक पहुँचा जा सकता है।

सड़क हादसे में घायल रेलवे उद्घोषक की इलाज के दौरान मौत, पसरा मातम

खुसरूपुर / पटना (दैनिक नवसंदेश)। थाना क्षेत्र के फतुहा-बख्तियारपुर स्टेट हाईवे पर मौसीमपुर गांव के समीप शनिवार की देर रात सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इलाज के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान सालिमपुर थाना क्षेत्र के नरौली निवासी सदन कुमार सिंह के 20 वर्षीय पुत्र सागर सिंह के रूप में की गई है। वह खुसरूपुर रेलवे स्टेशन पर आउटसोर्सिंग के तहत उद्घोषक का काम करता था। रविवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सागर शनिवार की रात अपने गांव से पैदल ही सड़क मार्ग से ड्यूटी करने खुसरूपुर स्टेशन आ रहा था। इसी दौरान मौसीमपुर गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी और चालक वाहन लेकर फरार हो गया। देर रात गश्त कर रही स्थानीय पुलिस की नजर जब लहूलुहान हालत में पड़े युवक पर पड़ी, तो उन्होंने तुरंत उसे इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। पीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए एनएमसीएच रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस अज्ञात वाहन और उसके चालक का पता लगाने के लिए मामले की छानबीन में जुट गई है।

एक्सीडेंट में अज्ञात व्यक्ति जख्मी

पटना (दैनिक नवसंदेश)। रविवार को एक व्यक्ति उम्र लगभग पचास वर्ष है, अटल पथ - दीघा गोलंबर के बगल में मुसहरी के पास इनका एक्सीडेंट हो गया । उनके पास से कोई मोबाइल या किसी परिजन का नंबर प्राप्त नहीं हो पाया , उन्हें लेकर पीएमसीएच के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। पुलिस पहचान के लिए अन्य थाना से सम्पर्क कर रही है।

जमाबंदी शुद्धीकरण एवं उत्तराधिकार नामांतरण अभियान की लगातार की जा रही मॉनिटरिंग

सचिव प्रतिदिन अभियान की प्रगति की खुद कर रहे समीक्षा

पटना (दैनिक नवसंदेश)। जमाबंदी अद्यतीकरण एवं उत्तराधिकार नामांतरण के लिए चलाए जा रहे 45 दिवसीय विशेष अभियान की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। अभियान की जमीनी प्रगति का जायजा लेने के लिए तीसरे शनिवार को भी राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के 10 अधिकारी 10 जिलों के 20 अंचल कार्यालयों में पहुंचे। अधिकारियों ने अंचल स्तर पर अभियान की प्रगति, अनलाइन सेवाओं के निष्पादन और अभिलेखों के रख-रखाव की स्थिति की जांच की।

विभाग के सचिव जय सिंह द्वारा अभियान की प्रगति की प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है। अंचल स्तर पर उपलब्ध कराई गई अधूरी जमाबंदियों के शुद्धीकरण, मृत रैयतों के वैधानिक उत्तराधिकारियों के नामांतरण तथा लंबित मामलों के निष्पादन को लेकर अधिकारियों से लगातार प्रगति रिपोर्ट ली जा रही है। विभागीय स्तर से जिलों और अंचलों में अधिकारियों को भेजकर जमीनी स्थिति की भी नियमित जांच कराई जा रही है।

शनिवार को किए गए निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने



सचिव जय सिंह।

तीसरे शनिवार को भी जिलों में पहुंचे राजस्व मुख्यालय के 10 अधिकारी

यह देखा कि अंचल कार्यालयों में उपलब्ध कराई गई अधूरी जमाबंदियों में रकबा, खाता, खेसरा, लगान एवं अन्य विवरणों का अभिलेख से मिलान कर सुधार किया जा रहा है या नहीं। मृत जमाबंदी धारकों के मामलों में उनके वैधानिक उत्तराधिकारियों की पहचान एवं नामांतरण की कार्रवाई की भी समीक्षा की गई।

साथ ही ऑनलाइन सेवाओं के समयबद्ध निष्पादन, अभिलेखागार के रखरखाव तथा नवंबर में वासभूमिहीन परिवारों को पर्चा निर्गत करने की तैयारियों का भी जायजा लिया गया। निरीक्षण के बाद संबंधित अंचल अधिकारियों को अभियान के निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करने तथा विभाग को रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

कैमूर के भभुआ एवं मोहनिया अंचल का निरीक्षण अपर सचिव डा. महेन्द्र पाल ने किया। औरंगाबाद के गोह एवं हसपुरा अंचल का निरीक्षण अपर सचिव आजीव वत्सराज ने किया। मुजफ्फरपुर के मुशहरी एवं मोतीपुर अंचल का निरीक्षण संयुक्त सचिव डा. सुनील कुमार तथा पूर्वी चंपारण के चकिया एवं मेहसी अंचल का निरीक्षण संयुक्त सचिव संजय कुमार सिंह ने किया।

समस्तीपुर के समस्तीपुर सदर एवं पूसा अंचल का निरीक्षण विशेष कार्य पदाधिकारी मणि भूषण किशोर ने किया। पटना के दानापुर एवं मनेर अंचल का निरीक्षण उप निदेशक, सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग श्रीमती मोना झा ने किया। दरभंगा के सिंघवाड़ा एवं केवटी अंचल का निरीक्षण विशेष कार्य पदाधिकारी मो़ नवाजिश अख्तर ने किया। मधुबनी के मधुबनी सदर एवं पंडौल अंचल का निरीक्षण उप सचिव श्री अविनाश कुमार ने किया। सहरसा के सिमरी बख्तियारपुर एवं बनमा इटहरी अंचल का निरीक्षण उप निदेशक, कृषि गणना अशोक कुमार शर्मा ने किया।

बुद्ध मार्ग में बनेगा बहुमंजिला विद्या भवन

एक छत के नीचे आएगा शिक्षा विभाग

अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा

पटना (दैनिक नवसंदेश)। शिक्षा विभाग की तमाम गतिविधियां अब एक ही परिसर से संचालित करने की दिशा में पहल शुरू हो गई है। बुद्ध मार्ग स्थित टेक्स्ट बुक कार्यालय परिसर में बहुमंजिला विद्या भवन (शिक्षा भवन) का निर्माण कराया जाएगा। प्रस्तावित भवन को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा और इसकी डिजाइन इस तरह तैयार की जाएगी कि वर्तमान के साथ-साथ भविष्य में विभाग की बढ़ती जरूरतों को भी पूरा किया जा सके।

विद्या भवन के निर्माण के बाद शिक्षा विभाग के विभिन्न कार्यालयों और निदेशालयों को एक ही भवन में स्थान मिल सकेगा। इससे विभागीय कामकाज को एक स्थान पर समेकित करने में मदद मिलेगी। भवन के निर्माण में गुणवत्ता के मानकों का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

विद्या भवन को केवल वर्तमान कार्यालयी जरूरतों को ध्यान में रखकर नहीं बनाया जाएगा, बल्कि आने वाले वर्षों में शिक्षा विभाग के विस्तार और कार्यप्रणाली में होने वाले बदलावों को भी ध्यान में रखा जाएगा। भवन की डिजाइन, कार्यालयों की व्यवस्था और उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं को इसी आधार पर विकसित किया जाएगा।

आधुनिक आधारभूत सुविधाओं से युक्त यह भवन शिक्षा विभाग के लिए एक केंद्रीकृत प्रशासनिक केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इससे विभाग की विभिन्न गतिविधियों को एक ही स्थान से संचालित करने की व्यवस्था तैयार होगी।

भाजपा विधायक राजू सिंह की सदस्यता अब तक रद्द क्यों नहीं हुई, बिहार विधानसभा अध्यक्ष जवाब दें : दीपंकर भट्टाचार्य

पटना (दैनिक नवसंदेश)। भाकपा-माले महासचिव कॉमरेड दीपंकर भट्टाचार्य ने साहेबगंज, मुजफ्फरपुर से भाजपा विधायक राजू सिंह की विधानसभा सदस्यता को लेकर बिहार विधानसभा अध्यक्ष की भूमिका पर सवाल उठाया है।

उन्होंने कहा कि राजू सिंह को 4 जुलाई 2026 को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा दोषी करार दिए जाने के तीन महीने बीत चुके हैं, लेकिन अब तक उनकी विधानसभा सदस्यता समाप्त नहीं की गई है। आखिर विधानसभा अध्यक्ष इस मामले में अब तक निर्णय क्यों नहीं ले रहे हैं



भाकपा-माले महासचिव कॉमरेड दीपंकर भट्टाचार्य

कॉमरेड दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि भाकपा माले विधायक कॉमरेड मनोज मंजिल के मामले में बिल्कुल अलग रवैया देखने को मिला था। 12 फरवरी 2024 को उन्हें दोषी करार दिए जाने के बाद तत्काल उनकी विधानसभा सदस्यता समाप्त कर दी गई थी। इसके बाद अगिआंव (एससी) विधानसभा क्षेत्र में 2024 के लोकसभा चुनाव के साथ ही उपचुनाव भी करा दिया गया था।

उन्होंने सवाल उठाया कि एक ही विधानसभा में दोषसिद्धि के मामलों में अलग-अलग मापदंड क्यों अपनाए जा रहे हैं।

यदि कानून और संवैधानिक प्रावधान सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों पर समान रूप से लागू होते हैं, तो भाजपा विधायक राजू सिंह के मामले में तीन महीने बीत जाने के बाद भी विधानसभा अध्यक्ष की ओर से कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई।

दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष को इस मामले में स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए और बताना चाहिए कि राजू सिंह की सदस्यता पर अब तक निर्णय क्यों लंबित है।

लोकतंत्र में कानून का समान और निष्पक्ष अनुप्रयोग होना चाहिए। किसी व्यक्ति की राजनीतिक पहचान या पार्टी के आधार पर अलग-अलग मानदंड नहीं हो सकते।

शिक्षक राष्ट्र निर्माता है इनका सम्मान करना आवश्यक : संतोष सुमन



शैक्षिक गोष्ठी सह शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।

पटना (दैनिक नवसंदेश)। अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के पूर्व संध्या पर सुभाष पार्क के दक्षिण स्थित पटना के इंडियन मेडिकल एसोसिएशन हॉल में अखिल भारतीय शैक्षिक संघ के तत्वावधान में दिनांक 4 अक्टूबर 2026 को पूर्वाहन 10 बजे से संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्तर की शैक्षिक गोष्ठी सह शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें देश भर से सैकड़ो शिक्षक प्रतिनिधि भाग लिए। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार सरकार के लघु सिंचाई मंत्री संतोष कुमार सुमन ने किया।

मुख्य अतिथि के रूप में जहानाबाद से कई बार सांसद रह चुके शिक्षाविद डॉक्टर अरुण कुमार एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह सदस्य कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति बिहार सरकार डा अनिल कुमार तथा प्रोफेसर डीएन सिंह विभागाध्यक्ष पटना विश्वविद्यालय मिथिलेश शर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष घनश्याम प्रसाद यादव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय शैक्षिक संघ नव कुमार कर्मकार श्रीमती संध्या प्रधान महिला संयुक्त सचिव राष्ट्रीय महासचिव अखिल भारतीय शैक्षिक संघ शैलेंद्र कुमार सिंह उर्फ शेलू जी राष्ट्रीय संयुक्त सचिव मनोज कुमार राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष प्रेमचंद्र राष्ट्रीय कोषांग सचिव ने मुख्य रूप से अपना व्याख्यान दिया।

पितृपक्ष मेला में गोविंद के भजन सुनकर भावविभोर हुए श्रद्धालु

सोनपुर / पटना (दैनिक नवसंदेश)। ज्ञान एवं मोक्ष की भूमि गया जी में चल रहे पितृपक्ष मेला महासंगम के अवसर शनिवार की शाम सोनपुर के सुप्रसिद्ध सुगम संगीत के गायक गोविंद वल्लभ ने अपनी भजनों की प्रस्तुति से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। बिहार सरकार के पर्यटन विभाग, कला, संस्कृति विभाग एवं गया जी जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में विष्णुपद मंदिर प्रांगण में बने मुख्य मंच से गायक गोविन्द वल्लभ ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति कर कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। उन्होंने अपने कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से की। उसके बाद गायक गोविंद वल्लभ ने लोकप्रिय भजन कभी प्यासे को पानी पिलाया नहीं, बाद अमृत पिलाने से क्या फायदा, नहीं चाहिए दिल दुखाना किसी का, मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है, चर्चित भजन मैंने तेरे ही भरोसे हनुमान, सागर में नैया डाल दई और अंत में श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी, हे नाथ नारायण वासुदेवा की प्रस्तुति कर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम की श्रोताओं ने खूब तारीफ की। इनके साथ बैंजो पर कामख्या नारायण एवं ढोलक पर रंजीत कुमार शानदार तरीके से संगत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया।



सुगम संगीत के गायक गोविंद वल्लभ।

स्वास्थ्य प्रणाली मजबूती के लिए राज्यस्तरीय कार्यशाला आयोजित

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार में लगातार बदल रहे जलवायु पैटर्न, भीषण बाढ़, जानलेवा लू (हीटवेव) और मौसमी बीमारियों के प्रकोप से ग्रामीण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इस गंभीर चुनौती से मुकाबले के लिए अब सामुदायिक स्तर पर सुदृढ़ पहल तेज हो गई है। पटना स्थित ए एन् सिन्हा सामाजिक अध्ययन संस्थान में घघरडीहा प्रखंड स्वराज्य विकास संघ , मधुबनी के तत्वावधान में जलवायु समर्थ स्वास्थ्य प्रणाली को मुख्यधारा में लाने में आयुष की भूमिका विषय पर एक राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित किया गया । इसमें राज्यभर के विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों के 50 से अधिक प्रतिनिधियों , आयुर्वेद विशेषज्ञों, चिकित्सकों और राज्य आयुष समिति के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।



आयुष की भूमिका विषय पर एक राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित किया गया ।

कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में संस्था के अध्यक्ष रमेश कुमार ने कहा कि बाढ़, लू और मच्छर जनित बीमारियाँ बिहार के गाँवों में हर साल गंभीर रूप लेती जा रही हैं। यदि महिलाओं की अगुवाई में समुदाय, पंचायत और स्वास्थ्य कार्यकर्ता मिलकर काम करें और इसमें आयुष की पारंपरिक समझ को जोड़ दिया जाए, तो हमारे गाँव इन खतरों का डटकर मुकाबला कर सकते हैं।

इस कार्यक्रम में डा. धनंजय शर्मा (राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, राज्य आयुष समिति, बिहार), डा. शिव मंगल मिश्र (उप निदेशक, आयुष, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार, सेवानिवृत्त), डा. अशोक दुबे, डा. शिवादित्य ठाकुर, डा. (प्रो.) कुमारी उमा पाण्डेय, डा. उषा मिश्रा और डा. रोहित सहित कई विशिष्ट अतिथियों ने अपनी बातें रखी ।

तकनीकी सत्र : कार्यक्रम के पहले तकनीकी सत्र में डा अजय कुमार झा और प्रशांत कुमार सिंह ने संस्था के अनुभवों को साझा किया। संस्था विगत 3 वर्षो से बिहार के 8 जिलों के 100 गाँवों में यह पहल चला रही है। राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल, पटना की प्राचार्य डा. (प्रो) कुमारी उमा पाण्डेय ने आयुष में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला।

डा. शिवादित्य ठाकुर, डा. रोहित , डा. धनंजय शर्मा, डा. अशोक , डा. उषा मिश्रा, डा. शिव मंगल मिश्र ने बेहतर स्वास्थ्य के लिए अपने विचार रखे। दीपक शर्मा ने विस्तारपूर्वक जलवायु समर्थ स्वास्थ्य प्रणाली पर अपनी बातें रखी । कार्यक्रम का समापन अरुण कुमार एवं सुनील कुमार द्वारा प्रस्तुत आगे की रूपरेखा और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

संस्था के अध्यक्ष रमेश कुमार ने कहा कि बाढ़, लू और मच्छर जनित बीमारियाँ बिहार के गाँवों में हर साल गंभीर रूप लेती जा रही हैं। यदि महिलाओं की अगुवाई में समुदाय, पंचायत और स्वास्थ्य कार्यकर्ता मिलकर काम करें और इसमें आयुष की पारंपरिक समझ को जोड़ दिया जाए, तो हमारे गाँव इन खतरों का डटकर मुकाबला कर सकते हैं।

6 अक्टूबर को मुख्यमंत्री के समक्ष प्रदर्शन की तैयारी

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बकाया मानदेय का भुगतान अविलंब भुगतान, मध्याह्न भोजन योजना में एनजीओ के विस्तार को रोकने, रसोइयों को सरकारी कर्मचारी घोषित करने से सहित 13 सूत्रीय मांगो पर 6 अक्टूबर 2026 को मुख्यमंत्री से समक्ष प्रदर्शन किया जाएगा।

बिहार राज्य विद्यालय रसोइया संघ, ऐक्टू के नेतृत्व में 13 सूत्रीय मांगों पर मुख्यमंत्री के समक्ष प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन की तैयारी सम्पन्न हो चुकी है। दूर के जिलों की रसोइया कल से ही ट्रेन पकड़ना शुरू कर देंगी। संघ की महासचिव सरोज चौबे ने बताया कि रसोइयों को चार महीने से मानदेय नहीं मिल रहा है और डबल इंजन की सरकार कान में तेल डाल कर बैठी हुई है। उन्होंने बताया कि जुलाई के मध्य में शिक्षा मंत्री के बयान से पता चला कि सरकार अब छोटे प्रखंडों में एक सेंट्रलाइज्ड किचन और बड़े प्रखंडों में दो किचन बनाकर एक ही एजेंसी से भोजन बनवाने और वितरण करवाने की योजना पर काम कर रही है।

खबरें | खास-खास



राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने महावीर कैंसर संस्थान, पटना में रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3250 द्वारा आयोजित कैंसर एवं टीबी जागरूकता व रोकथाम' विषयक सेमिनार के उद्घाटन सत्र में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इन गंभीर बीमारियों से बचाव और इलाज में जागरूकता सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरल भाषा में स्वास्थ्य संबंधी सही जानकारी पहुँचाने तथा हर मरीज की मानवता के भाव से सेवा करने पर जोर दिया।

खुसरूपुर पुलिस ने गांजा, हथियार और शराब के साथ दो आरोपितों को दबोचा, भेजा जेल

खुसरूपुर / पटना (दैनिक नवसंदेश)। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने दो अलग-अलग मामलों में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार, गांजा और देसी शराब के साथ दो युवकों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद रविवार को दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पहली कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर चैनपुर गांव में की गई। पुलिस टीम ने गांव में छापेमारी कर एक युवक को धर दबोचा। तलाशी के दौरान उसके पास से एक किलो गांजा, एक देसी कट्टा, छह जिंदा कारतूस और छह खोखा बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान चैनपुर निवासी विजेंद्र सिंह के 28 वर्षीय पुत्र अजीत कुमार के रूप में की गई है। वहीं, दूसरी कार्रवाई में पुलिस ने बैकठपुर के राजवाड़ा टोला में छापेमारी की। वहां से पुलिस ने कौशलेंद्र गोप के 19 वर्षीय पुत्र शनि कुमार को 40 लीटर देसी शराब के साथ रंगेहाथ गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि अवैध धंधेबाजों के खिलाफ पुलिस का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

पटना यातायात पुलिस की त्वरित कार्रवाई एवं मानवीय पहल

पटना (दैनिक नवसंदेश)। पुनाई चक के समीप एक दुर्घटना में 9 वर्षीय बालक रोहित निवासी आर ब्लॉक, के चेहरे पर गंभीर चोटें आ गईं। घटना के बाद भीड़ का फायदा उठाकर बाइक सवार भाग निकला। घटनास्थल पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए बालक को तुरंत एलएनजेपी अस्पताल पहुँचाया और प्राथमिक उपचार कराया। इलाज के उपरांत बालक को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द आर ब्लाक स्थित उनके आवास पर कर दिया गया। ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक फरार बाइक चालक की पहचान की जा रही है ।



पटना यातायात पुलिस की त्वरित कार्रवाई एवं मानवीय पहल ।

विधान पार्षद ने सीएम को पत्र लिखकर टीचर के हितो को देख कर कार्रवाई की मांग की

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार के उर्दू एवं बांग्ला स्पेशल शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखते हुए विधान पार्षद कारी मो शोहैब ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को को पत्र लिखकर मांग की है कि प्राथमिक शिक्षा निदेशक के पत्र संख्या 2853, दिनांक 01-10-2026 के तहत की जा रही सेवा समाप्ति की कार्रवाई से उन शिक्षकों को अलग रखा जाए, जिनकी नियुक्ति वर्ष 2014 में प्रारंभ हुई । नियोजन प्रक्रिया की निरंतरता में न्यायालयीय आदेश एवं विभागीय निर्देशों के आधार पर वर्ष 2015-16 में हुई थी। इन शिक्षकों ने वर्षों तक राज्य की शिक्षा व्यवस्था में अपनी सेवाएं दी हैं। अनेक शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं, सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण कर विशिष्ट शिक्षक बने हैं तथा कुछ बीपीएससी के माध्यम से प्रधान शिक्षक एवं विद्यालय अध्यापक के पद पर भी नियुक्त हो चुके हैं। ऐसे में उनकी सेवा समाप्ति न केवल शिक्षकों और उनके परिवारों के भविष्य को प्रभावित करेगी, बल्कि विद्यालयों में उर्दू एवं बांग्ला शिक्षा व्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा।

स्कूल बस और चालकों की जानकारी वाला पोर्टल तैयार वाहन और सारथी पोर्टल पर इंटीग्रेशन के बाद होगा लॉन्च

पटना (दैनिक नवसंदेश)। स्कूली बच्चों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग ने एक नई डिजिटल पहल की है। विभाग ने निजी स्कूलों में संचालित होने वाले सभी वाहनों का पूरा डाटाबेस तैयार करने के लिए एक विशेष पोर्टल विकसित किया है। पोर्टल को पूरी तरह तैयार कर लिया गया है, जिसे वाहन और सारथी पोर्टल से जोड़े जाने के बाद लाइव किया जाएगा।

विभागीय के अनुसार, पोर्टल शुरू होने के बाद राज्य के सभी निजी स्कूलों को इस पर अनिवार्य रूप से निबंधन कराना होगा। स्कूलों को अपने यहां संचालित सभी तरह के वाहन और उसके चालक से संबंधित संपूर्ण विवरण अनलाइन अपलोड करना होगा। इस नई व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था को सुढ़ करना है। इसके माध्यम से स्कूली वाहनों की रियल टाइम मनिटरिंग भी संभव हो सकेगी।

पोर्टल पर स्कूल बस, मिनी बस, वैन सहित सभी प्रकार के वाहनों का ब्योरा दर्ज करना होगा। इसके साथ ही वाहनों के फिटनेस प्रमाण-पत्र, बीमा, परमिट और अन्य अनिवार्य कागजातों की जानकारी भी अपलोड करनी होगी।

विभाग ने बताया कि जैसे ही किसी वाहन के फिटनेस या बीमा की वैधता समाप्त होगी, इसकी सूचना स्वत ही विभाग और संबंधित स्कूल प्रबंधन दोनों को मिल जाएगी, ताकि समय रहते दस्तावेजों का नवीनीकरण कराया जा सके।

सड़क दुर्घटना पीड़ितों को 1.50 लाख तक निःशुल्क उपचार की सुविधा

पटना (दैनिक नवसंदेश)। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने एवं उपचार के खर्च की चिंता से मुक्त करने के उद्देश्य से पीएम राहत योजना प्रभावी रूप से संचालित है। योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल प्रत्येक पात्र पीड़ित को 1. 50 लाख तक का कैशलेस (निःशुल्क) उपचार आयुष्मान भारत से निबंधित अस्पतालों में उपलब्ध कराया जा रहा है। दुर्घटना की तिथि से अगले 7 दिनों तक उपचार का खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाता है। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने संबंधित अस्पतालों एवं पुलिस पदाधिकारियों को इस योजना अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को सरलता से इलाज उपलब्ध कराने के निदेश दिए हैं।



अबा-ए-कदीम की मीटिंग । सदर आल बिहार मदरसा ओल्ड बॉयज एसोसिएशन, पटना।

स्वास्थ्य प्रणाली मजबूती के लिए राज्यस्तरीय कार्यशाला आयोजित

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार में लगातार बदल रहे जलवायु पैटर्न, भीषण बाढ़, जानलेवा लू (हीटवेव) और मौसमी बीमारियों के प्रकोप से ग्रामीण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इस गंभीर चुनौती से मुकाबले के लिए अब सामुदायिक स्तर पर सुदृढ़ पहल तेज हो गई है। पटना स्थित ए एन् सिन्हा सामाजिक अध्ययन संस्थान में घघरडीहा प्रखंड स्वराज्य विकास संघ , मधुबनी के तत्वावधान में जलवायु समर्थ स्वास्थ्य प्रणाली को मुख्यधारा में लाने में आयुष की भूमिका विषय पर एक राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित किया गया । इसमें राज्यभर के विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों के 50 से अधिक प्रतिनिधियों , आयुर्वेद विशेषज्ञों, चिकित्सकों और राज्य आयुष समिति के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

आयुष की भूमिका विषय पर एक राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित किया गया ।

कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में संस्था के अध्यक्ष रमेश कुमार ने कहा कि बाढ़, लू और मच्छर जनित बीमारियाँ बिहार के गाँवों में हर साल गंभीर रूप लेती जा रही हैं। यदि महिलाओं की अगुवाई में समुदाय, पंचायत और स्वास्थ्य कार्यकर्ता मिलकर काम करें और इसमें आयुष की पारंपरिक समझ को जोड़ दिया जाए, तो हमारे गाँव इन खतरों का डटकर मुकाबला कर सकते हैं।

इस कार्यक्रम में डा. धनंजय शर्मा (राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, राज्य आयुष समिति, बिहार), डा. शिव मंगल मिश्र (उप निदेशक, आयुष, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार, सेवानिवृत्त), डा. अशोक दुबे, डा. शिवादित्य ठाकुर, डा. (प्रो.) कुमारी उमा पाण्डेय, डा. उषा मिश्रा और डा. रोहित सहित कई विशिष्ट अतिथियों ने अपनी बातें रखी ।

तकनीकी सत्र : कार्यक्रम के पहले तकनीकी सत्र में डा अजय कुमार झा और प्रशांत कुमार सिंह ने संस्था के अनुभवों को साझा किया। संस्था विगत 3 वर्षो से बिहार के 8 जिलों के 100 गाँवों में यह पहल चला रही है। राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल, पटना की प्राचार्य डा. (प्रो) कुमारी उमा पाण्डेय ने आयुष में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला।

डा. शिवादित्य ठाकुर, डा. रोहित , डा. धनंजय शर्मा, डा. अशोक , डा. उषा मिश्रा, डा. शिव मंगल मिश्र ने बेहतर स्वास्थ्य के लिए अपने विचार रखे। दीपक शर्मा ने विस्तारपूर्वक जलवायु समर्थ स्वास्थ्य प्रणाली पर अपनी बातें रखी । कार्यक्रम का समापन अरुण कुमार एवं सुनील कुमार द्वारा प्

संक्षिप्त खबरें

स्कूल ठीक करो शिक्षा सुधारो अभियान के तहत कल भकुरा पंचायत में कार्यक्रम

आरा (दैनिक नवसंदेश)। भाकपा-माले, आइसा आरवाईए के द्वारा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भकुरा पंचायत स्थित इंदिरा आ. प्राथमिक विद्यालय, श्रीनगर की बदहाल स्थिति के खिलाफ कल सड़क पर स्कूल लगेगा। सड़क पर स्कूल की तैयारी को लेकर श्रीनगर, भकुरा, बारा, बसंतपुर, लक्ष्मणपुर में छात्रों एवं अभिभावकों की बैठक आयोजित की गई।नेताओं ने कहा कि सरकारी स्कूलों की बदहाली केवल शिक्षा विभाग की लापरवाही नहीं,बल्कि शिक्षा व्यवस्था के प्रति सरकार की प्राथमिकताओं को भी उजागर करती है। श्रीनगर का विद्यालय बच्चों के भविष्य से जुड़ा सवाल है,और उस विद्यालय का छत नीचे गिर गया सौभाग्य की बात है कि कोई अनहोनी नहीं हुई। माले नेताओं ने कहा कि शिक्षा के अधिकार की बात तभी सार्थक होगी, जब गांव-गरीब के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण और सम्मानजनक शिक्षा का माहौल मिले। श्रीनगर के स्कूल की बदहाली के खिलाफ छात्र-युवा मिलकर आवाज बुलंद करेंगे। बैठक में विजय ओझा, क्यामुद्दीन अंसारी, जयशंकर प्रसाद, जनार्दन गोड़, धनोजयादव, अवध दास, विजयराम, प्रदेशी राम, श्रीकांत राम, गोविंदा राम, धनजी कुमार, आदि थे। यह जानकारी माले जिला कार्यालय सचिव दिलराज प्रीतम ने दी।

विधायक के नेतृत्व मे हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम

बड़हरा (दैनिक नवसंदेश)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित सेवा संकल्प अभियान के तहत विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व मे जगतपुर मठिया मे वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सरैया मंडल अध्यक्ष प्रशांत सिंह के नेतृत्व में कार्यकताओं एवं ग्रामीण जनता द्वारा ढोल-बाजे एवं फूलमाला के साथ बड़हरा विधायक का स्वागत किया गया। विधायक श्री सिंह, जिला उपाध्यक्ष ई. धीरेन्द्र सिंह, बड़हरा विधानसभा प्रभारी डॉ. संजय कुमार सिंह, धीरज सिंह, संदीप कुमार को कार्यकताओं द्वारा सम्मानित किया गया। विधायक द्वारा फलदार पौधे आम, जामुन, अमरूद, आँवला, लीची आदि का वृक्षारोपण किया गया। श्री सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत पार्टी द्वारा कार्यक्रम हो रहे है। उन्होंने कहा कि लगातार निर्माण कार्य होने के कारण वृक्षो का कटाव हो रहा है,जिससे वातावरण पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। वर्षा मे भी अनियमतता दिख रहा है। कार्यक्रम में ऋषभदेव सिंह,सत्यदेव सिंह, सुगानी पांडेय, विवेक सिंह, अभिमन्यु कुमार, प्रमोद सिंह, हरेन्द्र सिंह, किरण कुमार यादव, बिटु यादव, कांति देवी, शांति देवी, किशन दूबे, मनोज्ञ कुमार, रामजान, सुबोध कुमार, भजुराम यादव, विजेन्द्र पासवान, किशन सिंह, गोल्लू सिंह सहित कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जनता थे।

सड़क हादसे में मां-बेटे समेत तीन जख्मी

आरा (दैनिक नवसंदेश)। अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में बाइक सवार मां-बेटे समेत तीन लोग जख्मी हो गए। उनका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। पहली घटना के बिहिया थाना क्षेत्र के बिहिया चैरस्ता के समीप की है। जहां रविवार की सुबह हुए सड़क हादसे में बाइक सवार मां-बेटे गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जानकारी के अनुसार जख्मियों में गीधा थाना क्षेत्र के विशुनपुरा गांव निवासी मिथिलेश राम की 35 वर्षीया पत्नी पुतुल देवी एवं 8 वर्षीया पुत्र लक्की कुमार है। वह वर्तमान में बिहिया थाना क्षेत्र के बिहिया नगर में किराए का मकान लेकर अपने परिवार के साथ रहती है। इधर, जख्मी लक्की कुमार ने बताया कि वह अपनी मां, चाचा एवं छोटे भाई के साथ अपने गांव से बाइक द्वारा बिहिया वापस लौट रहे थे। इस दौरान बिहिया चैरस्ता के समीप विपरीत दिशा से आ रहे दूसरे बाइक सवार ने चकमा दे दिया, जिससे उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे दोनों मां-बेटे जख्मी हो गए। वही दूसरी घटना सहार थाना क्षेत्र के अनुआ गांव की है। जहां रविवार की सुबह अज्ञात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

पोखर में डूबने से बालक की मौत

आरा/पीरो (दैनिक नवसंदेश)। पीरो थाना क्षेत्र के हाटपोखर गांव स्थित हनुमान मंदिर के समीप शनिवार की शाम पोखरा में डूबने से बालक की मौत हो गई। मृत बालक पीरो थाना क्षेत्र के हाटपोखर गांव निवासी स्व. प्रमोद कुमार राम का 11 वर्षीय पुत्र प्रीतम कुमार है। वह तीसरी कक्षा का छात्र था। जिउतिया के त्योहार को लेकर शनिवार की शाम वह अपनी मां के साथ गांव स्थित हनुमान मंदिर के समीप पोखर के किनारे गया था। जहां उसकी मां पोखर स्नान करने के बाद निकल गई। उसी दौरान वह भी बच्चों के साथ पोखर में स्नान करने लगा। तभी पानी अधिक गहरा होने के कारण वह पोखर में डूब गया।

भिखारी ठाकुर की जयंती समारोह को लेकर बैठक



आरा (दैनिक नवसंदेश)। स्थानीय पटेल बस पड़ाव परिसर स्थित भिखारी ठाकुर सांस्कृतिक मंच पर दिसम्बर माह में आयोजित होने वाले लोक कलाकार भिखारी ठाकुर की जयंती समारोह की तैयारियों को लेकर शनिवार को एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता शिक्षक धनंजय कुमार ने की, जबकि संचालन शोध संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह ने किया। बैठक की जानकारी देते हुए आयोजन सचिव डा. रवि प्रकाश सूरज ने बताया कि भिखारी ठाकुर सामाजिक शोध संस्थान का यह रजत जयंती वर्ष है। इस अवसर पर इस वर्ष के वार्षिक समारोह का नाम ह्यलोकरस रंग-सह-सम्मान समारोह-2026ह्य रखा गया है। यह समारोह 15 से 18 दिसम्बर तक प्रस्तावित है। बैठक में नन्द किशोर राम, शिक्षक मुन्ना, सरफराज अहमद, कृष्ण प्रताप सिंह उर्फ पप्पू सिंह, व्यास कमलेश पासवान, वरिष्ठ रंगकर्मी डा. अनिल कुमार सिंह, आलोक कुमार सिंह, अम्बुज कुमार, सर्वजीत कुमार सहित अन्य सदस्यों ने तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया। संस्थापक अध्यक्ष ने बताया कि समारोह के लिए प्रकाशित होने वाली स्मारिका के लिए बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से दर्जनों आलेख प्राप्त हो चुके हैं। वहीं ह्यलोहा सिंहह्य और भिखारी ठाकुर के नाटकों के मंचन के लिए कलाकारों का चयन किया जा रहा है और बाहर के कलाकारों से भी संपर्क किया जा रहा है।

दिवंगत पूर्व मुखिया व कांग्रेस नेता को श्रद्धांजलि



पीरो (दैनिक नवसंदेश)। लंबे समय तक रजेयां-मोथी पंचायत के मुखिया रहे दिग्गज कांग्रेसी राम नरेश सिंह के श्राद्धकर्म में कांग्रेस सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, कार्यकर्ता व कई अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। श्री सिंह का 95 वर्ष की उम्र में निधन में निधन हो गया था। श्राद्धकर्म में भोजपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीधर तिवारी, वीरेंद्र मिश्रा, चंद्रशेखर सिंह, दिनेश कुमार सिंह, डब्लू सिंह, बबन पांडेय, मुकुल सिंह, कांग्रेस के प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल सलाम कुरैशी, शाहिद हसन,असलम इदरीसी,,महफूज खान, मनोज कुमार यादव, छोटे खान शामिल हुए।

शिक्षा मंत्री मिथलेश कुमार तिवारी का आत्मीय स्वागत



आरा (दैनिक नवसंदेश)। बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री मिथलेश कुमार तिवारी का पटना से बक्सर जाने के क्रम में आरा के बामपाली गांव के पास फोरलेन पर सामाजिक कार्यकताओं एवं स्थानीय लोगों द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री को फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया गया तथा क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था एवं विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक संवाद हुआ। स्वागत करने वालों में विमल कुमार सिंह पूर्व प्रमुख, गड़हनी, जितेंद्र कुमार शर्मा, राजू कुमार, अशोक कुमार, कमलेश कुमार, सुनील कुमार सिंह, संजय कुमार पांडेय, प्रेम कुमार, कामेश्वर यादव, वकील अहमद, मुन्ना अंसारी, विनय चैधरी एवं पप्पू यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

जिलास्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2026-27 का समापन

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बालक-बालिका खिलाड़ियों को शील्ड, मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर किया गया सम्मानित

आरा (दैनिक नवसंदेश)। खेल विभाग, बिहार, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना एवं जिला प्रशासन, भोजपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता (बालक-बालिका) 2026-27 का पुरस्कार वितरण सह समापन समारोह रविवार को खेल भवन सह व्यायामशाला, भोजपुर, आरा में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग के बालक-बालिका खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल स्पधाओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने संयुक्त रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों



विजेताओं के साथ डीएम एवं एसपी।

को शील्ड, मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिला पदाधिकारी श्री मीणा ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। खेलों से बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास एवं समर्पण के साथ अपनी प्रतिभा निखारने तथा जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। पुलि अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल के क्षेत्र में सफलता के लिए प्रतिभा के साथ नियमित अभ्यास, अनुशासन एवं दृढ़ संकल्प आवश्यक हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को खेल भावना बनाए रखते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। अवसर पर विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ, शिक्षकगण एवं प्रशिक्षक उपस्थित रहे। जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता ने जिले के छात्र-छात्राओं को अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया। समारोह में खिलाड़ियों को आगामी उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया गया।

अंतरिक्ष ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में शोध कर भोजपुर की बेटी ने बढ़ाया मान

कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)। कोईलवर प्रखंड अंतर्गत इंग्लिशपुर गांव निवासी नरेंद्र सिंह की पुत्री डॉ. अर्पणा सिंह ने अंतरिक्ष ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक्स और उन्नत सामग्री विज्ञान के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शोध कर गांव और जिले का नाम रोशन किया है। उनके डॉक्टरेट शोध में धातु-हैलाइड पेरोवस्काइट्स और बोरोन-मिश्रित हीरे जैसे आधुनिक पदार्थों के विद्युत एवं प्रकाशीय गुणों तथा भविष्य की अंतरिक्ष तकनीक में उनके संभावित उपयोग का अध्ययन किया गया है। डॉ. अर्पणा सिंह ने अपने शोध के दौरान यूरोप के पांच प्रमुख शैक्षणिक एवं अनुसंधान संस्थानों में कार्य किया। इनमें इटली का सालेर्नो विश्वविद्यालय, जर्मनी का पॉट्सडैम विश्वविद्यालय, हेल्महोल्ज-जेंट्रम बर्लिन, बर्लिन तकनीकी विश्वविद्यालय तथा चेक गणराज्य के प्राग स्थित चेक विज्ञान अकादमी का भौतिकी संस्थान शामिल है। इस दौरान उन्होंने सामग्री



विज्ञान, अर्धचालक भौतिकी, उपकरण निर्माण और उन्नत ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक तकनीकों से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अध्ययन किया। उनके शोध का प्रमुख हिस्सा अंतरिक्ष उपयोग को ध्यान में रखते हुए पेरोवस्काइट आधारित ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के अध्ययन पर केंद्रित रहा। इसमें आवेश वाहकों की गतिशीलता, विद्युत एवं प्रकाशीय गुणों, प्रोटॉन विकिरण के प्रभाव और सामग्रियों की दीर्घकालिक स्थिरता का परीक्षण किया गया। करीब 766 दिनों तक किए गए स्थिरता अध्ययन से यह समझने का प्रयास किया गया कि लंबे समय तक उपयोग और विकिरण के संपर्क में रहने पर इन सामग्रियों के गुणों में किस तरह बदलाव आता है।

गांव से यूरोप तक पहुंची शोध की यात्रा

इंग्लिशपुर जैसे ग्रामीण परिवेश से निकलकर यूरोप के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थानों तक पहुंचने वाली डॉ. अर्पणा सिंह की यात्रा क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। उनकी उपलब्धि यह संदेश देती है कि ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थी भी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं।

यूथ फॉर सेवा का दो दिवसीय आवासीय शिविर संपन्न

आरा (दैनिक नवसंदेश)। बिहार यूथ फॉर सेवा के तत्वावधान में दो दिवसीय आवासीय शिविर 2026 का सफल आयोजन किया गया। शिविर में समाजसेवा, नेतृत्व विकास, टीम भावना, आत्मविश्वास और आत्मविकास से संबंधित प्रेरक सत्र, समूह चर्चा, योग-ध्यान, खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री डॉ. भीम सिंह भवेश, महापौर इंदु देवी, प्रो नरेंद्र प्रताप पालित, पूर्व महापौर रूबी कुमारी, बिहार समन्वयक आनंद कुमार सहित कई गणमान्य



अतिथि उपस्थित रहे। पद्मश्री डॉ. भीम सिंह भवेश ने कहा कि समाज सेवा का वास्तविक अर्थ समाज के वंचित, कमजोर और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाना है। उन्होंने युवाओं से जनकल्याण और सामाजिक समानता को केंद्र में रखकर कार्य करने का आह्वान किया। महापौर इंदु देवी ने कहा कि समाज में वास्तविक बदलाव तभी संभव है, जब युवा एकजुट होकर कल्याण कार्यों में भागीदारी निभाएं। शिविर के दौरान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की रूपा बहन ने सभी युवाओं को ह्यनशा मुक्त युवा, विकसित भारतह्ण की शपथ दिलाई। एडवाइजरी बोर्ड मेंबर डॉ. अर्चना कुमारी ने आपसी सहयोग, एकता और सामाजिक सहभागिता पर जोर दिया। दो दिवसीय शिविर में बिहार के विभिन्न जिलों से आए 75 से अधिक स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न जिलों से आए युवाओं ने एक-दूसरे के अनुभव साझा किए और टीम भावना का परिचय दिया। संचालन अमित शाह तथा धन्यवाद ज्ञापन कृष्ण कुमार भूषण ने किया। इस अवसर पर डॉ. तनुजा कुमारी, कृष्ण भूषण, दिनेश प्रसाद सिन्हा, कुमार मोहित, सुरेश कुमार, एडवोकेट अंजनी कुमार, ऋषभ राज, डॉ. राजीव रंजन, रंजीत युवराज, शिवम कुमार, रूपेश कुमार निषाद, संतोष शाह, प्रियांशु भास्कर, आनंद शर्मा, अनु देवी, मुस्कान कुमारी, श्वेता कुमारी सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहें।

सुदूर इलाके में मेडिकल कैंप से ग्रामीण इलाकों के लोग होंगे लाभान्वित-बादल

250 लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श

आरा/शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। शाहपुर प्रखंड के दामोदरपुर जवईनिया गांव में रविवार को नव चेतना सामाजिक कल्याण संस्थान के बैनर तले मेडिकॉन हॉस्पिटल के द्वारा निःशुल्क मैडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान 250 से अधिक मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच किया गया तथा उन्हें इलाज हेतु उचित परामर्श दिया गया। इस मौके पर डॉ. एसएम पाठक, डॉ. अर्चना तिवारी ने लोगो के स्वास्थ्य जांच कर इलाज हेतु परामर्श दिया। इस दौरान लोगों के बीपी एवं शुगर की जांच की गई। वही जरुरतमंदों के बीच निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। मेडिकॉन हॉस्पिटल के संस्थापक डायरेक्टर बादल ने कहा कि इस तरह के कैंप आयोजन से सुदूर ग्रामीण इलाकों के



लोगों को इलाज करने में काफी सहूलियत होती है। आगे भी इस तरह का कैंप आयोजित किया जाएगा। मेडिकल कैम्प को बनाने में तिलक, राजीव कुमार, चुनमुन कुमारी, पवन सत्यार्थी, आशीष राय उर्फ मोनू जी, साहिल कुमार, सोनू कुमार और गांव के समस्त लोगों का

वार्ड सात में बाढ़ के दावे की होगी जांच, मांगा स्पष्टीकरण

बाढ़ से नुकसान पर पेच, अधिकारियों से जवाब-तलब

शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। शाहपुर नगर पंचायत के वार्ड संख्या सात में बाढ़ से प्रभावित परिवारों की स्थिति और उन्हें मिलने वाली राहत राशि को लेकर जिला प्रशासन ने गंभीरता दिखाई है। वार्ड पार्षद मधुमाला देवी की ओर से की गई शिकायत के आलोक में समाहरणालय, भोजपुर के आपदा प्रबंधन शाखा ने संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही बाढ़ प्रभावित वार्ड के संबंध में प्रस्तुत प्रतिवेदन की सत्यता पर भी सवाल उठाए गए हैं। प्रशासनिक पत्र के अनुसार वार्ड पार्षद ममता देवी ने अपने पत्र के माध्यम से वार्ड संख्या सात में बाढ़ की स्थिति से संबंधित शिकायत की थी। इसके बाद संबंधित स्तर से प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। प्रतिवेदन में वार्ड की स्थिति, बाढ़ के पानी का प्रभाव, आवासीय क्षति तथा सरकारी नाव और सामुदायिक रसोई जैसी सुविधाओं की उपलब्धता का उल्लेख किया गया है। रिपोर्ट और जमीनी स्थिति में अंतर पर सवाल उठा। मुख्य सवाल यह है कि वार्ड संख्या सात बाढ़ से प्रभावित था या नहीं और वहां के प्रभावित परिवार

जिला स्तरीय अंडर-14 कबड्डी में एसएन मेमोरियल स्कूल बना विजेता



आरा (दैनिक नवसंदेश)। जिला स्तरीय अंडर-14 कबड्डी प्रतियोगिता में एस.एन. मेमोरियल स्कूल, गौसगंज, गांगी, आरा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। अतुल कुमार (कप्तान) के नेतृत्व में उतरी टीम ने पूरे प्रतियोगिता के दौरान बेहतरीन खेल कौशल, रणनीति, अनुशासन और टीम भावना का प्रदर्शन किया। विजेता टीम में आदर्श, अभिषेक, शुभम, शौर्य, प्रियांशु, अनुराग, आयुष, प्रतीक और रौनित शामिल रहे। टीम के सभी खिलाड़ियों ने पूरे जोश और आत्मविश्वास के साथ मुकाबलों में हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कप्तान अतुल कुमार ने प्रभावी नेतृत्व करते हुए टीम के खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया और मैदान पर बेहतर तालमेल बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम की इस सफलता में विद्यालय के कबड्डी कोच रोहित कुमार सिंह का मार्गदर्शन भी महत्वपूर्ण रहा। उनके प्रशिक्षण, रणनीतिक तैयारी और खिलाड़ियों के निरंतर मार्गदर्शन ने टीम को प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने में सहायता की। इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय की डायरेक्टर डॉ. स्मिता सिंह ने विजेता टीम के सभी खिलाड़ियों, कप्तान अतुल कुमार और कबड्डी कोच रोहित कुमार सिंह को हार्दिक बधाई दी। तनमय सर ने भी पूरी टीम को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए खिलाड़ियों के समर्पण और टीम भावना की सराहना की। डायरेक्टर डॉ. स्मिता सिंह ने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करने के साथ-साथ उन्हें चुनौतियों का सामना करने के लिए भी तैयार करते हैं। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी खिलाड़ियों और कोच को शुभकामनाएँ दीं तथा भविष्य की प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की।

ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय में आयोजित हुई तृतीय ओपन जिला रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप

आरा (दैनिक नवसंदेश)। ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय, आरा में आज भोजपुर जिला रोलर स्केटिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में तृतीय ओपन जिला रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों के बच्चों एवं खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती ताह्तीर जहरा, महासचिव, बिहार रोलर स्केटिंग एसोसिएशन, डॉ. जावेद काजमी, रेडियोलॉजिस्ट, महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना, श्री अमित कुमार सुमन, एमडी, सुधा डेयरी, आरा तथा डॉ. राखी रुंगटा उपस्थित रहीं। ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय के श्री अरिहंत बिजय जैन एवं श्री सिद्धा बिजय जैन ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर श्री सिद्धा बिजय जैन ने कहा कि रोलर स्केटिंग आज के समय में तेजी से उभरता हुआ खेल



है। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभावान खिलाड़ी आगे राज्य स्तर और उसके बाद राष्ट्रीय स्तर पर भोजपुर एवं बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा कि विद्यालय एवं संस्था बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी आगे बढ़ने के लिए निरंतर अवसर प्रदान करती रहेगी। प्रतियोगिता में अलग-अलग आयु वर्ग एवं श्रेणियों में खिलाड़ियों ने भाग लिया। विजेता खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार हैं: 4 से 6 वर्ष आयु वर्ग क्वाड बालकः प्रथम-मानव चंद्रा, द्वितीय-अव्यान आनंद, तृतीय-मो. जेयान साहब, क्वाड बालिकाः द्वितीय- जयश्री मानवी तृतीय-दिविशा गुप्ता इनलाइन एडजस्टेबल बालिकाः द्वितीय-प्रार्थना तृतीय-तारुषी जैन इनलाइन एडजस्टेबल बालकः प्रथम-कैरव, द्वितीय-मानद मोहन ओझा, तृतीय-आश्विक 6 से 8 वर्ष आयु वर्ग क्वाड बालकः प्रथम-गणेश बाशु, द्वितीय-दक्ष पटेल, तृतीय-अयांश, क्वाड बालिकाः, द्वितीय-भांति नीरज तृतीय-श्रेया कुमारी। आयोजन को सफल बनाने में जिनवाणी जैन, वीरेंद्र कुमार, अमित वर्मा, राकेश कुमार पाठक, भीम राज राय, अनु कुमार, रश्मि कुमारी, अमृत, बादल, बिट्टी सिंह, आशुतोष दीक्षित, सुशील कुमार सिंह, अंजलि, विकास कुमार सहित भोजपुर जिला रोलर स्केटिंग एसोसिएशन एवं आयोजन से जुड़े अनेक सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

आर्म्स एक्ट मामले में नाबालिग समेत तीन गिरफ्तार

आरा (दैनिक नवसंदेश)। सोशल मीडिया पर हथियार लहराने एवं हथियार प्रदर्शन करने पर करवाई को लेकर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे लगातार अभियान के अंतर्गत बिहिया पुलिस को सफलता हाथ आई है। इस मामले में नाबालिग समेत तीन को गिरफ्तार किया गया। इनमें एक की गिरफ्तारी तीयर थाना क्षेत्र के यादवपुर, दूसरे की बहोरनपुर थाना के बहोरनपुरएवं तीसरे की गिरफ्तारी बिहिया थाना के बिहिया मेला रोड से की गयी। इनके पास से एक देशी पिस्टल, दो कारतूस एवं एक मैगजीन बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त तीयर थाना क्षेत्र के यादवपुर गांव निवासी लक्ष्मण राय का पुत्र प्रकाश कुमार, बहोरनपुर थाना क्षेत्र के बहोरनपुर गांव एवं बिहिया थाना क्षेत्र के बिहिया मेला रोड निवासी दो नाबालिक शामिल है। एसपी अवधेश दीक्षित ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि यह कार्रवाई सोशल मीडिया पर हथियार के साथ वीडियो वायरल होने के बाद की गयी।

स्नातक युवाओं, बेरोजगारों व शिक्षा व्यवस्था की आवाज बनेगा मेरा संघर्ष : आदित्य झा

दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से आज नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे सी ए आदित्य झा



सीए एवं शिक्षाविद् आदित्य झा, उज्जवल कुमार झा व अन्य।

दरभंगा (एनएसबी)। दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे दिल्ली भाजपा कार्यसमिति के सदस्य सह सीए एवं शिक्षाविद् आदित्य झा ने 5 अक्टूबर को होने वाले नामांकन से पूर्व रविवार को शहर के दिल्ली मोड़ स्थित एक होटल में अपने चुनावी एजेंडे, प्राथमिकताओं और स्नातक मतदाताओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से सामने रखा।

इस बार परिवर्तन तय है। अब तक यहां के शिक्षाविदों को जो ठगने का काम किया गया है उस पर इस बार मतदाताओं ने लगाम लगाने का मन बना लिया है। सी ए आदित्य झा ने कहा कि दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के स्नातक युवाओं, बेरोजगारों और शिक्षित वर्ग की आवाज को सदन तक मजबूती से पहुंचाना उनका मुख्य उद्देश्य है। आज बड़ी संख्या में युवा उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद रोजगार और बेहतर अवसरों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे युवाओं की समस्याओं को केवल चुनावी मुद्दा नहीं, बल्कि गंभीर सामाजिक एवं आर्थिक चुनौती के रूप में देखने की आवश्यकता है। वे रोजगार के अवसरों के सृजन, युवाओं के कौशल विकास, उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी के अवसर तथा स्नातकों के अधिकारों और हितों की मजबूती से पैरवी करने के लिए चुनाव मैदान में हैं। आदित्य झा ने कहा कि दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की जनता शिक्षित और जागरूक है। यहां के मतदाता जाति, दल और व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर क्षेत्र के भविष्य और युवाओं के हित में निर्णय लेने की क्षमता रखते हैं। मेरा प्रयास रहेगा कि स्नातक मतदाताओं के विश्वास को जनप्रतिनिधित्व के एक मजबूत माध्यम में बदला जाए। उन्होंने कहा, 'मैं केवल चुनाव लड़ने नहीं, बल्कि स्नातक युवाओं और बेरोजगारों की आवाज बनने के संकल्प के साथ मैदान में उतरा हूं। हमारा लक्ष्य ऐसा प्रतिनिधित्व देना है, जो सदन में लगातार युवाओं के रोजगार, शिक्षा और भविष्य से जुड़े सवाल उठाए। उन्होंने स्नातक मतदाताओं से आगामी चुनाव में समर्थन और आशीर्वाद की अपील करते हुए कहा कि उनकी प्राथमिकता दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र को शिक्षा, रोजगार और युवा अवसरों के मामले में नई दिशा देना होगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मुझे सभी समुदाय के लोगों का पूरा सहयोग मिल रहा है।

सप्तम पुनरीक्षित वेतनमान और पुरानी पेंशन की मांग को लेकर आंदोलन तेज करने का निर्णय

■ लहेरियासराय में बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ की संगोष्ठी, चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति पर हुई चर्चा



कार्यक्रम में शिक्षक प्रतिनिधि वअन्य।

दरभंगा (एनएसबी)। स्थानीय लहेरियासराय स्थित जिला परिषद सभागार में बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के तत्वावधान में दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर एवं बेगूसराय जिले के शिक्षक प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी की अध्यक्षता बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के दरभंगा जिलाध्यक्ष शंभू यादव ने की। संगोष्ठी का मुख्य विषय ह्वशिक्षा एवं शिक्षकों की समस्याएं तथा शिक्षक संघ की भूमिकाह्व रहा। इस दौरान चारों जिलों से पहुंचे शिक्षक प्रतिनिधियों ने वर्तमान शिक्षा व्यवस्था, शिक्षकों की सेवा संबंधी समस्याओं, वेतनमान, पेंशन, प्रोन्नति तथा स्थानांतरण सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। संगोष्ठी में बड़ी संख्या में नियोजित शिक्षक, संगीत शिक्षक, विशिष्ट शिक्षक, प्रधान शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षकों की अलग-अलग श्रेणियों के कारण उत्पन्न विभाजन को समाप्त करते हुए सभी कोटि के शिक्षकों को साझा मुद्दों पर एकजुट होकर संघर्ष करना समय की आवश्यकता है।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए दरभंगा जिलाध्यक्ष शंभू यादव ने कहा कि बिहार के सभी कोटि के शिक्षकों को अपने अधिकारों एवं लंबित मांगों को लेकर एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की प्रमुख मांगों में सप्तम पुनरीक्षित वेतनमान के तहत 9300झ्र34800 रुपये का पूर्ण वेतनमान, पुरानी पेंशन योजना एवं प्रोन्नति शामिल है।बेगूसराय जिला अध्यक्ष साकेत सुमन ने कहा कि बड़ी संख्या में शिक्षक 20 वर्षों से अधिक समय से सेवा दे रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें प्रोन्नति के लाभ से वंचित रखा जाना शिक्षकों के साथ नाइंसाफी है। यदि शिक्षक अपने सेवा-काल में निर्धारित प्रोन्नति एवं वित्तीय उन्नयन से वंचित रहते हैं तो इसका सीधा असर उनके मनोबल पर पड़ता है। अपने संबोधन में मधुबनी जिला अध्यक्ष संजीव कुमार कामत ने कहा कि शिक्षकों की प्रमुख मांगों में सप्तम पुनरीक्षित वेतनमान का मुद्दा अत्यंत महत्वपूर्ण है। आगे उन्होंने कहा कि संघ को केवल समस्याओं पर चर्चा तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि संगठन को मजबूत करते हुए चरणबद्ध आंदोलन की ठोस रणनीति बनानी होगी, ताकि शिक्षकों की मांगों को प्रभावी तरीके से सरकार के समक्ष रखा जा सके। समस्तीपुर जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद राय ने शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए नई पेंशन योजना के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग उठाई। इनके अतिरिक्त प्रधान सचिव राम कल्याण पासवान, कमरे आलम, राकेश कुमार चौधरी ,दिलीप झा, डॉक्टर मोहन कुमार, मनोरंजन कुमार, शमशाद आलम, घनश्याम पंडित, बृजेश कुमार, रामप्रवेश कुमार, अजय कुमार यादव, प्रशांत कुमार झा, अजय कुमार मिश्रा ,संजीत कुमार, देवेंद्र कुमार यादव ,अशोक कुमार सिंह ,मनोज कुमार, संजय ठाकुर ,संजय ठाकुर, वीरेंद्र कुमार साहनी ,संजीव चौपाल ,संजीव कुमार ,मो अलाउद्दीन ,मुकेश कुमार, जमशेद आलम ,नंदकिशोर लाल देव ,मनीष कुमार सहित कई अन्य शिक्षक प्रतिनिधियों ने भी सम्बोधित किया।

श्यामा न्यास समिति के पूर्व प्रबंधक ने वर्तमान समिति पर लगाया कई गंभीर आरोप

■ पद से हटाए जाने को बताया साजिश, वेतन नहीं दिए जाने पर नाराजगी, सीएम हाउस भेजा पत्र, आया जवाब

दरभंगा (एनएसबी)। माँ श्यामा मन्दिर न्यास समिति के पूर्व प्रबंधक अमरजीत कारक द्वारा बीते 9 सितंबर को मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र का त्वरित संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री सचिवालय ने पत्र के माध्यम से बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष को यथोचित कारवाई के लिए निर्देशित किया है। आगे पत्र में श्री कारक ने अपनी नियुक्ति के संबंध में कहा कि मेरी नियुक्ति विधिवत विज्ञापन एवं साक्षात्कार के उपरांत न्यास समिति द्वारा प्रबंधक के पद पर की गई थी।

आम भक्तों को मुझसे कभी कोई शिकायत नही रही।प्रभारी सह-सचिव द्वारा बिना विज्ञापन,साक्षात्कार तथा न्यास के निर्णय के दो महिलाओं की नियुक्ति मन्दिर में कर ली गई तथा मुझ पर नियुक्ति पत्र देने का दबाब बनाया गया। बदले की भावना से प्रेरित होकर न्यास समिति के अध्यक्ष तथा प्रभारी सह-सचिव द्वारा मुझ पर निराधार गलत आरोप लगाकर पद से हटा दिया गया। सचिव सह जिलाधिकारी के आदेश होने के बाबजूद मेरा चार माह का वेतन बिना किसी वैध कारण के रोक लिया गया। गुप्त रूप से एक ही आवेदन प्राप्त कर 71 वर्षीय प्रभारी लेखपाल रमानाथ झा को प्रबंधक का भी प्रभार उन्हें अध्यक्ष की कृपा के कारण मिल गया। जबकि प्रभारी लेखपाल रमानाथ झा के पास बी.कॉम की भी अनिवार्य अहर्ता नहीं है न कंप्यूटर संचालन का ज्ञान है। श्री कारक ने विश्वास जताते हुए कहा है कि जब मुख्यमंत्री ने मेरी पीड़ा का संज्ञान ले लिया है तब मुझे न्याय मिलने की पूरी उम्मीद है। उन्होंने कई तरह के अन्य आरोप भी लगाए हैं। इसको लेकर न्यास समिति पर कई सवाल उठने लगा है।

प्रथम हॉस्पिटल में सेवा पखवाड़ा के तहत मुफ्त मोतियाबिंद ऑपरेशन कार्यक्रम आयोजित



कार्यक्रम में सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर, डॉ राजेश झा व अन्य ।

बिरौल (एनएसबी)। सुपौल बाजार, डुमरी रोड स्थित प्रथम हॉस्पिटल मल्टी स्पेशलिटी सेंटर परिसर में सेवा संकल्प, समर्पण पखवाड़ा के तहत मुफ्त मोतियाबिंद ऑपरेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दरभंगा सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने अस्पताल परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।कार्यक्रम के तहत आयुष्मान कार्ड योजना के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों का मुफ्त मोतियाबिंद ऑपरेशन किया गया।

मरीजों की नेत्र जांच एवं आवश्यक स्वास्थ्य जांच भी की गई। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में प्रथम हॉस्पिटल की इस पहल की उपस्थित अतिथियों ने सराहना की।मुख्य अतिथि दरभंगा सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने प्रथम हॉस्पिटल की चिकित्सा व्यवस्था एवं उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में आधुनिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की पहल की सराहना करते हुए कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों तक आयुष्मान कार्ड के माध्यम से मुफ्त उपचार की सुविधा पहुंचाना महत्वपूर्ण जनसेवा है। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्था को विश्वसनीय बताते हुए ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मिल रही स्वास्थ्य सुविधा की सराहना की।प्रथम हॉस्पिटल के संस्थापक एवं भाजपा दरभंगा पूर्वी जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. राजेश झा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर एवं विश्वसनीय चिकित्सा सुविधा उनके नजदीक उपलब्ध कराना अस्पताल का प्रमुख उद्देश्य है।आयुष्मान कार्ड के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त उपचार उपलब्ध कराकर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को राहत पहुंचाने का प्रयास लगातार जारी है।कार्यक्रम के दौरान अस्पताल परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।कार्यक्रम में भाजपा दरभंगा पूर्वी के जिला अध्यक्ष विनय कुमार पासवान,राम गोविन्द ठाकुर, शत्रुधन सहनी,प्रदीप प्रधान, सहित कई दर्जनों भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

रोटेरियन डॉ. शिवकिशोर राय बने एसिस्टेंट गवर्नर, दरभंगा में खुशी की लहर

दरभंगा (एनएसबी)। रोटरी दरभंगा विद्यापति के शिक्षाविद डॉ.शिवकिशोर राय को 2027-28 के लिए एसिस्टेंट गवर्नर बनाए जाने पर चारों और खुशी की लहर व्याप्त है।शिक्षाविद डॉ. शिवकिशोर राय ने विगत वर्षों में सामाजिक सरोकार से जुड़े उत्कृष्ट कार्यों के द्वारा अपनी एक अलग पहचान बना ली है। दिव्यांगों,खासकर दृष्टि दिव्यांगों के सर्वांगीण विकास के लिए डॉ.राय की निष्ठा व तत्परता अपने आप में अनोखी रही है। स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार को प्राथमिकता के आधार पर समुचित स्थान देने वालों में डॉ.राय अग्रणी रहे हैं। इनके एसिस्टेंट गवर्नर बनाए जाने के पूर्व से एक समर्पित रोटेरियन के रूप में इन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में पहल कर कतिपय सेवा प्रकल्पों को सकरात्मक परिणाम तक पहुँचाने में सफलता प्राप्त की है।रोटरी के शीर्ष नेतृत्व में इन्हें शामिल किए जाने पर रोटेरियनों तथा अन्य क्षेत्रों के लोगों में अपार हर्ष व उत्साह का माहौल है।

डॉ.राय को बधाई देने वालों में रोटरी दरभंगा विद्यापति के अध्यक्ष आशीष सिंह,सचिव पंकज झा, हिमांशु शेखर,पिनाकी शंकर,राघवेश नारायण,राकेश मिश्रा, डॉ.संजीव ठाकुर,डॉ.ए.के. मिश्र,डॉ.रोशन ठाकुर आदि प्रमुख हैं। डॉ.समीर वर्मा,डॉ.संत कुमार चौधरी,प्रो.जयशंकर झा,डॉ.देवनारायण यादव,डॉ.संतोष कुमार पासवान,डॉ.मित्रनाथ झा,डॉ.अंजू अग्रवाल,तरुण मिश्रा,अभय कुमार कश्यप,डॉ.मुकेश प्रसाद निराला,डॉ.एडीएन सिंह,राकेश किरण झा,कोमलनारायण मिश्रा,उज्ज्वल कुमार,मुशरफ परवेज,जलालुद्दीन अंसारी,विनोदानंद झा रोटेरियन मुकेश तनेजा और डॉ.शिवकिशोर राय आदि ने शिक्षाविद डॉ.राय के एसिस्टेंट गवर्नर बनाए जाने पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए स्वर्णिम व सार्थक कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।



रोटेरियन डॉ.शिवकिशोर राय व अन्य।

पूर्व पार्षद व मेयर के पति डब्बू खान कल दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से करेंगे नामांकन



प्रेस वार्ता मे पूर्व पार्षद डब्बू खान, साथ में पार्षद राजीव कुमार, रियासत अली व अन्य।

दरभंगा (एनएसबी)। पूर्व वार्ड पार्षद, सैय्यद मो. सिवगतुल्लाह खान ऊर्फ डब्बू खान 6 अक्टूबर को दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

उन्होंने कहा कि वे छात्रों की आवाज बनकर अपना नामांकन करेंगे। पिछले छह महीने से युवाओं के लिए चुनाव की तैयारी कर रहा था। मौके पर दरभंगा नगर निगम के वार्ड 13 के पार्षद सह प्रमंडलीय पार्षद महासंघ के प्रमंडलीय अध्यक्ष, राजीव कुमार सिंह ने कहा कि जिस निष्ठा और ईमानदारी के साथ डब्बू खान ने पूरे निगम क्षेत्र में काम को कराया है। मौके पर पूर्व पार्षद, अमानुल्लाह खान ऊर्फ अल्लन खान, वार्ड पार्षद, मो रियासत अली वार्ड पार्षद फिरोज आलम, वार्ड पार्षद खलीकुज्जमा उर्फ पप्पू सरदार, पूर्व पार्षद नुसरत आलम,पूर्व पार्षद मो अनवर उर्फ गुलाब, अरुणेश चंद्रा, जावेद अनवर सहित कई लोग मौजूद थे।

पत्रकारों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



ज्ञापन देते पत्रकार।

अलीनगर (एनएसबी)। गांधी जयंती के अवसर पर शुक्रवार को अलीनगर प्रखंड के पत्रकारों ने इंडियन जर्नलिस्ट यूनियन एवं बिहार वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के बैनर तले प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय में नाजिर को ज्ञापन सौंपा। पत्रकारों ने पत्रकार पेंशन सम्मान निधि योजना लागू करने सहित विभिन्न मांगों को सरकार तक पहुंचाने का आग्रह किया।

ज्ञापन में कहा गया कि पत्रकार जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल माध्यमों से लगातार सामने लाने का कार्य करते हैं। इस दौरान कई बार पत्रकारों को हिंसा, धमकी और विभिन्न प्रकार के दबाव का सामना करना पड़ता है। ऐसी परिस्थितियों को देखते हुए पत्रकारों की सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। ज्ञापन सौंपने वालों में पत्रकार मो. इजाजउद्दीन समीर, ऋषि कुमार, प्रमोद पासवान, मिथिलेश ठाकुर, अनिल कुमार, कन्हैया झा, अमृतोष कुमार सहित कई पत्रकार शामिल थे।

घर का फ्रीज रिपेयर करने आए इंजीनियर को मारपीट कर बनाया बंधक

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। रामपुरा गांव में फ्रिज की मरम्मत करने आए इंजीनियर के साथ मारपीट कर उसे बंधक बना लिया गया। उसके बाइक एवं फ्रीज ठीक करने के लिए लाए गए औजार भी छीन लिये। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची सिंहवाड़ा थाना की पुलिस ने इंजीनियर को मुक्त कराया। इस मामले में इंजीनियर मब्बी थाना क्षेत्र के शिशो पश्चिमी निवासी गणेश कुमार ने थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। उसने बताया कि वह अपने सहयोगी उमेश कुमार के साथ रामपुरा में प्रिंस कुमार के घर फ्रिज रिपेयरिंग की शिकायत पर गए थे। रिपेयर के बाद कुल बिल 2751 रुपये हुआ। जिसमें से 2350 रुपये दे दिया गया। शेष 401 रुपये मांगने पर विवाद शुरू हो गया। उसने पुलिस को बताया कि प्रिंस कुमार, सुचित चौधरी, मुकेश कुमार चौधरी, अभिषेक कुमार चौधरी और इंद्रजीत कुमार चौधरी समेत परिवार के लोगों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। दोनों को शाम तक बंधक बनाकर रखा और टूल्स किट, वैक्यूम मशीन, कंप्रेसर मशीन और हीरो कंपनी की बाइक छीन ली। बाद में डायल 112 की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों को मुक्त कराया। सिंहवाड़ा थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि इस मामले में अनुसंधान किया जा रहा है।

नीतीश कुमार के विकास कार्य ही हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं : संजय कुमार झा

जदयू ने किया कार्यकर्ता संवाद एवं 'शिक्षक संवाद' कार्यक्रम का आयोजन



संजय कुमार झा का स्वागत करते ईश्वर मंडल वअन्य।

दरभंगा (एनएसबी)। दिल्ली मोड़ स्थित एक होटल में रविवार को जनता दल (यूनाइटेड) द्वारा महत्वपूर्ण 'कार्यकर्ता संवाद' एवं 'शिक्षक संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू जिलाध्यक्ष सह विधायक राजेश कुमार उर्फ ईश्वर मंडल ने की।

बैठक में आगामी बिहार विधान परिषद के शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से डॉ. घनश्याम राय एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से सर्वेश कुमार एनडीए समर्थित प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत चुनावी रणनीति पर चर्चा हुई। मुख्य अतिथि संजय कुमार झा ने कार्यकर्ताओं में नया जोश भरते हुए बूथ स्तर तक चुनावी रणनीति को मजबूत करने का निर्देश दिया। एनडीए सरकार की उपलब्धियां और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास कार्य ही हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं। अपने संबोधन में विधायक ईश्वर मंडल ने संजय कुमार झा को परिवहन, पर्यटन एवं संस्कृति संबंधी संसदीय स्थायी समिति का पुनः अध्यक्ष बनाए जाने पर दरभंगा की जनता एवं पार्टी कार्यकताओं की ओर से बधाई देते हुए कहा की संजय कुमार झा के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में मिथिला के विकास को नई गति मिली है। कार्यक्रम में मंत्री श्री मदन सहनी, विधान पार्षद डॉ. भारती मेहता एवं विधायक प्रो. विनय कुमार चौधरी ने भी कार्यकताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रत्याशी डॉ. घनश्याम राय, विधायक सुधांशु शेखर, विधायक सतीश साह सहित कन्हैया पार्टी के पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता, शिक्षक प्रतिनिधि, प्रबुद्ध मतदाता एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बाउंड्री वॉल के अभाव में असुरक्षित है सिमरी का राजकीय बुनियादी विद्यालय, ग्रामीणों ने की घेराबंदी की मांग

बिस्फी (एनएसबी)। मधुबनी जिले के बिस्फी प्रखंड अंतर्गत सिमरी पंचायत स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय इन दिनों चारदीवारी (बाउंड्री वॉल) के अभाव में सुरक्षा संबंधी समस्याओं से जूझ रहा है। विद्यालय परिसर की घेराबंदी नहीं होने के कारण जहां स्कूल बंद होने के बाद असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है, वहीं आवारा मवेशी भी दिन-रात परिसर में घूमते रहते हैं। इससे विद्यालय की स्वच्छता और शैक्षणिक वातावरण प्रभावित हो रहा है। विद्यालय में चारदीवारी नहीं होने से छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है।

स्थानीय ग्रामीणों और अभिभावकों का कहना है कि विद्यालय जैसे महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्थान में बुनियादी सुरक्षा व्यवस्था का होना बेहद जरूरी है। इसके बावजूद अब तक चारदीवारी का निर्माण नहीं कराया जाना चिंता का विषय है।



विद्यालय भवन।

कई बार शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं

विद्यालय के प्रधानाध्यापक के अनुसार, चारदीवारी निर्माण की समस्या को लेकर शिक्षा विभाग और संबंधित अधिकारियों को कई बार लिखित शिकायत दी जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई है। इससे विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

ग्रामीणों ने प्रशासन से लगाई गुहार

सिमरी गांव के ग्रामीणों और अभिभावकों ने संबंधित विभाग एवं जिला प्रशासन से जल्द से जल्द विद्यालय की चारदीवारी का निर्माण कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि विद्यालय की घेराबंदी होने से न केवल असामाजिक तत्वों और आवारा मवेशियों के प्रवेश पर रोक लगाने में मदद मिलेगी, बल्कि बच्चों को सुरक्षित और स्वच्छ शैक्षणिक वातावरण भी मिल सकेगा। अब देखना यह है कि संबंधित विभाग इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए विद्यालय की सुरक्षा के लिए कब तक ठोस कदम उठाता है।

संक्षिप्त खबरें

अमरजीत यादव हत्याकांड में बिस्फी सरपंच राजू ठाकुर गिरफ्तार, भेजा गया जेल

बिस्फी (एनएसबी)। अमरजीत यादव हत्याकांड में बिस्फी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्त एवं वर्तमान बिस्फी सरपंच राजू ठाकुर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। यह कार्रवाई वरीय पुलिस अधीक्षक, मधुबनी योगेंद्र कुमार के निर्देश पर बिस्फी थाना अध्यक्ष अविनाश कुमार के नेतृत्व में गठित विशेष छापेमारी दल द्वारा की गई। बताया गया कि मृतक अमरजीत यादव के पिता विश्वनाथ यादव के लिखित आवेदन के आधार पर बिस्फी थाना में कांड दर्ज किया गया था। मामले में कुल चार लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। बिस्फी थाना अध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि अमरजीत यादव हत्याकांड में दर्ज मामले के नामजद अभियुक्त राजू ठाकुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले में नामजद अन्य तीन अभियुक्त फिलहाल फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। फरार अभियुक्तों को भी जल्द गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है। विशेष छापेमारी दल में पुलिस एसआई राजेश कुमार, अमित कुमार, अरविन्द कुमार सहित पुलिस बल शामिल थे।

राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने संगठन का किया विस्तार, 10 कार्यकर्ताओं को मिली नई जिम्मेदारी

मधुबनी (एनएसबी)। राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने मधुबनी जिले में संगठन विस्तार के तहत बेनीपट्टी अनुमंडल से जुड़े विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों में कई कार्यकताओं को नई जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और युवाओं सहित विभिन्न वर्गों की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से कुल 10 कार्यकताओं को अलग-अलग पदों पर मनोनीत किया है। नियुक्ति के अनुसार, हर्ष नाथ झा को बेनीपट्टी प्रखंड अध्यक्ष, प्रेम कुमार झा को जिला महासचिव, संतोष राम को बेनीपट्टी प्रखंड अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, फेकन यादव को मेघवन पंचायत अध्यक्ष, अरुण कुमार कुशवाहा को युवा प्रकोष्ठ का जिला सचिव, दीपक कुमार महतो को जिला सचिव तथा रंजन कुमार महतो को बेनीपट्टी नगर सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा रूबी पंजियार को मधवापुर प्रखंड के सलेमपुर पंचायत का अध्यक्ष, दिलीप राम को बेनीपट्टी प्रखंड के दामोदरपुर पंचायत का अध्यक्ष तथा मिट्ठू कुमार मंडल को रघेपुरा पंचायत का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। पार्टी नेतृत्व ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन को पंचायत और बूथ स्तर तक मजबूत करने, अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने तथा जनसमस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के मधुबनी जिला अध्यक्ष कमिटी, प्रदेश नेतृत्व एवं राष्ट्रीय सचिव बिरबल पंजियार ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। पार्टी नेतृत्व ने उम्मीद जताई कि सभी पदाधिकारी अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती प्रदान करेंगे।

आत्मा, मधुबनी के तत्वावधान में राज्य के बाहर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



मधुबनी (एनएसबी)। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा), मधुबनी के द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत कृषि क्षेत्र में सरसों की वैज्ञानिक खेती, प्रसंस्करण एवं विपणन तथा नवीनतम तकनीकों एवं वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य के बाहर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में दिनांक 05 से 09 अक्टूबर 2026 तक भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, भरतपुर, राजस्थान में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में मधुबनी जिले से सभी प्रखंडों के किसानों की सहभागिता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के किसानों को आधुनिक एवं उन्नत कृषि तकनीक, सरसों उत्पादन की वैज्ञानिक विधियों, कृषि में नवीन तकनीकी प्रयोग, मूल्य संवर्धन तथा किसान समूहों तक तकनीक के प्रभावी हस्तांतरण के संबंध में व्यावहारिक एवं तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराना है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों द्वारा कृषि अनुसंधान एवं तकनीकी संस्थानों का भ्रमण कर नवीन कृषि तकनीकों एवं अनुसंधान आधारित कृषि पद्धतियों की जानकारी प्राप्त की जाएगी। प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान एवं तकनीकी अनुभव को मधुबनी जिले के किसानों तक प्रशिक्षण, किसान गोष्ठी, प्रक्षेत्र प्रदर्शन एवं अन्य विस्तार गतिविधियों के माध्यम से पहुँचाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। परियोजना निदेशक, आत्मा, मधुबनी ने कहा कि राज्य के बाहर इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों हेतु किसानों को देश के विभिन्न कृषि अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थानों में विकसित नवीन तकनीकों को समझने और उन्हें स्थानीय कृषि परिस्थितियों के अनुरूप अन्य किसानों तक पहुँचाने का अवसर मिलता है। इससे जिले में तकनीक आधारित एवं टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

एक अवैध देशी कट्टा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



मधुबनी (एनएसबी)। वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि 2 अक्टूबर को थानाध्यक्ष, बिस्फी थाना को जिले में स्थापित सोशल मीडिया सेल के माध्यम से एक वीडियो उपलब्ध कराया गया जिसमें देखाह गया कि कुछ युवक द्वारा अवैध हथियार लहराते हुए एवं हॅथियार के साथ नृत्य करते हुए वीडियो बनाकर सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया गया है। थानाध्यक्ष द्वारा त्वरित कार्रवाई कर उक्त वीडियों का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतू स्थानिय चौकिदार के माध्यम से वीडियों का सत्यापन कराया गया। सत्यापन उपरांत यह पाया गया कि वीडियों में दिख रहा युवक 01. प्रियांशु कुमार एवं 02. एक बालक है दोनों थाना-बिस्फी, जिला-मधुबनी का रहने वाला है। थानाध्यक्ष द्वारा वाहन चेकिंग के क्रम में उक्त दोनों युवक को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछ-ताछ करने दोनों युवकों द्वारा बताया गया कि हमलोगों के द्वारा हीं अवैध हथियार के साथ एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया था। हॅथियार के सम्बन्ध में पूछ-ताछ करने पर उक्त दोनों व्यक्तियों के द्वारा बताया गया कि उक्त वीडियो में दिख रहा हॅथियार औसी थाना निवासी एक बालक के पास है। पुलिस द्वारा उक्त बालक के घर पहुँचकर उसके घर का विधिवत घेराबंदी करने पर उस घर से एक बालक द्वारा भागने का प्रयास किया गया परन्तु पुलिस बल द्वारा उसे अपने अभिरक्षा में ले लिया गया। पूछ-ताछ के क्रम मे बालक द्वारा बताया गया कि वीडियों में दिख रहा हॅथियार मेरे हीं गाँव का निवासी विक्रम यादव उर्फ रोहित के पास रखा हुआ है। पुलिस द्वारा उक्त 01 व्यक्ति एवं दोनों बालको को अपने अभिरक्षा में लेते हुए विक्रम यादव के घर पर पहुँचकर उसके घर के विधिवत तलाशी लेने पर उस घर से एक युवक अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। घर के विधिवत तलाशी लेने पर घर के अन्दर बने रैक के नीचे रखे हुए बक्सा से 01 अवैध देशी कट्टा बरामद हुआ। बरामद प्रदर्श का विधिवत जप्ती सूचि तैयार कर जप्त किया गया एवं पकड़ाये 02 विधि विरूद्ध बालक को निरूद्ध करते हुए 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना लाया गया एवं इस घटना के संदर्भ में बिस्फी थाना कांड सं0-217/26 सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर विधि सम्मत आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

लदनियां में सौहार्दपूर्ण माहौल में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

लदनियां (एनएसबी)। आगामी 11 अक्टूबर से शुरू हो रहे दस दिवसीय दुर्गा पूजा महापर्व को शांतिपूर्ण और भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने को लेकर रविवार को स्थानीय थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी सौरभ कुमार ने की। अंचलाधिकारी सौरभ कुमार एवं इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष मुकुल रंजन कुमार सिंह की मौजूदगी में आयोजित इस बैठक में क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि, पूजा समितियों के सदस्य और गणमान्य लोग शामिल हुए।

बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष मुकुल रंजन कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों से आपसी सौहार्द और शांति के साथ 10 दिनों का दुर्गा पूजा पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने पूजा समितियों को स्पष्ट हिदायत दी कि पूजा पंडालों में किसी भी परिस्थिति में अश्लील या आपत्तिजनक गाने नहीं बजाए जाएं। ऐसा करने वालों और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने



बैठक करते।

आम लोगों से सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से फैलने वाली किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की और कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। बैठक के दौरान अंचलाधिकारी सौरभ कुमार ने पूजा पंडालों में सुरक्षा, रोशनी और भीड़ नियंत्रण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को दर्शन में कोई असुविधा न हो।

इस मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, पूजा समिति के प्रतिनिधि एवं पुलिस प्रशासन के अन्य कर्मी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

अवैध देशी कट्टा व 25 जिंदा कारतूस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

मधुबनी (एनएसबी)। वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि 3 अक्टूबर को नरहिया थाना की डायल-112 टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम-बनगामा निवासी नितीश मुखिया, पे०-कुलदेव मुखिया अपने झोपड़ी में अवैध देशी कट्टा एवं भारी मात्रा में जिंदा कारतूस छिपाकर रखे हुए है। प्राप्त सूचना से वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतू नरहिया थाना की डायल-112 टीम ग्राम-बनगामा में नितीश मुखिया के झोपड़ी के पास पहुँच कर झोपड़ी का विधिवत घेराबन्दी किया गया।

विधिवत तलाशी के क्रम में झोपड़ी के अन्दर चौकी पर एक व्यक्ति पाया गया। व्यक्ति का नाम /पता पुछने पर अपना नाम नितेश कुमार उर्फ नितीश मुखिया, पे०-कुलदेव मुखिया, सा०-बनगामा, थाना-नरहिया, जिला-मधुबनी बताया गया। व्यक्ति के तकिये के पास एक पर्स मिला, जिसमेंएक जिंदा कारतूस एवं एक लोहे का नुकीलेदार पंजा बरामद हुआ। झोपड़ी का तलाशी के क्रम में



जानकारी देते पुलिस अधिकार।

चौकी के नीचे प्लास्टीक के बाल्टी के अन्दर गमछी से ढक कर रखा हुआ 01 अवैध देशी कट्टा बरामद हुआ। उक्त बाल्टी से ही काला रंग का एक बिन्डोलिया बरामद हुआ, जिसमें 24 खाँका बना हुआ था एवं खाँका के अन्दर से 24 चक्र जिंदा कारतूस बरामद हुआ। बरामद अवैध देशी कट्टा एवं कारतूस को विधिवत जब्त कर गिरफ्तार युवक को थाना लाया गया। पुलिस द्वारा बरामद आग्नेयास्त्र एवं कारतूस के संबंध में पूछ-ताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि गाँव के लोगों को धमकाने एवं रौब जमाने के लिए अपने पास रखे हुए है। इस घटना के संदर्भ में नरहिया थाना द्वारा कांड सं0-108/26,आर्म्स एक्ट के सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा गया हैं एवं अन्य विधि सम्मत आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

पीएम आवास की सूची पर मुखिया संघ ने जताया आक्रोश

बिस्फी (एनएसबी)। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रकाशित सूची को लेकर मुखिया संघ की बैठक आयोजित किया गया. बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश प्रसाद मेहता ने की. इस मौके पर 3 हजार से अधिक प्रकाशित सूची से नाम हटाए जाने पर आपत्ति जताते हुए आक्रोश प्रकट किया गया. मुखिया ने कहा कि प्रथम सूची में सभी पांज लाभूक का नाम सही पाया गया था. वहीं चेक एवं रि चेक के दौरान 3 हजार से अधिक पात्र लाभूक का नाम हटा दिया गया है. इस दौरान किसी जन प्रतिनिधियों से नहीं पूछा गया. मुखिया ने सभी पात्र लाभूक का नाम यथाशीघ्र जोड़ने की प्रशासन से अपील की. और कहा कि ससमय नाम नहीं जोड़ा



बैठक में शामिल मुखिया।

गया तो धरना प्रदर्शन के साथ आंदोलन व न्यायालय का शरण लिया जाएगा. महासंघ का कहना है कि पंचायत स्तर पर लोगों में नाराजगी है. जो पात्र परिवार आज भी घास फूस के घर में रहने को मजबूर है उनका नाम सूची में शामिल किया जाना चाहिए. ताकि वास्तव में जरूरतमंद परिवारों को आवास योजना का लाभ मिल सके. कहा कि योजना का मुख्य उद्देश्य गरीब परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराना है. वही बीडीओ बसंत कुमार सिंह ने कहा कि सरकार के निर्देश के आलोक में जो आवश्यक कार्रवाई संभव होगी उसे करने का प्रयास किया जाएगा. ताकि पात्र लाभुक को योजना का लाभ दिलाया जा सके. बैठक में मुखिया अमरेश झा, सूरज यादव, मिथिलेश कुमार झा बबलू, मो शाहिद हसन, राजेंद्र पासवान, अविनाश पासवान, सुधीर कुमार यादव, मो कपिल अहमद, दिलीप साफी सहित कई लोग उपस्थित थे।

छात्राओं, महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर 'पुलिस दीदी' स्कूटी से तैनात

मधुबनी (एनएसबी)। छात्राओं और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु बिहार सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई स्कूटी एवं मोटरसाईकिलों के साथ 'पुलिस दीदी' पूरी तरह मुस्तैद हैं। जिले के विभिन्न अनुमंडलों एवं थाना क्षेत्र अंतर्गत सभी स्कूलों और कॉलेजों के आसपास असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने और महिला अपराधों की रोकथाम के लिए इनकी तैनाती की गई है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य पुलिस और छात्राओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना तथा उनके मन में सुरक्षा का भाव जगाना है। 'पुलिस दीदी' निर्धारित क्षेत्रों में नियमित गश्त कर छात्राओं से सीधा संवाद कर रही हैं और उनकी सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं की जानकारी लेकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कर रही हैं।

मध्यमा 2027 में विद्यार्थियों की संख्या दोगुनी करने का लक्ष्य : मृत्युंजय कुमार झा

फोटो संख्या 3 अध्यक्ष के साथ ग्रुप फोटो

मधुबनी (एनएसबी)। बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड द्वारा मध्यमा परीक्षा 2027 की तैयारी को लेकर रविवार को मधुबनी जिला अतिथिगृह के सभागार में जिले के सभी संस्कृत उच्च विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मध्यमा 2027 के लिए विद्यार्थियों का अधिकाधिक नामांकन एवं समय पर फॉर्म भराने, विद्यालयों में नियमित उपस्थिति बढ़ाने, परीक्षा की बेहतर तैयारी तथा आगामी ऑनलाइन प्रक्रिया को लेकर विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण एवं स्वस्तिवाचन के साथ हुआ। इस अवसर पर जलधारी चौक संस्कृत विद्यालय, मधुबनी के प्रधानाध्यापक प्रजापति ठाकुर ने बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा का अंगवस्त्र एवं पाग से सम्मान किया। बैठक में जिले के विभिन्न संस्कृत विद्यालयों में मध्यमा परीक्षा 2027 के लिए फॉर्म वितरण एवं फॉर्म संग्रह की स्थिति की विद्यालयवार समीक्षा की गई। प्रधानाध्यापकों से कहा गया कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर अधिक से अधिक विद्यार्थियों का फॉर्म भरवाना सुनिश्चित करें तथा पूरी प्रक्रिया की नियमित रिपोर्टिंग बोर्ड को उपलब्ध कराएं। बिहार संस्कृत शिक्षा



अध्यक्ष के साथ ग्रुप फोटो।

बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने कहा कि मध्यमा परीक्षा 2026 में मधुबनी जिले से बिहार में सर्वाधिक विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था। इस बार हमारा लक्ष्य इससे भी आगे बढ़ते हुए मध्यमा 2027 में विद्यार्थियों की संख्या को लगभग दोगुना करना है। उन्होंने कहा कि बिहार में संस्कृत विद्यालयों की सबसे अधिक संख्या मधुबनी जिले में है, इसलिए मध्यमा परीक्षा में विद्यार्थियों की सहभागिता के मामले में भी मधुबनी को अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने प्रधानाध्यापकों से आह्वान किया कि प्रत्येक विद्यालय में ऐसा शैक्षणिक वातावरण तैयार किया जाए, जिससे विद्यार्थी नियमित रूप से विद्यालय आएं और मध्यमा परीक्षा के लिए गंभीरतापूर्वक तैयारी करें। उन्होंने कहा कि मध्य विद्यालयों एवं संस्कृत विद्यालयों को भी अपने स्तर से अधिक से अधिक विद्यार्थियों को मध्यमा की शिक्षा एवं परीक्षा से जोड़ने का प्रयास करना चाहिए। बैठक में मध्यमा परीक्षा 2026 की उपलब्धियों के साथ-साथ परीक्षा के दौरान सामने आई विभिन्न विसंगतियों एवं व्यावहारिक समस्याओं की

■ मधुबनी में उच्च विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की बैठक, फॉर्म भराने और ऑनलाइन प्रक्रिया की तैयारी की हुई समीक्षा

भी समीक्षा की गई। प्रधानाध्यापकों ने मध्यमा 2027 की तैयारी को लेकर कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए, जिन पर बोर्ड स्तर से आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। मध्यमा 2027 की ऑनलाइन प्रक्रिया को लेकर भी बैठक में विस्तृत चर्चा हुई। अध्यक्ष ने बताया कि आगामी जनवरी-फरवरी के दौरान पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए विद्यालय स्तर पर आवश्यक तैयारी पहले से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने कहा कि संस्कृत केवल एक विषय नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, संस्कार और ज्ञान परंपरा की आधारभूत भाषा है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों का वातावरण बेहतर बनाने, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति बढ़ाने और संस्कृत शिक्षा के प्रति विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में रुचि पैदा करने के लिए सभी प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक निरंतर प्रयास करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संस्कृत के संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर लगातार प्रयासरत हैं। उनके सोशल मीडिया मंचों पर भी नियमित रूप से संस्कृत के श्लोक एवं भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़े संदेश साझा किए जाते हैं। देशभर में संस्कृत को लेकर विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी संस्कृत के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील हैं और आम लोगों के बीच संस्कृत की प्रासंगिकता एवं उपयोगिता बढ़ाने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रहे हैं। संस्कृत शिक्षा बोर्ड के कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री द्वारा विशेष संज्ञान लिया गया है तथा संस्कृत शिक्षा के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जाने को लेकर आश्वस्त किया गया है। अध्यक्ष ने कहा कि ह्वसंस्कृत, संस्कृति और संस्कारह्व के लक्ष्य को धरातल पर उतारने के लिए बोर्ड, विद्यालय, शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि मध्यमा 2027 को केवल एक परीक्षा के रूप में नहीं, बल्कि संस्कृत शिक्षा के विस्तार और विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ने के महत्वपूर्ण अभियान के रूप में लिया जाना चाहिए। बैठक के अंत में जलधारी चौक संस्कृत विद्यालय, मधुबनी के प्रधानाध्यापक प्रजापति ठाकुर ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

एल एस कॉलेज में छात्रों की भूख हड़ताल के 5वें दिन अनशनकारियों की हालत बिगड़ी

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। लंगट सिंह कॉलेज एवं बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में छात्रों के लिए एल एस कॉलेज का डियूक हॉस्टल खोलने सहित 10 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे छात्रों का आंदोलन रविवार को पांचवें दिन भी पूरे संकल्प के साथ जारी रही। लगभग सौ घंटे से भी अधिक समय से अन्न-जल त्यागे बैठे अनशनकारी छात्रों का स्वास्थ्य दिन-प्रतिदिन तेजी से गिरता जा रहा है।

रविवार को दो अनशनकारी छात्रों की स्थिति बिगड़ने पर सहयोगी छात्र द्वारा बीमार साथी को पानी चढ़ाया गया। किंतु विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय प्रशासन की असंवेदनशीलता अपने चरम पर रही।रविवार का पूरा दिन बीत जाने के बावजूद न तो कुलपति और न ही कॉलेज के प्राचार्य अनशन पर बैठे छात्रों का हाल जानने पहुंचे। प्रशासन की इस घोर संवेदनहीनता को लेकर छात्र समुदाय में गहरा दुख और तीव्र आक्रोश व्याप्त है।



अनशनकारी छात्रों की पांचवे दिन बिगड़ी तबियत, सहयोगी छात्र चढ़ा रहे पानी।


कॉलेज प्रशासन से आक्रोशित हो आंदोलन स्थल पर प्रदर्शन व नारेबाजी करते कॉलेज के पूर्ववर्ती छात्रगण।

सहयोगी छात्र चढ़ा रहे पानी, समर्थन मे कई संगठनों ने किया प्रदर्शन, कॉलेज एवं विवि प्रशासन वेखबर

एल.एस. कॉलेज के पूर्व छात्रों ने धरना स्थल पर पहुंच बढ़ाया हौसला, दिया खुला समर्थन

विवि और कॉलेज प्रशासन की उपेक्षा को लेकर रविवार की शाम अनशन स्थल पर पहुँचे कई सामाजिक कार्यकर्ता और एल एस कॉलेज के दर्जनों पूर्ववर्ती छात्रों ने अनशनकारी छात्रों से मिलकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा प्रशासन की हठधर्मिता की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए छात्रों की सभी मांगों को पूरी तरह जायज ठहराया और आंदोलन को अपना खुला व पूर्ण समर्थन दिया। इस क्रम में लंगट सिंह कॉलेज के कई पूर्ववर्ती छात्रों ने अनशनकारीयों के साथ धरना पर बैठे और उनका हौसला बढ़ाया। पूर्व छात्रों ने एकजुट स्वर में कहा कि कॉलेज और विश्वविद्यालय की गरिमा व छात्र अधिकारों की रक्षा के लिए वे हर कदम पर आंदोलनकारी छात्रों के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे। पूर्व छात्रों ने कहा कि अगर प्रशासन छात्रों की मांग पूरा नहीं करती है तो हम सभी समाज के साथ मिलकर इस आंदोलन को उग्र आंदोलन का रूप देंगे।

वहीं रविवार की छुट्टी होने के बावजूद आज भी भारी संख्या में छात्र-छात्राओं ने धरना स्थल पर पहुंचकर एकजुटता का प्रदर्शन किया और नारों के साथ परिसर को गुंजायमान रखा। शाम ढलते ही आंदोलनकारी छात्र-छात्राओं द्वारा लंगट सिंह महाविद्यालय परिसर में बाबू लंगट सिंह की प्रतिमा के समक्ष एक विशाल कैंडल मार्च निकाला गया और मोमबत्तियां जलाकर प्रशासन की संवेदनहीनता व उपेक्षा के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराया गया। भूख हड़ताल पर डटे छात्रों ने दो-टूक कहा कि प्रशासनिक उपेक्षा उनके हौसले को नहीं तोड़ सकती। जब तक छात्रावास खोलने, अवैध नामांकन शुल्क की वापसी और सभी बुनियादी सुविधाओं पर ठोस आधिकारिक आदेश जारी नहीं होते, तब तक अनशन अनवरत जारी रहेगा। छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि अनशनकारियों के स्वास्थ्य के साथ कोई भी अनहोनी होती है, तो इसका संपूर्ण दायित्व विश्वविद्यालय व महाविद्यालय प्रशासन का होगा।

संक्षिप्त खबरें

बूढ़ी गंडक में मिला अज्ञात महिला का शव, इलाके में मची सनसनी

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। मुशहरी थाना क्षेत्र के आथर गांव के पास रविवार सुबह बूढ़ी गंडक नदी में एक अज्ञात महिला का शव तैरता मिला। नदी में शव दिखाई देने के बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरू की। महिला की पहचान अभी नहीं हो सकी है। पुलिस


पानी में तैरता दिखा महिला का शव।

शव की पहचान कराने के साथ ही मामले की जांच में जुटी है। महिला की मौत कैसे हुई और शव नदी में कैसे पहुंचा, इसका पता पुलिस जांच के बाद ही चल सकेगा। पुलिस आसपास के क्षेत्रों से भी मृतका के संबंध में जानकारी जुटाने में लगी है।

दवाओं की आड़ में 40 लाख की विदेशी शराब तस्करी, मुजफ्फरपुर में कंटेनर जब्त; चालक गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। जिले में शराब तस्करी के खिलाफ उत्पाद विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हरियाणा से दरभंगा ले जाई जा रही लगभग 40 लाख रुपए की विदेशी शराब अहियापुर थाना क्षेत्र के संगम घाट के पास जब्त किया है। शराब को कंटेनर में दवाओं के कार्टन के पीछे छिपाकर ले जाया जा रहा था। उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर प्रकाश कुमार के अनुसार, टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि हरियाणा नंबर का एक कंटेनर मुजफ्फरपुर के रास्ते दरभंगा की ओर जा


कंटेंनर पर दवा के कार्टम के पीछे छुपाकर रखी गई शराब का कार्टन।

रहा है। कंटेनर में दवाओं की आड़ में बड़ी मात्रा में विदेशी शराब छिपाकर ले जाने की जानकारी दी गई थी। इस सूचना के बाद उत्पाद विभाग की टीम ने संगम घाट के पास घेराबंदी कर संदिग्ध कंटेनर को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान कंटेनर के आगे दवाओं के कार्टन रखे मिले, जबकि उनके पीछे विदेशी शराब की बड़ी खेप छिपाई गई थी।अधिकारियों ने शराब को बरामद कर कंटेनर को जब्त कर लिया। बरामद शराब की अनुमानित बाजार कीमत लगभग 40 लाख रुपए बताई जा रही है। कार्रवाई के दौरान कंटेनर चालक को भी गिरफ्तार कर लिया गया। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है। उत्पाद विभाग यह पता लगाने में जुटा है कि शराब हरियाणा में कहां से लोड की गई थी और दरभंगा में इसकी डिलीवरी किसे दी जानी थी। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि पूछताछ और जांच के आधार पर शराब तस्करी से जुड़े अन्य लोगों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

सेवा ज्योति यात्रा को भव्य बनाने में जुटी भाजपा, शिक्षक-स्नातक वि प चुनाव में जीत का खाका तैयार

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रस्तावित सेवा ज्योति यात्रा को भव्य बनाने और आगामी शिक्षक-स्नातक विधान परिषद चुनाव में एनडीए की जीत सुनिश्चित करने के लिए मुजफ्फरपुर भाजपा ने संगठन को चुनावी मोड में सक्रिय कर दिया है। इसी कड़ी में रविवार को शुभकामना सभागार में पार्टी के पदाधिकारियों और मंडल अध्यक्षों की संयुक्त बैठक हुई, जिसमें आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा और चुनावी रणनीति पर विस्तार से मंथन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुजफ्फरपुर पूर्वी जिलाध्यक्ष विवेक कुमार ने की, जबकि संचालन पश्चिमी जिलाध्यक्ष हरिमोहन चौधरी ने किया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री धनराज शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष पाठक, पूर्व मंत्री सुरेश शर्मा व रामसूरत राय, प्रदेश क्रियान्वयन समिति सदस्य राजेश शर्मा, बरूराज विधायक अरुण सिंह, प्रदेश मंत्री मुकेश शर्मा, मनोज चौधरी, जिला प्रभारी रमेश श्रीवास्तव, दिनकर पंडित तथा तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी नरेन्द्र प्रसाद सिंह उपस्थित रहे। बैठक में सेवा संकल्प अभियान के तहत हुए कार्यक्रमों की समीक्षा की गई और अभियान के संयोजक मनोज तिवारी एवं तेज नारायण शर्मा के प्रयासों की सराहना की गई। वहीं आगामी आयोजनों को सफल बनाने के लिए कार्यकताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ हीं शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन को लेकर संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय करने, कार्यकताओं के बीच बेहतर समन्वय बनाने और मतदाताओं से व्यापक संपर्क अभियान चलाने की रणनीति पर भी चर्चा हुई।

बैठक को संबोधित करते पार्टी के प्रदेश महामंत्री।

फर्जी आधार कार्ड बनाकर विदेशी नागरिक का पासपोर्ट बनवाने वाले गिरोह का हुआ पर्दाफाश

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

मुख्य आरोपी गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। मुजफ्फरपुर में फर्जी आधार कार्ड और जाली दस्तावेजों के आधार पर विदेशी नागरिक का पासपोर्ट बनवाने के मामले में पुलिस ने गिरोह के मुख्य आरोपी एजाज कमर को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस पहले ही दो आरोपियों साहिल कुमार और शिव कुमार पंडित को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज चुकी है। मामले की जांच अभी जारी है।

सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 30 सितंबर 2026 को नगर थाना क्षेत्र में अवैध तरीके से दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर फर्जी आधार कार्ड बनाने और अन्य जाली दस्तावेज तैयार करने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर साहिल कुमार और शिव कुमार पंडित को अवैध इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों एवं अन्य जाली दस्तावेजों के साथ गिरफ्तार किया था। दोनों आरोपियों के खिलाफ नगर थाना कांड संख्या 547/2026 दर्ज कर उन्हें पहले ही न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष जांच टीम का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के दौरान पुलिस को गिरोह के मुख्य आरोपी एजाज कमर के बारे में जानकारी मिली। आगे की जांच और निशानदेही के आधार पर पुलिस ने एजाज कमर को गिरफ्तार कर लिया।


पुलिस गिरफ्त मे मामले का मुख्य आरोपी।

पूछताछ में एजाज कमर ने आधार से संबंधित काम में शामिल होने की बात स्वीकार की है। पुलिस के अनुसार, वह आधार अपडेट कराने के नाम पर ग्राहकों से संपर्क करता था और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों तथा ऑपरेटरों के माध्यम से आधार संबंधी काम कराया जाता था। इसके बदले ऑपरेटरों से प्रति सप्ताह करीब 30 हजार रुपये लिए जाने की बात सामने आई है।

पुलिस की जांच में फर्जी आधार बनाने के लिए यूआईडीएआई मशीन, फिंगरप्रिंट और आई-स्कैनर, क्लोन थंब इंप्रेशन, लैपटॉप और अन्य दस्तावेज इस्तेमाल किए जाने की जानकारी सामने आई है। जांच में यह भी सामने आया कि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर एक बांग्लादेशी नागरिक का पासपोर्ट बनवाया गया था। पुलिस इस पूरे नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों और फर्जी दस्तावेजों के जरिए बनाए गए पासपोर्ट व अन्य सरकारी दस्तावेजों की भी जांच कर रही है। पुलिस की आगे की कार्रवाई जारी है।

पुलिस की वर्दी में स्कॉर्पियो से पहुँचे अपराधियों ने शराब जांच का झांसा देकर कई गांव में मचाई लूटपाट

ग्रामीणों का आरोप : जवेलरी नगदी समेत अन्य कीमती सामान लुटकर हुए फरार

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। जिले के रामपुर हरि थाना क्षेत्र में शनिवार की रात पुलिस की वर्दी में स्कॉर्पियो पर सवार होकर आए चार अज्ञात अपराधियों ने कई गांवों में जमकर लूटपाट मचाया। खाकी वर्दी में पहुंचे अपराधियों ने स्वयं को पुलिस बताते हुए ग्रामीणों को शराब के खिलाफ छापेमारी का झांसा दिया और इसी भ्रम का फायदा उठाकर कई घरों को निशाना बनाते हुए कई घरों से नकदी, आभूषण और बड़ी संख्या में बकरियां व खस्सी चोरी कर फरार हो गए।

स्थानीय लोगों के अनुसार, रामपुर पश्चिम के वार्ड संख्या 3 और 4 में कई घरों में लूटपाट की गई। रात में जब कुछ ग्रामीणों की नींद खुली तो उन्होंने वर्दीधारी लोगों से पूछताछ की। अपराधियों ने खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए कहा कि वे शराब की तलाश में छापेमारी करने आए हैं। पुलिस की वेशभूषा देखकर ग्रामीणों को भी उनकी बात पर शक नहीं हुआ और अपराधी इत्मीनान से अपने मंसूबे को अंजाम देते रहे। बताया गया है कि लूटपाट मचाने के बाद अपराधी कई बक्सों को उठाकर मदारीपुर मन के समीप सुनसान इलाके में ले गए। वहां बक्सों को तोड़कर कीमती सामान निकाल लिया और खाली बक्से वहीं छोड़ दिए। इसके बाद अपराधियों ने मवेशियों को भी स्कॉर्पियो में लादा और मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों के मुताबिक रामपुर पश्चिम में फकीरा बैठा, विश्वनाथ ठाकुर और राजेश राय की खस्सी, मदारीपुर पंचायत में मोहम्मद नसीर के दो खस्सी, चंदेश्वर राम की एक बकरी और एक खस्सी तथा झापस महतो की एक बकरी और एक खस्सी भी अपराधी उठा ले गए।

ग्रामीणों के अनुसार लूटी गई संपति और मवेशियों की संख्या और अन्य नुकसान का आकलन किया जा रहा है। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी है। रामपुर हरि थानाध्यक्ष अंजली कुमारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है, लेकिन पीड़ितों की ओर से अभी लिखित शिकायत नहीं मिली है।

पुलिस अपने स्तर से जांच कर रही है। थानाध्यक्ष के अनुसार, बदमाशों के कहीं भी सीसीटीवी में नजर नहीं आने से आशंका है कि उन्होंने पहले इलाके की रेकी की थी और फिर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस अब अपराधियों की पहचान और उनके भागने के रास्ते का सुराग तलाश रही है।

होटल में फंदे से लटकती मिली युवती के मामले में आया नया मोड़

पति बोला–वह सुसाइड नहीं कर सकती

पति का आरोप- उसकी हत्या हुई, चेहरे पर चोट के निशान मिलने का दावा, पूर्व मुखिया पर लगाए गंभीर आरोप

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। सदर थाना क्षेत्र के गोबरसही स्थित एक निजी होटल में 27 सितंबर को 30 वर्षीय निगम कुमारी का शव मिलने के मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतका के पति मदन कुमार ने पत्नी की मौत को आत्महत्या मानने से इनकार करते हुए हत्या की आशंका जताई है। उनका दावा है कि निगम के चेहरे पर चोट के निशान थे। मदन कुमार ने गांव के पड़ोसी और पूर्व मुखिया प्रभात कुमार सहित होटल कर्मियों पर साजिश का आरोप लगाया है।

उनके मुताबिक, प्रभात ही निगम को अहमदाबाद से मुजफ्फरपुर लेकर आया था और उसे होटल में ठहराया गया था। पति ने सवाल उठाया कि प्रभात किस हैसियत से उनकी पत्नी को होटल लेकर आया था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि निगम को किसी बात को लेकर ब्लैकमेल किया जा रहा था और उसके साथ गलत व्यवहार किया गया। ज्ञात हो कि बीते 27 सितंबर को बेगूसराय कि युवती निगम कुमारी का शव गोबरसही स्थित होटल रैमसो के कमरे में फंदे से लटकता हुआ मिला था। शुरूआती तौर पर पुलिस इसे आत्महत्या से जोड़कर जांच कर रही थी। इसी बीच घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतका के पति मदन कुमार एसकेएमसीएच पहुंचे, जहां पोस्टमॉर्टम के बाद शव उन्हें सौंप दिया गया। मदन कुमार ने बताया कि अंतिम



मृतका की फाइल फोटो और होटल से बरामद शव की स्थित दर्शाता फोटो।

संस्कार के बाद उन्होंने 30 सितंबर की रात सदर थाने में अज्ञात लोगों और षड्यंत्रकारियों के खिलाफ आवेदन दिया। इसके आधार पर 1 अक्टूबर को प्राथमिकी दर्ज की गई। मदन ने बताया कि उनकी शादी निगम कुमारी से 2014 में हुई थी। उनके दो बच्चे हैं, बेटा अर्णव 10 साल का है और कक्षा 3 में पढ़ता है, जबकि बेटी परी 7 साल की है और कक्षा 1 में पढ़ती है। परिवार मूल रूप से बेगूसराय के तेघड़ा का रहने वाला है। मदन के मुताबिक, निगम अहमदाबाद की एक रियल एस्टेट कंपनी में एचआर मैनेजर के पद पर काम करती थी और उसकी मासिक आय करीब 2 लाख रुपए थी। वह अहमदाबाद में रहती थी और समय-समय पर परिवार से मिलने आती थी। वहीं, पूर्व मुखिया प्रभात कुमार ने मृतका के पति के आरोपों से अलग दावा किया है। उनका कहना है कि निगम कुमारी डिप्रेशन की समस्या से परेशान थी और मुजफ्फरपुर के एक होम्योपैथिक डॉक्टर से उसका इलाज चल रहा था। उनके अनुसार, निगम नियमित रूप से दवाइयां लेती थी और पति के साथ उसके संबंध भी ठीक थे। मृतका के पति द्वारा किए जा रहे दावे के बाद पुलिस अब होटल की सीसीटीवी फुटेज, एंट्री रजिस्टर और अन्य साक्ष्यों की जांच कर रही है।

पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि घटना वाले दिन और उससे पहले होटल में निगम से मिलने कौन-कौन लोग पहुंचे थे। वहीं मृतका के मोबाइल की कॉल डिटेल रिकॉर्ड और व्हाट्सएप्प चैट की भी जांच की जा रही है। इसके जरिए पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि निगम अहमदाबाद से मुजफ्फरपुर किन परिस्थितियों में पहुंची और इस दौरान किन लोगों के संपर्क में थी। वहीं इस मामले को लेकर मुजफ्फरपुर के एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच एसडीपीओ टाउन को सौंपी गई है और वे स्वयं भी जांच की निगरानी कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार, जांच से जुड़े तथ्यों का खुलासा अनुसंधान पूरा होने के बाद ही किया जाएगा।

संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना कांग्रेस का मिशन : हिसारिया

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। जिला कांग्रेस कमेटी से लेकर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने की रूपरेखा जिला प्रभारी सह प्रदेश महासचिव अमित हिसारिया ने रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित जिला पदाधिकारियों, प्रखंड एवं नगर अध्यक्षों की बैठक में रखी।

अमित हिसारिया ने पार्टी के नेताओं को ह्यहर घर कांग्रेस का झंडाह्ल कार्यक्रम को तेजी से चलाने, वार्ड स्तर पर कांग्रेस की विचारधारा से जुड़े मजबूत कार्यकताओं को संगठन के कार्यक्रम को सफल बनाने की जिम्मेदारी देने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने जिन वार्डों तक अभी संगठन की पहुंच नहीं बन पाई है, उसकी रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत करने को कहा।



पार्टी संगठन को लेकर जिला प्रखंड एवं नगर परिषद अध्यक्षों की बैठक को संबोधित करते कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सह जिला प्रभारी।

उन्होंने पार्टी के नेताओं और जिला संगठन के लोगों को ह्यचलो पंचायत और वार्ड की ओरह्ल अभियान के तहत क्षेत्र में जाने और वहां की स्थानीय समस्याओं को चिन्हित करने का निर्देश दिया। साथ हीं कहा कि इन समस्याओं को जिला कांग्रेस कमेटी संबंधित पदाधिकारियों और सक्षम अधिकारियों तक पहुंचाएगी तथा जरूरत पड़ने पर उनके समाधान के लिए संघर्ष भी करेगी। उन्होंने कहा कि

जिले मे संगठन की स्थिति से असंतुष्ट पार्टी के प्रदेश महासचिव ने जिला संगठन पदाधिकारियों को दिया टास्क

मुजफ्फरपुर पूर्वी के सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों मे संगठन को मजबूत बनाने के काम को मिशन के रूप मे लेना होगा। उन्होंने

कमजोर वार्ड एवं पंचायतों को चिन्हित कर वहां संगठन को मजबूत करने के लिए सामूहिक प्रयास करने तथा स्थानीय समस्याओं को चिन्हित कर उसके समाधान के लिए जनता के साथ मिलकर संघर्ष करने और लोगों को संगठन से जोड़ने का निर्देश दिया। कांग्रेस के मुजफ्फरपुर पूर्वी जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मुकुल की अध्यक्षता मे हुई बैठक में पूर्व नगर विधायक विजेंद्र चौधरी, जिला प्रवक्ता समीर कुमार, मुकेश त्रिपाठी, महिला जिलाध्यक्ष जूही प्रीतम, दिनबंधु क्रांतिकारी, मोजक्कीर रहमान, विकास कुमार टुल्लु, अमिताभ शरण पुट्टु, मो आमिर, सीमा सरोज, रिजवान अहमद एजाजी, विजय यादव, रितेश कुमार संजु, दिलीप चौधरी, प्रभात चन्द्र, ललित यादव, लक्ष्मण ठाकुर, रामप्रवेश पाल, मनोज सिंह, मैनुद्दीन, फैजान मुस्तफा, रविशंकर राय, रिमा भारती, मो. जावेद, उदय शंकर राय, रामबाबू शर्मा, अजीत कुमार, विजय कुमार, अबोध कुमार, संतोष कुमार, सरोज कुमार, अशोक कुमार, कंचन कुमार आदि मौजूद थे।

खेत में लगाए गए नंगे बिजली तार की चपेट में आने से दंपति समेत तीन की मौत मामले में कार्रवाई

खेत मालिक व बटाईदार पर एफआईआर

बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के अख्ता पश्चिमी (चकवा) पंचायत के तकिया टोला वार्ड-5 स्थित खेत में फसल को जंगली जानवरों से बचाने के लिए लगाए गए नंगे बिजली तार की चपेट में आने से दंपति समेत तीन लोगों की मौत के मामले में पुलिस ने खेत मालिक एवं बटाईदार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। मृतकों में सलाम मंसूरी, उसकी पत्नी रुबैदा खातून एवं हसनात अंसारी शामिल हैं।

थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार गिरी ने बताया कि मृतक सलाम मंसूरी के भाई कलाम मंसूरी एवं मृतक हसनात अंसारी की पत्नी समीना खातून के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। आवेदन के अनुसार शनिवार की सुबह करीब 4:30 बजे सलाम अपनी खोई हुई भैंस की तलाश में निकला था। खेत में फसल की सुरक्षा के लिए लगाए गए नंगे बिजली तार की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। उसे बचाने पहुंची पत्नी रुबैदा भी करंट की चपेट में आ गई। दोनों को बचाने पहुंचे हसनात अंसारी की भी करंट लगने से मौत हो गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में सतपुरबा निवासी खेत मालिक विजय साह एवं सुप्पी थाना क्षेत्र निवासी उसके बटाईदार इंदल पासवान को नामजद किया गया है। दोनों आरोपी घर से फरार हैं। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। सुरक्षा के मद्देनजर तकिया टोला स्थित इंदल के बैठका पर चौकीदार तैनात किया गया है। घटना के बाद इंदल का ट्रैक्टर, बाइक समेत अन्य सामान जब्त कर थाने लाया गया है। इधर, सीओ आशीष आनंद ने बताया कि अंचल कर्मियों ने घटनास्थल की जांच की है। घटना आपदा से संबंधित नहीं होने के कारण बिजली विभाग, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी एवं एडीएम आपदा को पत्र भेजा गया है। उन्होंने बताया कि मृतकों का लेबर कार्ड बना होने पर श्रम विभाग से चार-चार लाख रुपये तथा लेबर कार्ड नहीं होने की स्थिति में दो-दो लाख रुपये की सहायता उपलब्ध कराई जा सकती है। इधर, रीगा के पूर्व विधायक सह जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित कुमार टुन्ना सहयोगियों के साथ तकिया टोला पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मिलकर घटना की जानकारी ली। उन्होंने परिजनों को सांत्वना देते हुए अपने निजी कोष से सहायता राशि उपलब्ध कराई। वहीं नगर परिषद बैरगनिया की सभापति सिंधु गुप्ता के पति ब्रजमोहन कुमार ने भी प्रत्येक पीड़ित परिवार को निजी मद से 10-10 हजार रुपये की सहायता दी।



मृतको के परिजनों से मिलते पूर्व विधायक टुन्ना व अन्य।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमित कुमार टुन्ना पीड़ित परिवारों से मिले, निजी मद से दी आर्थिक सहायता

25 हजार का इनामी वांछित अभियुक्त डब्बलू राउत उर्फ डब्बला चढ़ा पुलिस के हत्थे

सीतामढ़ी (एनएसबी)। एसटीएफ एवं जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने रविवार को कार्रवाई करते हुए 25 हजार के इनामी वांछित अभियुक्त डब्बलू राउत उर्फ डब्बला को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार उसकी गिरफ्तारी रतन चौक के समीप से रविवार को दिन के करीब 11:30 बजे की गई।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान डब्बलू राउत उर्फ डब्बला, उम्र करीब 30 वर्ष, निवासी गौशाला, वार्ड संख्या-08 (पार्टी जोन के पीछे), थाना सीतामढ़ी के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध सीतामढ़ी थाना में चोरी, गृहभेदन एवं आर्म्स एक्ट समेत कई गंभीर मामले दर्ज हैं। उसके पूर्व के आपराधिक इतिहास तथा आरोपों की जांच के दौरान पुलिस को महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। पुलिस का कहना है कि मामले से जुड़े सभी पहलुओं पर गहनता से जांच एवं अग्रिम विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार डब्बलू राउत उर्फ डब्बला के विरुद्ध सीतामढ़ी थाना में कुल नौ मामले दर्ज हैं। इनमें वर्ष 2020 से 2026 तक के चोरी, आर्म्स एक्ट, गृहभेदन तथा अन्य गंभीर धाराओं से संबंधित मामले शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त लंबे समय से वांछित था और उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार का इनाम घोषित था। संयुक्त टीम की कार्रवाई को पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है।

मामले से जुड़े सभी पहलुओं पर गहनता से जांच एवं अग्रिम कार्रवाई की जा रही

संक्षिप्त खबरें

लोकतंत्र और संविधान पर हमले के खिलाफ सीपीएम का प्रतिरोध मार्च

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। लोकतंत्र और संविधान की रक्षा तथा चुनाव आयोग के राजनीतिक दुरुपयोग के खिलाफ भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) मुजफ्फरपुर जिला कमिटी के नेतृत्व में रविवार को नगर में प्रतिरोध मार्च निकाला गया। मार्च मे शामिल लोग लोकतंत्र और संविधान पर हमला बंद करो तथा चुनाव आयोग का राजनीतिक दुरुपयोग बंद करो, ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो, वोट चोरी से बनी बिहार भाजपा सरकार को बर्खास्त करो आदि नारे लगाते हुए चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया। साथ हीं सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सीपीएम जिला कमिटी के सदस्य सूरज कुमार सिंह के नेतृत्व मे आयोजित प्रतिरोध मार्च में सुरेश कुमार यादव सहित मुज्जमिल अंसारी, सगीर अंसारी, भोला राम,विक्की कुमार, मो इरशाद, मो अकबर, अजय कुमार, अखलाक अंसारी, रामप्रीत मुखिया, मनोज राम, रामलाल मुखिया सहित जिला पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं समर्थकों ने लाल झंडों के साथ हिस्सा लिया।

मीडिया विभाग के चेयरमैन पद पर अजय पासवान की नियुक्ति का कांग्रेस नेताओं ने किया स्वागत

सीतामढ़ी (एनएसबी)। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया एवं प्रचार विभाग के चेयरमैन पद पर अजय कुमार पासवान की नियुक्ति का जिला कांग्रेस के नेताओं ने स्वागत किया है। जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रकटू प्रसाद, पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रमोद कुमार नील, मो. अफाक खान, संजय कुमार बिररख, प्रो. राजकुमार गुप्ता, मो. शम्स शाहनवाज, रितेश रमन सिंह, मनोज सिंह, राजेश राय, हैदर अंसारी एवं रामनरेश यादव आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अजय कुमार पासवान के अनुभव एवं सक्रियता का लाभ पार्टी को मिलेगा। उनके नेतृत्व में मीडिया एवं प्रचार विभाग कांग्रेस की नीतियों, विचारधारा एवं जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से आम लोगों तक पहुंचाने का कार्य करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि नवनियुक्त चेयरमैन कांग्रेस की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

जुआ खेलते और शराब का सेवन करते 13 गिरफ्तार, 18 बाइक व 65 हजार नकद बरामद

सीतामढ़ी (एनएसबी)। परिहार थाना क्षेत्र के ग्राम परिहार स्थित महेंद्र सिंह के आम के बगीचे में रविवार को पुलिस ने छापेमारी कर जुआ खेलते एवं शराब का सेवन करते 13 लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से ताश की चार गड्डियां, 65 हजार रुपये नकद, नेपाली एवं अंग्रेजी शराब सहित 18 मोटरसाइकिल बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना मिली थी कि महेंद्र सिंह के आम के बगीचे में कुछ लोग एकत्र होकर जुआ खेल रहे हैं तथा शराब का सेवन कर रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने उक्त स्थल की घेराबंदी कर विधिवत छापेमारी की। इस दौरान जुआ खेलते एवं शराब का सेवन करते कुल 13 लोगों को रंगेहाथ पकड़ा गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने चार ताश की गड्डियां, 65 हजार रुपये नकद, नेपाली एवं अंग्रेजी शराब कुल 4.125 लीटर तथा 18 मोटरसाइकिल बरामद की। सभी सामान को विधिवत जब्त कर गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज करते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

मुजफ्फरपुर में भारत विकास परिषद की प्रांतीय स्तरीय भारत को जानो प्रतियोगिता आयोजित

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। भारत विकास परिषद, उत्तर बिहार प्रांत की प्रांत स्तरीय ह्यभारत को जानो प्रश्न मंच प्रतियोगिताह्न का आयोजन रविवार को मुजफ्फरपुर स्थित भारत विकास परिषद के दिव्यांग केंद्र में किया गया। प्रतियोगिता में सीवान, दरभंगा, मोतिहारी और मुजफ्फरपुर समेत विभिन्न जिलों से 7 जूनियर और 7 सीनियर टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन भारत विकास परिषद



प्रतियोगिता मे प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर रही टीम के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान करते परिषद के अधिकारी गण।।

के प्रांतीय महामंत्री सुधीर कुमार सिंह, क्षेत्रीय वित्त सचिव सीए के.के चौधरी, राष्ट्रीय स्तर की सेवा गतिविधियों से जुड़े पदाधिकारियों तथा अन्य अतिथियों ने किया। मौके पर कार्यक्रम संयोजक डॉ. नवनवीन शांडिल्य सहित परिषद के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रतियोगिता का उद्घाटन अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर तथा भारत माता और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की। इसके बाद राष्ट्रगीत ह्यवंदे मातरम्ह्न के साथ प्रतियोगिता की शुरूआत की गई।प्रतियोगिता के परिणाम में जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर श्याम कुमार एवं आकाश कुमार की टीम रही। यह टीम जाम स्कूल, मोतिहारी का प्रतिनिधित्व कर रही थी। वहीं सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान दिव्यांशु कुमार एवं प्रियांशु कुमार की टीम ने प्राप्त किया, जो टेगोर पब्लिक स्कूल, सिमरी बख्तियारपुर से संबंधित बताई गई।परिषद की ओर से बताया गया कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली दोनों टीमें 6 दिसंबर को होने वाली क्षेत्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में उत्तर बिहार प्रांत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

बेलसंड में 84 जिंदा कारतूस व बाइक के साथ दो गिरफ्तार

बेलसंड/सीतामढ़ी (एनएसबी)। बेलसंड थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 84 जिंदा कारतूस, एक मोटरसाइकिल के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के मखनाहा गांव में शनिवार को की।

पुलिस के अनुसार, मखनाहा गांव में अमित आनंद उर्फ सोनू सिंह के घर की विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान 84 पीस जिंदा कारतूस एवं एक मोटरसाइकिल बरामद हुई। बरामद सामान के संबंध में वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किए जाने पर पुलिस ने उसे जब्त करते हुए अमित आनंद उर्फ सोनू सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ एवं गिरफ्तार अभियुक्त के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर कमलेश कुमार को भी गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपितों की पहचान बेलसंड थाना क्षेत्र के मखनाहा वार्ड-3 निवासी अमित आनंद उर्फ सोनू सिंह तथा भंडारी वार्ड-1 निवासी कमलेश कुमार के रूप में हुई है। मामले में बेलसंड थाना कांड संख्या 252/26 दर्ज कर अग्रेतर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार कमलेश कुमार का आपराधिक इतिहास रहा है। उसके विरुद्ध बेलसंड थाना में वर्ष 2021, 2024 और 2025 के विभिन्न मामले दर्ज हैं। इसके अलावा पुपरी तथा परिहार थाना में भी मामले दर्ज हैं। पुलिस ने उसके विरुद्ध दर्ज मामलों में हत्या के प्रयास सहित आर्म्स एक्ट और एससी-एसटी एक्ट से संबंधित धाराओं का उल्लेख किया है।

गिरफ्तार कमलेश कुमार का रहा है आपराधिक इतिहास

बेलसंड, परिहार व पुपरी थाने में दर्ज हैं केस

नगर निगम कर्मचारी संघ की बैठक में पांच सूत्री मांगों को लेकर प्रस्ताव पारित

सीतामढ़ी (एनएसबी)। नगर निगम कर्मचारी संघ की आवश्यक बैठक रविवार को संघ के अध्यक्ष चंदन राउत की अध्यक्षता में गुदरी बाजार, सिनेमा रोड स्थित संघ कार्यालय में हुई। बैठक का संचालन संघ के संरक्षक सह मंत्री संजय कुमार पप्पू ने किया।

बैठक में नगर निगम में कार्यरत कर्मचारियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा के बाद पांच सूत्री प्रस्ताव पारित किया गया। इसमें नगर निगम में कार्यरत एनजीओ का कार्यालय नगर निगम परिसर में खोलने, सभी कर्मचारियों के वेतन को नियमित करने तथा कर्मचारियों के ईपीएफ का नियमित भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की गई। इसके अलावा आगामी ठंड के मौसम को देखते हुए कर्मचारियों को गर्म वर्दी उपलब्ध कराने तथा नगर निगम में कार्यरत सभी कर्मचारियों का आयुष्मान कार्ड बनवाने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में संघ के अध्यक्ष चंदन राउत, संरक्षक सह मंत्री संजय कुमार पप्पू, नगर निगम के बड़ा बाबू अरुण चौबे, नगर सफाई निरीक्षक बिंदेश्वर राउत, कालिका नंदन प्रसाद, दिनेश तिवारी बबलू, अनिल राउत, विजय राउत, राकेश राउत, मिलन देवी, रामबृक्ष राउत, रामाशीष साह सहित दर्जनों नगर निगम कर्मी उपस्थित थे।



नगर निगम कर्मचारी संघ की आवश्यक बैठक में शामिल पदाधिकारी व अन्य।

विमल कुमार परिमल की पुस्तक 'मानस के प्रसंग और पात्र' का हुआ लोकार्पण



कार्यक्रम मे नवरचित पुस्तक का लोकार्पण करते अतिथि गण।

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। आमगोला स्थित शुभानंदी परिसर के प्रतिभा सभागार में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अवकाश प्राप्त राजभाषा अधिकारी विमल कुमार परिमल की पुस्तक *मानस के प्रसंग और पात्र* का लोकार्पण उत्सव विनोद कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। विषय प्रवर्तन में पुस्तक पर विस्तार से बोलते हुए डॉ संजय पंकज ने कहा कि विमल जी की यह कृति मानस चिंतन के व्यापक और शाश्वत सार तत्व को समकालीन संदर्भों में निरूपित करती है। भारतीय संस्कृति मानवीय मूल्यों की आचार संहिता है। रामचरितमानस के सारे पात्र जीवन जीने की कला बताते हैं। लेखक ने मानस के प्रेरक प्रसंगों को गंभीरतापूर्वक उजागर करते हुए चरित्र निर्माण के अनुरूप प्रतिपादित किया है। संग्रह के आलेख परिवार, समाज और मनुष्य जीवन के लिए उद्बोधक हैं। मुख्य वक्ता डॉ पूनम सिन्हा ने कहा कि विमल परिमल ने बारीकी से मानस के प्रसंगो का विश्लेषण किया है। यह पुस्तक जीवन जीने का सूत्र बताती है। डॉ त्रिविक्रम नारायण सिंह ने कहा कि मानस विषयक प्रसंग को लेखक ने विवेकपूर्ण विमर्श बना दिया है। उदयनारायण सिंह ने मानस की महिमा का समाजीकरण करने के लिए विमल जी को साधुवाद दिया और कहा कि पुस्तक प्रेरक, अनुकरणीय और ज्ञानात्मक है। डॉ रणवीर राजन ने कहा कि मानस चिंतन में विमल जी ने संवेदनात्मक दृष्टिकोण से काम लिया है। विनोद कुमार सिन्हा, एच एल गुप्ता, श्रीमन्नारायण, डॉ अनु शांडिल्य ने पुस्तक की उपयोगिता पर प्रकाश डाला और कहा कि वर्तमान परिवेश में इसकी प्रासंगिकता है। आभार में पुस्तक के लेखक विमल कुमार परिमल ने कहा कि मेरे रचनात्मक विकास में परिवार, समाज और परिवेश का योगदान है। रामचरितमानस मेरा आदर्श है। समारोह में ब्रजभूषण शर्मा, राकेश कुमार सिंह, प्रेमभूषण, अनिल मिश्रा, विभु कुमारी, चैतन्य चेतन, प्रमोद आजाद,अमरेंद्र कुमार की उपस्थिति रही। डॉ केशव किशोर कनक ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

संपूर्ण क्रांति मोर्चा कोर कमेटी की बैठक में विभिन्न सामाजिक एवं जनहित के मुद्दों पर हुई गंभीर चर्चा



बैठक मे शामिल मोर्चा के पदाधिकारी गण।

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। नगर से सटे खबड़ा में रविवार को संपूर्ण क्रांति मोर्चा की कोर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक मोर्चा के संरक्षक सुखदेव ओझा के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में यूजीसी को रोलबैक करने, सामान्य शर्तों पर एवं गरीबी के आधार पर आरक्षण की समीक्षा एवं आरक्षण में वर्गीकरण, एससी/एसटी कानून में संशोधन तथा समान नागरिक व्यवस्था लागू करने सहित विभिन्न सामाजिक एवं जनहित के मुद्दों पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में दूध एवं छोटे बच्चों के आहार पर लगाए जाने वाले टैक्स तथा कफन पर टैक्स जैसे जनभावनाओं से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई। उपस्थित सदस्यों ने कहा कि आम जनता, गरीब एवं वंचित वर्गों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाना और उनके हितों के लिए लोकतांत्रिक तरीके से आवाज बुलंद करना मोर्चा की प्राथमिकता होगी। बैठक में आगे की रणनीति एवं संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया तथा सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों को व्यापक स्तर पर उठाने पर सहमति बनी।

इस बैठक में मुकेश झा, विकास कृष्ण कविजी, डॉ. विजयेश कुमार, पुरुषोत्तम प्रसाद वर्मा, मो उमैर शेख, मकबूल पैठान, प्रवक्ता अनय राज एवं आईटी सेल अध्यक्ष अमित कुमार को शामिल कर सात सदस्यों के संयोजक मंडल का गठन किया गया। बैठक में केशव कुमार मिंटू, अमित विक्रम, अमोद कुमार ठाकुर, डॉ. हरि किशोर सिंह, विकास कुमार, मो आले, तजामुल हुसैन, मोहम्मद नौशाद, तबरेज आलम सहित कई गणमान्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सीईसी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने दूसरे दिन भी किया सत्याग्रह

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। जिला कांग्रेस कार्यालय, तिलक मैदान में रविवार को दूसरे दिन भी कांग्रेस कार्यकताओं ने महात्मा गांधी की तस्वीर रखकर ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर सत्याग्रह आंदोलन पर रहे। रविवार को सत्याग्रह आंदोलन मे शामिल हुए कांग्रेस जिला प्रभारी अमित हिसारिया ने कहा कि विगत विधानसभा चुनाव में बिहार में जितने वोटरों के नाम कटे, उससे आधे से भी कम वोटों से महागठबंधन हारा। इससे साबित होता है कि बिहार में चोरी की सरकार है। दूसरे दिन के सत्याग्रह में पूर्व नगर विधायक विजेंद्र चौधरी, मुकेश त्रिपाठी, दिलीप चौधरी, मनोज सिंह, दिनबंधु क्रांतिकारी, विकास कुमार टुल्लु, अमिताभ शरण पुट्टु, मो. आमिर, सीमा सरोज, विजय यादव, रितेश कुमार संजु, प्रभात चन्द्र, ललित यादव, लक्ष्मण ठाकुर, रामप्रवेश पाल आदि कार्यकर्ता शामिल हुए।

अति पिछड़ा दावेदारी सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक

सीतामढ़ी (एनएसबी)। राष्ट्रीय स्तर पर जनगणना - 2026 में अति पिछड़ा एवं पिछड़ा वर्ग के कॉलम में जातियों का नाम दर्ज करना अनिवार्य करने, जनसंख्या के अनुपात में पंचायतों में अति पिछड़ा वर्ग का आरक्षण बढ़ाकर 38 प्रतिशत करने, अति पिछड़ा वर्ग अत्याचार उत्पीड़न कानून बनाने, ठेकेदारी में अति पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण लागू करने तथा पुरानी पेंशन योजना बहाल करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर 24 अक्टूबर को पटना स्थित जगजीवन राम शोध संस्थान में अति पिछड़ा दावेदारी सम्मेलन आयोजित होगा।

सम्मेलन की तैयारी को लेकर रविवार को महंथ पैलेस, डुमरा में अति पिछड़ा वर्ग संघ की बैठक जिलाध्यक्ष राजेंद्र महतो चंद्रवंशी की अध्यक्षता में हुई। संचालन कार्यक्रम संयोजक राजाराम पंडित ने किया। बैठक में सम्मेलन की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा करते हुए अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से कार्यक्रम तैयारी समिति का गठन किया गया। राजाराम पंडित को संयोजक तथा धीरज ठाकुर को सह संयोजक बनाया गया। समिति के सदस्यों में पप्पू ठाकुर, पिंटू शर्मा, राघव ठाकुर, विश्वास कुमार, शंभू पंडित, धनंजय सहनी, संजीत रावत, पांडव महतो, सुजय दास, अभिषेक मंडल, रूपेश मुखिया, अरमान नट एवं आदित्य पाल को शामिल किया गया। राजेंद्र महतो चंद्रवंशी को मुख्य संरक्षक बनाया गया। बैठक में श्याम बिहारी पंडित, दिनेश प्रसाद पाल, शंकर ठाकुर, राकेश कुमार, विक्की कुमार, आदित्य कुमार, तेजस्वी आनंद, धीरज कुमार, रवि कुमार शर्मा, पप्पू ठाकुर, विश्वास कुमार, वीरेंद्र चंद्रवंशी, रूपेश मुखिया, आदित्य पाल सहित अन्य उपस्थित थे।



महंथ पैलेस, डुमरा में अति पिछड़ा वर्ग संघ की बैठक में शामिल जिलाध्यक्ष व अन्य।

24 अक्टूबर को पटना स्थित जगजीवन राम शोध संस्थान में अति पिछड़ा दावेदारी सम्मेलन आयोजित होगा

सम्पादकीय

जेडीयू में मतभेद का खुला अध्याय

बिहार की राजनीति में जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के मोकामा विधायक अनंत कुमार सिंह का पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के जन सुराज प्रत्याशी डा. अनुज सिंह के समर्थन में खुलकर सामने आना पार्टी की आंतरिक राजनीति को लेकर नई बहस का कारण बना है। जेडीयू ने इसी सीट से अपने मौजूदा विधान पार्षद एवं मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार को प्रत्याशी बनाया है। ऐसे में पार्टी के एक विधायक का अपने दल के प्रत्याशी के बजाय दूसरे दल के उम्मीदवार के समर्थन में सार्वजनिक रूप से खड़ा होना स्वाभाविक रूप से राजनीतिक और संगठनात्मक सवाल खड़े करता है। अनंत सिंह ने केवल समर्थन की घोषणा तक खुद को सीमित नहीं रखा। वे 1 अक्टूबर को अनुज सिंह के नामांकन कार्यक्रम में उनके साथ खुले तौर पर मौजूद रहे और समर्थकों के काफिले के साथ नामांकन के लिए पहुंचे। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, नामांकन से पहले अनुज सिंह अनंत सिंह के सरकारी आवास पहुंचे और दोनों खुली जीप में साथ निकले। नामांकन के बाद अनंत सिंह ने अनुज सिंह को माला पहनाकर बधाई भी दी। यह घटनाक्रम इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह सब उस समय हुआ जब अनुज सिंह उसी निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव मैदान में हैं जहां जेडीयू ने नीरज कुमार को अपना प्रत्याशी बनाया है। इस पूरे प्रकरण का एक और चर्चित पहलू 50 हजार रसगुल्ले तैयार करवाने की खबर है।

रिपोर्टों के मुताबिक अनंत सिंह ने अनुज सिंह के नामांकन के अवसर पर समर्थकों और आम लोगों के बीच रसगुल्ले बांटने के लिए इतनी बड़ी मात्रा में मिठाई तैयार करवाई। राजनीति में प्रतीकों का अपना महत्व होता है। किसी उम्मीदवार के नामांकन में इतनी व्यापक सार्वजनिक भागीदारी और मिठाई वितरण को समर्थक उत्साह के रूप में देखा जा सकता है, जबकि राजनीतिक विश्लेषण के स्तर पर इसे संबंधित उम्मीदवार के प्रति खुले समर्थन के संकेत के रूप में भी पढ़ा जा रहा है। हालांकि इसके पीछे व्यक्तिगत, स्थानीय या संगठनात्मक कारण क्या हैं, इसका अंतिम निष्कर्ष बिना संबंधित पक्षों के स्पष्ट बयान के निकालना उचित नहीं होगा।

सबसे बड़ा प्रश्न अब जेडीयू नेतृत्व की प्रतिक्रिया को लेकर है। क्या इसे केवल दो नेताओं के बीच व्यक्तिगत विवाद मानकर सुलझाने की कोशिश की जा रही है, या इसे पार्टी अनुशासन से जुड़ा विषय माना जा रहा है सार्वजनिक रूप से उपलब्ध बयानों में जेडीयू नेता श्रवण कुमार ने कहा है कि अनंत सिंह और नीरज कुमार से संबंधित मामला पार्टी के बड़े नेताओं के संज्ञान में है और उचित समय पर समाधान किया जाएगा। इससे इतना स्पष्ट है कि नेतृत्व इस विवाद से अनभिज्ञ नहीं है। लेकिन अभी तक पार्टी की ओर से अनंत सिंह के विरुद्ध किसी अंतिम अनुशासनात्मक कार्रवाई की औपचारिक घोषणा सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आई है।

यहीं से पार्टी की रणनीति बनाम अनुशासन की बहस शुरू होती है। किसी राजनीतिक दल के लिए अपने प्रत्याशी के विरुद्ध पार्टी के निर्वाचित प्रतिनिधि का सार्वजनिक समर्थन गंभीर संगठनात्मक विषय हो सकता है। दूसरी ओर, यदि नेतृत्व तत्काल कठोर कार्रवाई के बजाय संवाद और समझौते का रास्ता अपनाता है, तो उसका उद्देश्य विवाद को बढ़ाने के बजाय नियंत्रित करना हो सकता है। उपलब्ध सार्वजनिक बयानों में नेतृत्व ने समाधान की बात कही है, लेकिन कार्रवाई न करने की वास्तविक वजह के बारे में पार्टी की ओर से कोई विस्तृत आधिकारिक स्पष्टीकरण सामने नहीं आया है। इसलिए इसके पीछे किसी निश्चित राजनीतिक गणित या व्यक्तिगत कारण का दावा करना उचित नहीं होगा।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि अनंत सिंह और नीरज कुमार के बीच विवाद अचानक सामने नहीं आया। सितंबर में दोनों के बीच मतभेद को दूर करने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक और सुलह की कोशिशों की खबरें सामने आई थीं। उस समय भी पार्टी की ओर से विवाद को समय रहते सुलझाने की बात कही गई थी। यानी नेतृत्व के स्तर पर इस मतभेद को पहले से ही एक संवेदनशील विषय के रूप में देखा जा रहा था। अब स्थिति इसलिए अधिक स्पष्ट दिखाई दे रही है क्योंकि व्यक्तिगत मतभेद का मामला चुनावी समर्थन के सार्वजनिक प्रश्न में बदल चुका है। यदि कोई विधायक अपनी पार्टी के प्रत्याशी के विरुद्ध दूसरे दल के उम्मीदवार के समर्थन में सक्रिय रूप से दिखाई देता है, तो इससे पार्टी कार्यकर्ताओं और मतदाताओं के सामने भी स्वाभाविक प्रश्न उठते हैं कि पार्टी की आधिकारिक लाइन क्या है और विधायक की राजनीतिक भूमिका क्या है।

तकनीक बनाम रोजगार



विजन कुमार पाण्डेय।

तकनीक ने हमेशा काम की दुनिया को बदला है। मशीनों ने श्रम की प्रकृति बदली, कंप्यूटर ने दफ्तरों में काम करने का तौर-तरीका बदला और अब एआई इस परिवर्तन को नई गति दे रही है। फर्क बस यह है कि इस बार बदलाव किसी एक उद्योग तक सीमित नहीं रहा है। चाहे वह बैंक का कर्मचारी हो या कॉल सेंटर का युवा, शिक्षक, दुकानदार, पत्रकार और किसान, सभी किसी न किसी रूप में इसके प्रभाव में आ रहे हैं। इसलिए विचार विमर्श अब केवल तकनीक की प्रगति पर नहीं, बल्कि उसके साथ बदलते रोजगार पर होनी चाहिए।

भारत के लिए यह प्रश्न विशेष महत्व का इसलिए है क्योंकि देश की बड़ी युवा आबादी हर वर्ष रोजगार बाजार में प्रवेश करती है। ऐसे में आर्थिक वृद्धि का महत्व तभी बढ़ता है जब उसका लाभ पर्याप्त और बेहतर रोजगार के रूप में दिखाई दे। लेकिन तकनीकी परिवर्तन इस समीकरण को जटिल बना रहा है। कुछ काम मशीनों को सौंपे जा रहे हैं, कुछ नए काम पैदा हो रहे हैं और अनेक मौजूदा नौकरियों का स्वरूप बदल रहा है।

इसका सीधा उदाहरण बैंकिंग है। कभी सामान्य बैंकिंग जानकारी के लिए ग्राहक को शाखा जाना पड़ता था और कर्मचारी घंटों एक जैसे सवालों के जवाब देते थे। अब मोबाइल ऐप और चैटबॉट इन कामों को संभाल रहे हैं। इससे कर्मचारी की जरूरत समाप्त नहीं हुई, बस उनकी भूमिका बदली है। अब जटिल मामलों को समझना, ग्राहक की समस्या का समाधान करना और निर्णय लेना अधिक महत्वपूर्ण है। यही एआई का मूल प्रभाव है। वह केवल नौकरियां नहीं बदल रही बल्कि काम की परिभाषा भी बदल रही है।

छोटे कारोबार में भी अब यह बदलाव दिखाई देता है। दुकानदार के लिए डिजिटल भुगतान और मोबाइल आधारित लेखांकन ने हिसाब-किताब को आसान बनाया है। ऑनलाइन मंचों ने छोटे कारोबार को स्थानीय बाजार से बाहर ग्राहक तक पहुंचने का अवसर दिया है। लेकिन जिस दुकानदार को इन साधनों का इस्तेमाल नहीं आता, उसके सामने प्रतिस्पर्धा की कठिनाई बढ़ गई है। इसलिए भविष्य में तकनीक का लाभ उसकी उपलब्धता से नहीं, उसके इस्तेमाल की क्षमता से तय होगा।

कृषि में भी यही स्थिति है। किसान मोबाइल के जरिए मौसम, मंडी भाव और फसल संबंधी जानकारी पा सकता है। ड्रोन और सेंसर जैसी तकनीकों के प्रयोग की संभावनाएं बढ़ रही हैं। लेकिन तकनीक खेत तक पहुंच जाने भर से खेती नहीं बदलती। किसान को उसके उपयोग की जानकारी और प्रशिक्षण भी चाहिए। ग्रामीण भारत में डिजिटल साक्षरता इसलिए रोजगार और उत्पादकता दोनों का प्रश्न बन गई है।

शिक्षा और पत्रकारिता जैसे क्षेत्रों में एआई का प्रभाव और भी गहरा है। शिक्षक पाठ योजना, प्रश्न पत्र या शिक्षण सामग्री तैयार करने में एआई की मदद ले सकता है, लेकिन उसकी विश्वसनीयता और प्रासंगिकता परखने की जिम्मेदारी उसी की होगी। पत्रकार आंकड़ों के विश्लेषण, अनुवाद और सूचनाओं के प्रारंभिक संकलन में मशीन की सहायता ले सकता है, लेकिन किसी गांव में जाकर समस्या की वास्तविकता समझना, लोगों से संवाद करना और उसके सामाजिक संदर्भ को सामने लाना मानवीय विवेक का ही काम रहेगा। तकनीक काम को तेज कर सकती है, पर अनुभव, संवेदना और निर्णय क्षमता का विकल्प नहीं बन सकती। इसलिए रोजगार का भविष्य केवल इस सवाल से तय नहीं होगा कि एआई कितनी नौकरियां कम करेगी। बड़ा सवाल यह है कि बदलते काम की दुनिया के लिए हमारे कितने लोग तैयार हैं।

विश्व आर्थिक मंच की 2025 की रिपोर्ट के अनुसार एआई और ऑटोमेशन आने वाले वर्षों में रोजगार की प्रकृति को तेजी से बदलेंगे।

यहीं भारत की वास्तविक चुनौती सामने आती है। यदि कौशल विकास की व्यवस्था समय के साथ नहीं बदली तो डिग्री और रोजगार के बीच जो दूरी पहले से मौजूद है, तकनीकी बदलाव उसे और बढ़ा सकता है। अब प्रशिक्षण का मतलब केवल कंप्यूटर चलाना सीखना नहीं है। युवाओं को एआई उपकरणों के व्यावहारिक इस्तेमाल, डेटा की समझ, डिजिटल सुरक्षा, संचार, समस्या समाधान और रचनात्मक सोच से लैस करना होगा। उन्हें केवल नौकरी खोजने वाला नहीं, बदलते रोजगार बाजार में अपनी जगह बनाने वाला बनाना होगा।

छोटे शहरों और कस्बों के युवाओं के लिए इसमें नई संभावनाएं भी हैं। यदि कोई स्नातक स्थानीय भाषा में डिजिटल सामग्री तैयार करना, ऑनलाइन ग्राहक सेवा, डेटा प्रबंधन या एआई आधारित सेवाओं का संचालन सीख ले तो उसके रोजगार के अवसर अपने शहर के बाहर तक फैल सकते हैं। दूरस्थ काम की बढ़ती संभावनाएं उसे महानगरों की ओर पलायन करने की मजबूरी से भी कुछ हद तक बचा सकती हैं। लेकिन इसके लिए तेज और भरोसेमंद इंटरनेट, उपयुक्त उपकरण तथा रोजगार से जुड़ा व्यावहारिक प्रशिक्षण तीनों जरूरी होंगे।

तकनीकी बदलाव की सबसे बड़ी चुनौती उन कर्मचारियों के सामने है जिनका वर्षों का अनुभव पारंपरिक काम में रहा है। उनके लिए नई तकनीक सीखना केवल नया सॉफ्टवेयर सीख लेना नहीं, बल्कि काम करने का पूरा तरीका बदलना है। इसलिए उद्योगों को नई भर्ती के साथ साथ मौजूदा कर्मचारियों के पुनर्प्रशिक्षण पर भी निवेश करना होगा। सरकार को ऐसी व्यवस्था बनानी होगी, जिसमें तकनीकी बदलाव से प्रभावित व्यक्ति कौशल उन्नयन के बाद फिर रोजगार बाजार में मजबूती से लौट सके।

विश्व आर्थिक मंच की 2025 की रिपोर्ट के अनुसार एआई और ऑटोमेशन आने वाले वर्षों में रोजगार की प्रकृति को तेजी से बदलेंगे। इसका अर्थ यह नहीं कि बड़े पैमाने पर रोजगार समाप्त होना तय है। ऐसे में दोहराए जाने वाले काम मशीनें संभाल सकती हैं, जबकि विश्लेषण, रचनात्मकता, निर्णय और मानवीय संवाद जैसे कौशलों का महत्व बढ़ सकता है।

हालांकि भारत के लिए यही चुनौती एक अवसर भी है। युवा आबादी और बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था इसकी ताकत हैं, लेकिन शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण और उद्योग की जरूरतों के बीच बेहतर तालमेल जरूरी है। विशेष रूप से छोटे शहरों के युवाओं तक स्थानीय भाषाओं में एआई और डिजिटल प्रशिक्षण पहुंचाना होगा। आईटीआई, पॉलिटेक्निक और विश्वविद्यालयों में उद्योग आधारित पाठ्यक्रम तथा अप्रेंटिसशिप बढ़ानी होगी। तभी तकनीकी प्रगति कुछ लोगों के लिए सुविधा नहीं बल्कि व्यापक आबादी के लिए रोजगार का माध्यम बन सकेगी।

आज तकनीकी बदलाव को रोकना न संभव है और न समझदारी। दरअसल असली कसौटी यह है कि मशीनों से बढ़ी उत्पादकता का लाभ केवल मुनाफे में नहीं, बल्कि रोजगार, आय और काम की गरिमा में भी दिखाई दे। हालांकि एआई कुछ नौकरियां घटाएगी, कुछ नई पैदा करेगी और अनेक का स्वरूप बदल देगी। इसलिए सवाल यह नहीं कि मशीन मनुष्य की जगह लेगी या नहींय सवाल यह है कि मनुष्य मशीन के साथ अपनी नई जगह कितनी जल्दी बना पाएगा।

यहां भारत की सफलता एआई अपनाने की रफ्तार से नहीं, अपने लोगों को उसके लिए तैयार करने की क्षमता से तय होगी। तकनीक तभी विकास बनेगी, जब वह अवसरों का दायरा बढ़ाए, असमानता की खाई को नहीं। यह सच है कि मशीनें भविष्य की नौकरियां बदलेंगी, लेकिन उस भविष्य का चेहरा इंसान की तैयारी तय करेगी।

(लेखक स्तम्भकार हैं।)
(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

प्रेम कुमार ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के कला एवं संस्कृति प्रकोष्ठ के ग्लोबल कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत

पटना (दैनिक नवसंदेश) वरिष्ठ पत्रकार एवं संस्कृतिकर्मी प्रेम कुमार को ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के कला एवं संस्कृति प्रकोष्ठ का ग्लोबल कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने श्री कुमार को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उनके मनोनयन पर पत्रकारिता, कला, संस्कृति एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने उन्हें बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

श्री कुमार लंबे समय से पत्रकारिता के साथ-साथ कला एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़े रहे हैं। उनके मनोनयन से कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में संगठन की गतिविधियों को और व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाने की उम्मीद जताई जा रही है। लोगों ने कहा कि



उनके अनुभव एवं सक्रियता से कलाकारों, संस्तिकर्मियों और विभिन्न रचनात्मक विधाओं से जुड़ी प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा।

अपने मनोनयन पर प्रेम कुमार ने ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने संगठन की प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन के प्रति भी विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया। श्री कुमार ने कहा कि संगठन ने उनपर जो विश्वास व्यक्त किया है, वह उनके लिए सम्मान के साथ-साथ महत्वपूर्ण दायित्व भी है। वह इस जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा, प्रतिबद्धता और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे।

उन्होंने कहा कि कला और संस्कृति समाज को जोड़ने का सशक्त माध्यम है। लोक कला, साहित्य, संगीत, रंगमंच और अन्य सांस्कृतिक विधाओं को बढ़ावा देने तथा कलाकारों को उचित मंच उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास किया जाएगा। देश-विदेश में रहने वाले कायस्थ समाज की कला एवं सांस्तिक प्रतिभाओं को एक मंच पर लाने और नई पीढ़ी को अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने के लिए भी पहल की जाएगी। श्री कुमार ने कहा कि इस दायित्व को प्रभावी ढंग से निभाने के लिए संगठन के पदाधिकारियों, सदस्यों और कला-संस्कृति से जुड़े लोगों का सहयोग आवश्यक है।

हिन्दी साहित्य का इतिहास लिखकर अमर हो गए आचार्य रामचंद्र शुक्ल



समारोह का उद्घाटन करते सुप्रसिद्ध नेत्र-रोग विशेषज्ञ और बिहार विधान परिषद के सदस्य डा राजवर्धन आजाद , बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ व अन्य।

पटना (दैनिक नवसंदेश) । हिन्दी के महान सेवक आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने हिन्दी साहित्य का इतिहास लिखकर हिन्दी का जो उपकार किया वह अन्यतम है। उनकी इसी कृति ने उन्हें साहित्य में अमर कर दिया। उनकी दूसरी अमर-कृति चिंतामणि ने हिन्दी के मर्मज्ञ आलोचकों की समस्त चिंताएँ दूर कर दी। काव्य में भाव और रस के महान पक्षधर, हिन्दी-समालोचना के शिखर पुरुष शुक्ल जी साहित्य के विद्यार्थियों के लिए आज भी पथ-प्रदर्शक हैं।

यह बातें रविवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित जयंती-समारोह और कथा-गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। डा सुलभ ने कहा कि, शुक्ल जी ने अपने संघर्षपूर्ण जीवन से, मानव-मस्तिष्क और उसके विचारों को पढ़ने की एक विलक्षण शक्ति प्राप्त कर ली थी। एक कुशल मनोवैज्ञानिक की भाँति वे कविता के मर्म को कुछ पंक्तियों के अवलोकन से ही भाँप लेते थे। उनका विचार था कि काव्य की रचना केवल आनंद के लिए नहीं, वरण लोक-कल्याण के महान लक्ष्य को ध्यान में रखकर की जानी चाहिए।

एकांतिक साहित्य-साधक थे महाकवि प्रेमयोगी, लघुकथा के पुरोधा साहित्यकार थे पुष्करणा जी

साहित्य सम्मेलन में आयोजित हुई जयन्ती और लघुकथा-गोष्ठी

जयंती पर महाकवि ब्रजनंदन सहाय मोहन प्रेमयोगी को स्मरण करते हुए डा सुलभ ने कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के अनेक उलझनों के मध्य रह कर भी उन्होंने अद्भुत काव्य-सृजन किए। हिन्दी को विश्व-भर में प्रतिष्ठा मिले, इसके लिए वे निरन्तर प्रयत्नशील रहे। उनकी एकांतिक-साधना, नव-साहित्यकारों को प्रेरणा देती है। उन्होंने डा सतीश राज पुष्करणा को भी श्रद्धापूर्वक स्मरण किया तथा उन्हें बिहार में लघुकथा-आंदोलन का पितामह बताया।

समारोह का उद्घाटन करते हुए सुप्रसिद्ध नेत्र-रोग विशेषज्ञ और बिहार विधान परिषद के सदस्य डा राजवर्धन आजाद ने कहा कि साहित्य की इन्ही महान विभूतियों से हिन्दी का विशाल भंडार भरा है। साहित्य सम्मेलन ऐसे आयोजनों से नयी पीढ़ी को जागरूक कर रहा है, जो बहुत बड़ी बात है।

अतिथियों का स्वागत करते हुए, सम्मेलन के प्रधानमंत्री डा उपेंद्रनाथ पाण्डेय ने कहा कि संस्कृत, फारसी, अंग्रेजी और हिन्दी के महान विद्वान आचार्य शुक्ल ने अपनी पुस्तक हिन्दी साहित्य का इतिहास की प्रस्तावना में लिखा है कि संस्कृत के अपभ्रंस से हिन्दी की उत्पत्ति हुई। शुक्ल जी आलोचना-साहित्य के सर्वाधिक महवपूर्ण व्यक्ति हैं। उन्होंने पश्चिम के साहित्यकारों शेक्सपियर और मिल्टन के साहित्य पर ही नहीं तुलसी जैसे महाकवि के साहित्य का सूक्ष्म अवलोकन किया और आलोचनाएँ लिखीं।

सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा शंकर प्रसाद, महाकवि प्रेमयोगी जी के पुत्र डा योगेश कृष्ण सहाय, डा मनोज गोवर्धनपुरी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

चंदा मिश्र की वाणी-वंदना से आरम्भ हुए इस आयोजन में एक लघुकथा-गोष्ठी भी आयोजित हुई, जिसमें वरिष्ठ लेखिका किरण सिंह ने अभी बताता हूँ, डा शंकर प्रसाद ने जवाब, डा पूनम आनन्द ने दो टूक, डा पुष्पा जमुआर कराह, डा विद्या चौधरी ने काश ! माँ पढ़ी होती, मीरा श्रीवास्तव ने मुक्ति, सिद्धेश्वर ने सम्मान का क्रम, ई अशोक कुमार ने रिश्ते, डा नागेश्वर प्रसाद यादव ने दोषी कौन, शुभचंद्र सिन्हा ने ठंढी चाय, सदानन्द प्रसाद ने संघर्ष, डा ऋचा वर्मा ने तामझाम सागरिका राय ने सागरिका राय, इन्दुभूषण सहाय ने महिला तथा डा नीतू सिंह ने नैतिकता और शिक्षा शीर्षक से लघुकथा-पाठ किया। मंच का संचालन कवि ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन प्रबंधमंत्री कृष्णरंजन सिंह ने किया।

प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, ई आनन्द किशोर मिश्र, डा अर्चना त्रिपाठी, डा आशा रघुदेव, शम्भूनाथ पाण्डेय, डा प्रतिभा रानी, श्याम बिहारी प्रभाकर, ई बाँके बिहारी साव, ज्ञानेश्वर शर्मा, पं गणेश झा, प्रवीर कुमार पंकज, ज्योति मिश्र, नीरज कुमार, राहूल सिन्हा आदि प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

एक अभिनेता के तौर पर, डा. देव के संवेदनशील पक्ष को निभाना मेरे लिए बेहद संतोषजनक अनुभव रहा है : इकबाल खान, यादें, सोनी सब

मुंबई/ पटना (दैनिक नवसंदेश) । सोनी सब का शो यादें हास्य, भावनाओं और अप्रत्याशित परिस्थितियों का अनूठा मिश्रण पेश करते हुए, दर्शकों का मनोरंजन करता आ रहा है। डा. देव (इकबाल खान) की जिंदगी एक कठिन मोड़ पर पहुँच जाती है। डा. सृष्टि (गुलकी जोशी) के साथ एक बड़ी बहस के बाद, वह किलारी गाँव छोड़कर मुंबई लौटने का फैसला कर लेती है, जिससे डा. देव अपने परिवार को खोने की आशंका से परेशान हो जाते हैं। लेकिन, इस भावनात्मक झटके को समझने और संभालने का समय मिलने से पहले ही, कल्लारी आरोग्य केंद्र में उनका एक और चुनौती से सामना होने वाला है।

आगामी एपिसोड्स में, डा. देव के सामने एक बेहद महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। अपना मेडिकल लाइसेंस बनाए रखने के लिए उन्हें 15 दिनों के भीतर कल्लारी आरोग्य केंद्र में 50 मरीजों का पंजीकरण करना होगा। किलारी के लोगों की मदद करने की उनकी लगातार कोशिशों के बावजूद, गाँव वाले अभी भी उनके उपचार पर भरोसा करने से हिचकिचा रहे हैं, जिससे उनके लिए निर्धारित लक्ष्य तक पहुँचना और भी मुश्किल होता जा रहा है। ऐसे समय में, जब उनकी निजी जिंदगी पहले से ही



उथल-पुथल से गुजर रही है, डा. देव अब खुद को अपने परिवार को बचाने और उस पेशे की रक्षा करने के संघर्ष के बीच फँसा हुआ पाते हैं, जिसे उन्होंने अपना पूरा जीवन समर्पित किया है।

क्या डा. सृष्टि के मुंबई लौटने की तैयारी और मेडिकल लाइसेंस पर मंडरा रहे खतरे के बीच, डा. देव अपने परिवार को वापस साथ ला पाएँगे और गाँव वालों का भरोसा जीत पाएँगे

आगामी ट्रैक के बारे में बात करते हुए, इकबाल खान ने साझा किया, कभी-कभी जिंदगी आपके सामने एक के बाद एक चुनौतियाँ खड़ी कर देती है और इस समय डा. देव ठीक उसी दौर से गुजर रहे हैं। जब वह अपने परिवार को एकजुट रखने और डा. सृष्टि को जाने से रोकने की कोशिश कर रहे हैं, उसी समय उन्हें गाँव वालों का भरोसा भी जीतना है और उन्हें आरोग्य केंद्र आने के लिए तैयार करना है। इस ट्रैक की जो बात मुझे सबसे ज़्यादा पसंद है, वह यह है कि डा. देव इन दोनों में से किसी भी समस्या को नजरअंदाज नहीं कर सकते, क्योंकि दोनों ही उनके लिए समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। उन्हें अपने पेशे और लोगों की मदद करने के उद्देश्य पर पूरा विश्वास है, इसलिए जिन लोगों की मदद वे करना चाहते हैं, उन्हीं का भरोसा जीतना उनके लिए आसान नहीं है। एक अभिनेता के तौर पर, डा. देव के संवेदनशील पक्ष को निभाना मेरे लिए बेहद संतोषजनक अनुभव रहा है। डा. देव हमेशा दूसरों के लिए खड़े रहते हैं, लेकिन इस बार उन्हें खुद किसी के सहारे की जरूरत है।

हर सोमवार से शनिवार रात 8: 00 बजे सोनी सब पर यादें देखना न भूलें।

क्या आने वाले दस वर्षों में अपनी अहमियत खो सकता है पैसा

आज हमारी पूरी इकोनॉमी बहुत ही साधारण सिद्धांत पर चलती है। इंसान काम करता है, बदले में सैलरी मिलती है, सैलरी से खरीदारी होती है, खरीदारी से डिमांड पैदा होती है और डिमांड को पूरा करने के लिए प्रोडक्शन होता है। यानी लेबर, इनकम, कंजम्शन और प्रोडक्शन एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। लेकिन अगर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स ने प्रोडक्शन के लिए ह्यूमन लेबर की जरूरत ही बहुत कम कर दी, तो इस पूरी चेन की बुनियाद ही बदल जाएगी।

कल्पना कीजिए कि ऐसी दुनिया आ जाए जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ह्यूमनइड रोबोट्स मिलकर इंसानों से कहीं ज्यादा काम करने लगें। फैक्ट्रियां चौबीस घंटे चलें, रोबोट्स खेती करें, सामान बनाएं, घर बनाएं, सामान पहुंचाएं और एआई लेख लिखने से लेकर कोडिंग, अकाउंटिंग, डिजाइनिंग और रिसर्च तक का काम करने लगे। ऐसे में अगर इंसान को अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए काम करने की जरूरत ही नहीं रही, तो पैसे की जरूरत क्यों रहेगी

आज पैसे की ताकत इसलिए है क्योंकि दुनिया में ज्यादातर चीजें स्कार्स हैं। जमीन सीमित है, घर सीमित हैं, ऊर्जा सीमित है, प्राकृतिक संसाधन सीमित हैं और मानव श्रम भी सीमित है। इसलिए किसी वस्तु या सेवा की कीमत बनती है। लेकिन अगर मशीनें इतनी सस्ती और उत्पादक हो जाएं कि वे लगभग हर चीज का उत्पादन बड़ी मात्रा में कर सकें, तो इकोनमी स्कार्सिटी से अबंडन्स की तरफ बढ़ सकती है।

मान लीजिए ऐसा रोबोट तैयार हो जाता है जो इंसान की तरह आठ घंटे नहीं बल्कि चौबीस घंटे काम कर सकता है। उसे सैलरी नहीं चाहिए, छुट्टी नहीं चाहिए, पेंशन नहीं चाहिए और वह एक साथ लाखों यूनिट्स के प्रोडक्शन में लगाया जा सकता है। अगर ऐसे करोड़ों रोबोट्स दुनिया भर में काम करने लगें, तो प्रोडक्शन की लागत तेजी से गिर सकती है। इसी तरह अगर एआई लाखों लोगों के बौद्धिक काम को बहुत कम लागत पर करने लगे, तो इंटेलेक्चुअल लेबर भी पहले की तरह दुर्लभ नहीं रहेगी।

आज की सैलरी-बेस्ड इकोनॉमी ऐसे में कोलैप्स कर जाएगी। अगर कंपनियों को कम इंसानों की जरूरत होगी, तो लोगों की इनकम कहां से आएगी अगर लोगों की इनकम कम होगी, तो वे कंपनियों का सामान खरीदेंगे कैसे और अगर कंज्यूमर के पास खरीदने की क्षमता नहीं होगी, तो कंपनियां इतना प्रोडक्शन करेंगी किसके लिए।

इस समस्या का संभावित उत्तर हो सकता है यूनिवर्सल बेसिक इनकम, यूनिवर्सल हाई इनकम या कोई ऐसा नया सिस्टम जिसमें लोगों की आर्थिक सुरक्षा को उनकी नौकरी से अलग कर दिया जाए। यानी इंसान को जीवित रहने के लिए नौकरी करने की मजबूरी न हो। मशीनें प्रोडक्शन करें और समाज उस प्रोडक्शन से पैदा हुई वेल्थ को किसी नए तरीके से लोगों तक पहुंचाए।

अब सबसे जरूरी सवाल। रोबोट्स वेल्थ पैदा कर सकते हैं, लेकिन वेल्थ का मालिक कौन होगा ।अगर दुनिया के सारे रोबोट्स कुछ बड़ी कंपनियों के मालिकाना हक में हैं, एआई सिस्टम कुछ कॉरपोरेशंस के नियंत्रण में हैं और प्रोडक्शन से पैदा होने वाली अधिकांश वेल्थ उन्हीं के पास जाती है, तो तकनीकी अबंडन्स के बावजूद आर्थिक असमानता बढ़ेगी। इसकी शुरुआत हो चुकी है। अल्ट्रा रिच के पास दौलत इकट्ठी हो रही है और ये खाई दिन पर दिन बढ़ती जा रही है।

इसके बाद आता है सबसे दिलचस्प सवाल! अगर काम करना जरूरी नहीं रहेगा तो इंसान करेगा क्या।

आज काम हमारी आइडेंटिटी बनाता है, हमें सोशल स्टेटस देता है, दिनचर्या देता है, उपलब्धि का एहसास देता है और कई लोगों को जीवन का पर्पज भी देता है। अगर कल किसी व्यक्ति को खाने, घर और दूसरी बुनियादी जरूरतों के लिए नौकरी करने की आवश्यकता नहीं रही, तो वह काम करेगा लेकिन मजबूरी में नहीं, शौकिया तौर पर। कोई म्यूजिक बनाएगा, कोई पेंटिंग करेगा, कोई रिसर्च करेगा, कोई किताब लिखेगा, कोई स्पोर्ट्स खेलेगा, कोई खेती करेगा और कोई नई टेक्नोलॉजी बनाएगा। यानी एम्प्लायमेंट खत्म हो जाएगा, लेकिन वर्क फिर भी होगा। इंसान पैसे के लिए काम करने के बजाय अपनी जिज्ञासा, रचनात्मकता और संतुष्टि के लिए काम करेगा।

यह भविष्य जितना आकर्षक है, उतना ही जटिल भी है। दुनिया में हर चीज को रोबोट से पैदा नहीं किया जा सकता। जमीन, प्राकृतिक संसाधन, ऊर्जा, कुछ खास लोकेशन और कुछ विशिष्ट अनुभव हमेशा सीमित रहेंगे। इसलिए यह जरूरी नहीं कि पैसा पूरी तरह खत्म हो जाए। संभव है कि पैसा उन चीजों के लिए ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाए जो वास्तव में दुर्लभ हैं, जबकि सामान्य वस्तुएं और सेवाएं बेहद सस्ती या लगभग मुफ्त हो जाएं। भारत आज खाने भर को मुफ्त अनाज दे ही रहा है जो अब कभी बंद नहीं होना है।

अगर उत्पादन, आय और बुनियादी जरूरतों का बड़ा हिस्सा एआई और रोबोटिक्स पूरा करने लगे, तो सरकारों की पारंपरिक भूमिका भी धीरे-धीरे बदल जाएगी। आज सरकार टैक्स वसूलती है, रोजगार और आय के जरिए आर्थिक गतिविधियों को प्रभावित करती है, सार्वजनिक सेवाएं देती है और संसाधनों का वितरण करती है। लेकिन ऐसी अर्थव्यवस्था में जहां प्रोडक्शन लगभग स्वचालित हो और लोगों की बुनियादी जरूरतें बाजार या किसी नए वितरण तंत्र से पूरी होने लगें, वहां सरकार का मौजूदा इकोनॉमिक रोल कमजोर पड़ सकता है। इसका मतलब यह नहीं कि सरकारें खत्म हो जाएंगी, बल्कि उनकी रिलेवेंस और नेचर बदल जाएगी। सरकार रोजगार देने और टैक्स इकट्ठा करने वाली संस्था से बदलकर रिसोर्स डिस्ट्रीब्यूशन, रेगुलेशन, पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, एआई गवर्नेंस और नागरिक अधिकारों की संरक्षक संस्था बन जाएगी।

(मनोज अभिज्ञान के फेसबुक वॉल से सभार)।

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश (डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)
</

चंपारण परिवर्तन महोत्सव में राधा मोहन सिंह ने दिया विकसित चंपारण का संदेश

मोतिहारी(एनएसबी)। चंपारण परिवर्तन महोत्सव में सांसद एवं पूर्व केंद्रीय षि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने सहभागिता करते हुए विकसित चंपारण के निर्माण का संदेश दिया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह महोत्सव केवल आयोजन नहीं, बल्कि नई सोच, नए संकल्प और विकसित चंपारण के निर्माण की दिशा में सामूहिक प्रयास का प्रतीक है।उन्होंने कहा कि चंपारण की पहचान उसके गौरवशाली इतिहास के साथ-साथ वर्तमान विकास की संभावनाओं से भी है। इसी धरती से महात्मा गांधी ने सत्याग्रह के माध्यम से देश के स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी थी। आज जरूरत है कि उस विरासत से प्रेरणा लेकर आधुनिक, आत्मनिर्भर और विकसित चंपारण का निर्माण किया जाए। श्री सिंह ने कहा कि विकास का वास्तविक अर्थ लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। शिक्षा, स्वास्थ्य, षि, रोजगार, बुनियादी सुविधाओं, पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में निरंतर प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है और विकसित भारत के निर्माण में चंपारण की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। सांसद ने स्थानीय प्रतिभा, उत्पाद और संसाधनों को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विकास की धारा समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल एवं रोजगार के अवसर बढ़ें, तभी विकास सार्थक होगा।

बाढ़ प्रभावितों तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाना दायित्व : डा. राहुल

बाढ़ के बाद बीमारी का खतरा, लोकनाथपुर में डॉ. राहुल ने संभाला मोर्चा

500 से अधिक मरीजों की निःशुल्क जांच, दवा के साथ सूखा खाद्य पदार्थ व पानी वितरित

अरेराज (एनएसबी)। बाढ़ का पानी उतरने के बाद उसकी मार झेल रहे लोगों के बीच जलजनित बीमारियों और संक्रमण की आशंका को देखते हुए आरोग्य धाम, अरेराज के निदेशक व चिकित्सक ड़ राहुल कुमार ने लोकनाथपुर गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर प्रभावित लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई। सरेया पंचायत के लोकनाथपुर गांव में रविवार को कुंदन पटेल के घर के समीप आयोजित शिविर में 500 से अधिक मरीजों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। जांच के बाद जरूरतमंद मरीजों के बीच दवाओं का भी वितरण किया गया। इसके अलावा लोगों को सूखा खाद्य पदार्थ और पानी की बोतल भी उपलब्ध कराई गई। शिविर में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग पहुंचे। चिकित्सकीय टीम ने खांसी, बुखार, संक्रमण, त्वचा संबंधी समस्याओं, रक्तचाप समेत विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं की जांच की।



शिविर में मरीजों का ईलाज करते चिकित्सक।

बच्चों और बुजुर्गों पर विशेष ध्यान दिया गया। मरीजों को बाढ़ के बाद होने वाली बीमारियों से बचाव, स्वच्छता बनाए रखने तथा साफ पानी के सेवन को लेकर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी दिया गया।

इस अवसर पर ड़ राहुल कुमार ने कहा कि बाढ़ प्रभावितों तक समय पर स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाना हमारा दायित्व है। बाढ़ के बाद जलजनित बीमारियों और संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे समय में प्रभावित परिवारों को चिकित्सा सुविधा और आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराना जरूरी है। सेवा ही हमारा संकल्प है और जरूरतमंदों की मदद के लिए ऐसे प्रयास आगे भी जारी रहेंगेस शिविर में प्रभात कुमार मिश्र, मुन्ना पांडेय, बिट्टू कुमार पांडेय उर्फ प्रवीण पाण्डेय, छोटू कुमार, सुमन कुमारी, नितेश कुमार, रोहित कुमार एवं कुंदन पटेल सहित कई गणमान्य व स्थानीय लोग मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने बाढ़ की विषम परिस्थितियों के बीच निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, दवा वितरण और राहत सामग्री उपलब्ध कराने की पहल की सराहना की।

श्री राजाराम हाई स्कूल का 9वीं का छात्र समीर घर से लापता, परिजनों में चिंता

घर वाले का रो-रोकर हुआ बुरा हाल, मां-बाप भाई-बहन सब परेशान

तुरकौलिया(एनएसबी)। थाना क्षेत्र के तुरकौलिया पश्चिमी पंचायत के मठवा गांव, वार्ड 2 से 9वीं कक्षा का एक छात्र समीर आलम शुक्रवार से लापता है। समीर के पिता का नाम नसीमुद्दीन मियां है। वह श्रीराजाराम हाई स्कूल में कक्षा 9 का छात्र है। समीर तीन भाई-बहनों में सबसे छोटा बताया जा रहा है। परिजनों के अनुसार, दो अक्टूबर शुक्रवार को वह घर से निकला था, जिसके बाद वापस नहीं लौटा। काफी देर तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। आसपास के इलाकों के अलावा रिश्तेदारों और परिचितों के यहां भी पता लगाया गया, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों ने छात्र के लापता होने की सूचना तुरकौलिया थाना पुलिस को देते हुए उसकी सकुशल बरामी की गुहार लगाई हैस परिजन छात्र के अचानक लापता होने से बेहद परेशान हैं और लगातार उसकी तलाश कर रहे हैं। लोगों से भी अपील की है कि यदि समीर के संबंध में किसी को कोई जानकारी मिले तो तत्काल परिजनों या तुरकौलिया थाना को सूचना दें। साथ ही 'मोबाइल नंबर 9708990649 पर सूचित कर सकते हैं। लापता होने को लेकर समीर की मां हसीना खातून ने थाना पर आवेदन दिया हैस



समीर आलम।

दुर्गा पूजा में शांति व्यवस्था को लेकर प्रशासन सख्त

पीपराकोठी((एनएसबी)। दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर रविवार को पीपराकोठी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह ने की। बैठक में प्रमुख रजनीश कुमार, बीडीओ दिनेश कुमार सिंह सहित जनप्रतिनिधि, पूजा समितियों के प्रतिनिधि और स्थानीय लोग शामिल हुएस बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। अफवाह फैलाने, सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट करने, माहौल बिगाड़ने अथवा किसी तरह की उपद्रव की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रसारित किसी भी खबर या संदेश पर बिना पुष्टि के भरोसा नहीं करें। किसी संदिग्ध गतिविधि या अफवाह की जानकारी तत्काल पुलिस को देंस थानाध्यक्ष ने पूजा समितियों से पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, बिजली के तारों की सुरक्षा तथा निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि पूजा के दौरान सभी समितियां प्रशासन और पुलिस के साथ समन्वय बनाकर काम करें, ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी नहीं हो।

बीडीओ दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि दुर्गा पूजा आस्था और भाईचारे का पर्व है। सभी पूजा समितियां अपने आयोजन में प्रशासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करें। उन्होंने साफ-सफाई, रोशनी, भीड़ प्रबंधन और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर समितियों को सजग रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या की स्थिति में लोग आपस में विवाद करने के बजाय प्रशासन को सूचना दें।



शांति समिति की बैठक।

हर गतिविधि पर रहेगी नजर बैठक में सुरक्षा, यातायात, साफ-सफाई, बिजली व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पूजा के दौरान शांति भंग करने वाली किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पूजा समितियों से भी अपने स्तर पर स्वयंसेवकों की तैनाती कर व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की गईस मौके पर मुखिया उपेंद्र पासवान, जितेंद्र यादव, पूर्व प्रमुख सुदर्शन राय, सरपंच मनोज कुमार, विश्वनाथ राय, पैक्स अध्यक्ष राजेश प्रसाद कुशवाहा, पूर्व मुखिया रविंद्र सहनी, दिवाकर पांडेय, जटाशंकर सिंह, राजन सिंह पटेल, राजू सिंह पटेल, उपेन्द्र चौधरी, संजय गिरी सहित सभी पूजा समिति के प्रतिनिधि मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

57 कांडों में जब्त 913895 लीटर शराब व 10 लीटर स्प्रिट विनष्ट

पहाड़पुर(एनएसबी)। पहाड़पुर थाना परिसर में रविवार को अंचलाधिकारी रामसेवक पासवान की मौजूदगी में विभिन्न 57 कांडों में जब्त शराब का विनष्टीकरण किया गया। थाना के नवपदस्थापित थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार की देखरेख में हुई कार्रवाई के दौरान 62665 लीटर देशी शराब, 277245 लीटर विदेशी शराब तथा 10 लीटर स्प्रिट को नियमानुसार नष्ट किया गया।बताया गया कि पुलिस द्वारा विभिन्न मामलों में जब्त की गई शराब को सक्षम पदाधिकारी के निर्देश पर विनष्ट किया गया। इस दौरान थाना परिसर में पुलिस पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे। शराब विनष्टीकरण की कार्रवाई के साथ ही पुलिस ने शराबबंदी कानून के अनुपालन को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराईस थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी रोक लगाने के लिए लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। शराब के धंधे में शामिल लोगों के विरुद्ध कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

रघुनाथपुर में शहर से बाहर होगा बस स्टैंड

मोतिहारी(एनएसबी)। रघुनाथपुर बस स्टैंड के समीप सड़क दुर्घटना के बाद प्रशासन ने बसों के परिचालन को लेकर बड़ा निर्णय लिया है। रघुनाथपुर के मौजूदा बस स्टैंड को शहर से बाहर शिफ्ट करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके साथ ही शहर के अंदर बसों के प्रवेश पर रोक लगाने की योजना है। प्रशासनिक स्तर पर नए बस स्टैंड के लिए वैकल्पिक स्थल की तलाश शुरू कर दी गई है। बताया जा रहा है कि सदर एसडीएम और एसडीपीओ द्वारा इसके लिए संभावित स्थलों का जायजा लिया जा रहा है। स्थल चिति होने के बाद वहां आवश्यक सुविधाएं विकसित कर बसों के परिचालन को व्यवस्थित किया जाएगा।मौजूदा बस स्टैंड शहर के भीतर होने के कारण अक्सर जाम और यातायात संबंधी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। बसों के आवागमन के कारण दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।

दुर्गापूजा को लेकर प्रशासन अलर्ट, डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध

एसडीएम-एसडीपीओ ने पूजा समितियों व अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

रक्सौल(एनएसबी)। दुर्गापूजा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर अनुमंडल प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। रविवार को अनुमंडल सभागार में एसडीएम नागमणि वर्मा एवं एसडीपीओ मनीष आनंद की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। इसमें पूजा आयोजन, विधि-व्यवस्था, यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की गई।बैठक में अधिकारियों एवं पूजा समितियों को निर्देश दिया गया कि सभी पूजा पंडालों और संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति समय से सुनिश्चित की जाए। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि पूजा आयोजन में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।पूजा समितियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पंडाल निर्माण एवं विसर्जन जुलूस के लिए अनुज्ञप्ति प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। बिना अनुमति के पंडाल स्थापित करने या जुलूस निकालने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई।अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि न्यायालय एवं सरकार के निर्देशों के तहत डीजे के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। लाउडस्पीकर का प्रयोग निर्धारित ध्वनि सीमा में ही किया जाएगा तथा रात 10 बजे के बाद इसके संचालन की अनुमति नहीं होगी।पूजा के दौरान शहर में यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए रूट डायवर्जन एवं नो-एंट्री व्यवस्था लागू की जाएगी। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष ट्रैफिक प्लान के तहत वाहनों के आवागमन को नियंत्रित किया जाएगा।बैठक में अनुमंडल क्षेत्र के सभी बीडीओ, सीओ एवं थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

सेवा ज्योति यात्रा की तैयारी को लेकर लखौरा मंडल में बैठक

मोतिहारी(एनएसबी)। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित होने वाली 'सेवा ज्योति यात्रा' की तैयारियों को लेकर शनिवार को लखौरा मंडल में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में यात्रा को सफल और व्यवस्थित बनाने के लिए आवश्यक तैयारियों एवं व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार ने कहा कि 'सेवा ज्योति यात्रा' सेवा, समर्पण और जनसहभागिता की भावना को आगे बढ़ाने वाला महत्वपूर्ण अभियान है। सेवा संकल्प के माध्यम से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक सेवा और सहयोग पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यात्रा की सफलता में प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण है। विधायक ने कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय और टीम भावना के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ता सक्रियता से जनसंपर्क करें। यात्रा की तैयारियों में किसी प्रकार की कमी नहीं रहे, इसके लिए सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ जुटेंस उन्होंने कहा कि सेवा ज्योति यात्रा महज एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक सरोकारों के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता का माध्यम है। बैठक में कार्यकर्ताओं ने यात्रा को सफल बनाने के लिए पूरी तत्परता के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का समापन

अंतिम दिन फाइनल मुकाबलों में दिखा खिलाड़ियों का जोश, चयनित खिलाड़ी 6,7,8और 9 अक्टूबर को प्रमंडल स्तर पर मुजफ्फरपुर में करेंगे जिले का प्रतिनिधित्व

मोतिहारी(एनएसबी)। बिहार एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के वार्षिक खेल कार्यक्रम 2026-27 के अंतर्गत जिला प्रशासन, पूर्वी चंपारण के निर्देशन में आयोजित जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2026-27 का चार दिवसीय आयोजन रविवार को विभिन्न खेलों के फाइनल मुकाबलों और पुरस्कार वितरण के साथ अंतिम चरण में पहुंचा। चार दिनों तक जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स, कबड्डी, बक्सिंग, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, वलीबल, शतरंज, कराटे, साइकिलिंग सहित विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन किया।

अंतिम दिन मैदान पर फाइनल मुकाबलों को लेकर खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। बक्सिंग के फाइनल मुकाबले तथा कबड्डी,कराटे, शतरंज, साइकिलिंग के शेष निर्णायक मुकाबले संपन्न हुए। विजेता खिलाड़ी मेडल और प्रमाण-पत्र प्राप्त करने को लेकर काफी उत्साहित नजर आए।



मुकाबला में शामिल खिलाड़ी।

जिला खेल पदाधिकारी विकास कुमार ने पूरे आयोजन की लगातार मनिटरिंग करते हुए खेलों के निष्पक्ष एवं व्यवस्थित संचालन पर विशेष ध्यान दिया। उनके मार्गदर्शन में खेलकर्मियों, तकनीकी पदाधिकारियों, खेल संघों और खेल शिक्षकों ने समन्वय के साथ प्रतियोगिता को सफल बनाया।

अंतिम दिन अरविंद कुमार पांडे, रमेश कुमार, चितरंजन कुमार और निशा कुमारी सहित खेलकर्मियों की टीम द्वारा खिलाड़ियों के परिणाम, प्रमाण-पत्र एवं आवश्यक दस्तावेजों का अंतिम रूप से संधारण और फाइनल पोजीशन तैयार करने का कार्य किया गया, ताकि चयनित खिलाड़ियों को आगे प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए भेजा जा सके। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आगामी प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता, मुजफ्फरपुर में जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।प्रतियोगिता के सफल संचालन में विभिन्न खेलों के संयोजकों और तकनीकी पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कबड्डी के संयोजक भानु प्रकाश, बक्सिंग के संयोजक पवन सरन तथा शतरंज के संयोजक धनंजय कुमार, कराटे के संयोजक कुमार जी के साथ संबंधित खेल संघों के सचिव, तकनीकी पदाधिकारी और खेल शिक्षकों ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया।प्रतियोगिता के आयोजन से जुड़े अन्य सहयोगियों में राजीव कुमार, अरविंद कुमार,शैलेन्द्र मिश्रा 'बाबा', सुनिल श्रीवास्तव, मनोज कुमार प्रसाद,अमित कश्यप, रवि कुमार सिंह, अंशु यादव, महमद परवेज आलम, संजय प्रसाद, रश्मि कुमारी, हीरालाल प्रसाद, सर्वोत्तम रंजन, अमित प्रकाश, रितेश कुमार सहित विभिन्न खेलों के खेल शिक्षक शामिल रहे।चार दिनों तक चले इस खेल महोत्सव ने जिले के विद्यालयी खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया। प्रतियोगिता में सामने आई प्रतिभाओं को अब अगले स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने और जिले का प्रतिनिधित्व कराने की दिशा में कार्य किया जाएगा।जिला खेल पदाधिकारी विकास कुमार के मार्गदर्शन, तकनीकी पदाधिकारियों, खेल संघों, खेल शिक्षकों एवं आयोजन से जुड़े सभी कर्मियों के सामूहिक प्रयास से चार दिवसीय जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2026-27 सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

संक्षिप्त खबरें

बाढ़ का पानी घटते महामारी की आशंका

समाजिक संगठन ने किया राहत पैकेट का वितरण

केसरिया(एनएसबी)। दियरा क्षेत्र के ढेकहां, मझरिया और बैरिया पंचायत में पानी अब धीरे-धीरे कम होने लगी है। पानी घटने के साथ महामारी कि आसंका तेज हो गई है मंझरिया निवासी सोनू पुरी, गोपाल गिरि , सेवा निवृत्त शिक्षक बलराम पाण्डेय गणेश पुरी आदी ग्रामिणो ने बताया कि बाढ़ घटने के साथ बुखार ,उल्टी,दस्त जैसे महामारी फैलने कि सम्भावना बढ जाती है ।इसके लिए प्रभावित क्षेत्र में मेडिकल कैम्प ,बिलीचिग पाउडर,मलेरिया,कालाजार आदी बीमारी कि दवाई का छिड़काव करना नितांत जरूरी है ताकि समय रहते महामारी को रोका जा सके। वही बांध और ऊंचे स्थानों पर शरण लिए बाढ़ पीड़ित अब अपने घरों की ओर लौटने लगे हैं बताते चलें कि बाढ़ के दौरान घरों में पानी घुस जाने के कारण बड़ी संख्या में परिवारों ने अपना घर छोड़कर बांध पर शरण ली थी। प्रशासन की ओर से प्रभावित लोगों के लिए सामुदायिक रसोई भी चलाई जा रही थी। लेकिन शनिवार की शाम से सामुदायिक रसोई बंद कर दिए जाने से बाढ़ पीड़ितों के सामने भोजन को लेकर परेशानी अभी भी है। वही जिला से आए समाज सेवियों ने मंझरिया में प्रभावित लोगों को सुखे राशन,जरुरी समान,आदी कि सैकड़ों पैकेट का वितरण किया ।उसमें विपुल कुमार उर्फ चंदन सिंह के नेतृत्व में पत्रकारों कि टीम जैसे ही मंझरिया ढाला पहुंची ग्रामीणो में उत्साह बढ़ गया।कई लोगों ने बताया कि अभी घर में पानी और किचड़ भरा हुआ है इस लिए खाना बनाना संभव नहीं है।दुषीत पानी पीने से संक्रमण फैलने की आशंका रहती है। खासकर बच्चों, बुजुर्गो और कमजोर लोगों को बीमारियों का अधिक खतरा रहता है। ग्रामीणों ने प्रशासन और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से प्रभावित गांवों में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाने की मांग कि है।वहीं, बाढ़ से प्रभावित पशुपालकों ने मवेशियों के स्वास्थ्य को लेकर भी चिंता जताई है। पशुओं में बीमारी फैलने की आशंका को देखते हुए पशुपालन विभाग की ओर से टीकाकरण एवं स्वास्थ्य जांच के लिए विशेष शिविर लगाने की जरूरत है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जब तक सभी प्रभावित इलाकों से पानी पूरी तरह नहीं निकल जाता, तब तक राहत और स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी की जाएस

शव को ठेले पर भेजने के मामले में गश्ती पदाधिकारी निलंबित

रघुनाथपुर थानाध्यक्ष से भी मांगा गया स्पष्टीकरण पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल

मोतिहारी(एनएसबी)। रघुनाथपुर थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति के शव को ठेले पर पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने के मामले में पुलिस अधीक्षक ने कड़ी कार्रवाई की है। मामले में थाना के गश्ती वाहन में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी पुअनिध्585 अंबिका प्रसाद यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वहीं, रघुनाथपुर थानाध्यक्ष से स्पष्टीकरण मांगा गया है।पुलिस के अनुसार, 3 अक्टूबर को रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के बस स्टैंड के समीप सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। इसके बाद मृतक के शव को पुलिस द्वारा ठेले से पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। इस घटना से स्थानीय लोगों और मृतक के परिजनों में आक्रोश फैल गया तथा मौके पर तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना मिलने पर सदर-1 के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। जांच के दौरान पुलिस पदाधिकारी एवं थानाध्यक्ष की कार्यशैली में गंभीर लापरवाही, स्वेच्छाचारिता और मनमानेपन की बात सामने आईस पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस तरह की कार्यशैली से पुलिस की छवि प्रभावित होती है। इसी को देखते हुए गश्ती पदाधिकारी को लापरवाही, अनुशासनहीनता, स्वेच्छाचारिता एवं कर्तव्यहीनता के आरोप में निलंबित किया गया है। थानाध्यक्ष से भी पूरे मामले में स्पष्टीकरण मांगा गया है।

ग्राम सभाओं में बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने का लिया संकल्प

गांधी जयंती पर विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन, प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर ने पहल का किया स्वागत

रक्सौल (एनएसबी)। बाल विवाह उन्मूलन को लेकर पूर्वी चंपारण में अभियान को गति देने की पहल की गई है। गांधी जयंती के अवसर पर जिले की विभिन्न पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन कर बाल विवाह मुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया गया। इस पहल का प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर ने स्वागत किया है।केंद्र सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय तथा पंचायती राज मंत्रालय के निर्देश पर दो अक्टूबर को देशभर में विशेष ग्राम सभाएं आयोजित की गईं। इनमें बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने और पंचायतों को बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया। बताया गया कि देशभर में 242 लाख से अधिक विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन हुआ।पूर्वी चंपारण में भी कई पंचायतों में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, पंचायत कर्मियों और अधिकारियों ने भाग लेकर बाल विवाह के खिलाफ सामूहिक संकल्प लिया। आदापुर प्रखंड की कोरैया पंचायत में मुखिया ने ग्राम सभा के दौरान पंचायत को बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प लिया। प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर की जिला परियोजना समन्वयक आरती ने कहा कि बाल विवाह के खिलाफ ग्राम स्तर पर लिया गया सामूहिक संकल्प महत्वपूर्ण पहल है। इससे वर्ष 2030 तक बाल विवाह मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के प्रयासों को मजबूती मिलेगी।उन्होंने बताया कि प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर, जस्ट राइट्स फर चिल्ड्रेन नेटवर्क का सहयोगी संगठन है और बाल विवाह उन्मूलन को लेकर जागरूकता व हस्तक्षेप का कार्य कर रहा है। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता राज गुप्ता, अभिषेक कुमार, आशीष कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

महादलित बस्ती में सामूहिक भोज सामाजिक समरसता का दिया संदेश

मोतिहारी(एनएसबी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निरंतर सेवाकाल के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनिवार को मुफ्फसिल मंडल के भरौलिया चौक स्थित महादलित बस्ती में सभी समुदायों की सहभागिता से सामूहिक भोज हुआ। कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लंबे समय से राष्ट्रसेवा को प्राथमिकता देते हुए जनकल्याण के लिए कार्य किया है।



भोज में उपस्थित लोग।

उनके सेवा और समर्पण से प्रेरणा लेकर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक सेवा का लाभ पहुंचाना सभी का दायित्व है।उन्होंने कहा कि छुआछूत और भेदभाव से ऊपर उठकर सेवा, समरसता और सामाजिक एकता को मजबूत करने की दिशा में ऐसे कार्यक्रम महत्वपूर्ण हैं। सामूहिक भोज से समाज के विभिन्न वर्गो के बीच आपसी भाईचारे और समानता की भावना को मजबूती मिलती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुफ्फसिल मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा ने की, जबकि संचालन ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय ठाकुर ने किया। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश अस्थाना, विधानसभा संयोजक ओमप्रकाश सिंह, केदार शुक्ला, उत्तम मिश्रा, मैनेजर सिंह, मणिकुंडल कुमार, तेजा सहनी, महावीर मांझी, जयशंकर राम, राधेश्याम पांडेय, मसदी मांझी सहित भाजपा एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

सैरात बंदोबस्ती के लिए 16 अक्टूबर को होगी खुली डाक, दो सैरातों की बंदोबस्ती के लिए तिथि निर्धारित, नाव यातायात सहयोग समिति को मिलेगी प्राथमिकता

सिमरीबख्तियारपुर (सहरसा) (दैनिक नवसंदेश)। सिमरीबख्तियारपुर प्रखंड में वित्तीय वर्ष 2026-27 के अक्टूबर सीरीज के दो सैरातों की बंदोबस्ती के लिए 16 अक्टूबर को खुली डाक होगी। प्रखंड कार्यालय की ओर से जारी सूचना के अनुसार, दोनों सैरातों की बंदोबस्ती के लिए दोपहर 12 बजे से खुली डाक की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जानकारी के अनुसार, सिमरीबख्तियारपुर अंचल के कठडूमर घाट सैरात के लिए सुरक्षित जमा राशि 58,926 रुपये निर्धारित की गई है। इसकी 10 प्रतिशत प्रतिभूति राशि 5,893 रुपये होगी। वहीं आगार दह घाट-खर्रा सैरात के लिए सुरक्षित जमा राशि 60,214 रुपये तथा 10 प्रतिशत प्रतिभूति राशि 6,021 रुपये निर्धारित की गई है। बंदोबस्ती में नियमानुसार नाव यातायात सहयोग समिति अथवा स्वावलंबी सहकारी समिति को प्राथमिकता दी जाएगी। समिति द्वारा बंदोबस्ती लेने से इंकार करने की स्थिति में खुली डाक के माध्यम से उच्चतम डाक वक्ता के साथ बंदोबस्ती की जाएगी। खुली डाक में शामिल होने वाले इच्छुक डाक वक्ताओं को संबंधित कार्यालय के नजारत में सुरक्षित जमा राशि की 10 प्रतिशत प्रतिभूति राशि जमा करनी होगी। इसके साथ नाव का स्वामित्व प्रमाण-पत्र और जिला परिवहन कार्यालय से निर्गत प्रमाण-पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। पूर्व के बंदोबस्तदारों को बकाया रहित प्रमाण-पत्र भी देना होगा। सूचना के अनुसार, सफल डाक वक्ता को डाक समाप्त होने के तत्काल बाद पूरी सुरक्षित जमा राशि, शुल्क एवं स्टांप की राशि एकमुश्त जमा करनी होगी। निर्धारित समय पर राशि एवं निबंधन शुल्क जमा नहीं करने पर बंदोबस्ती रद्द की जा सकती है। इसके अलावा प्रशासन द्वारा निर्धारित भाड़े से अधिक राशि की वसूली किए जाने पर भी कार्रवाई के साथ बंदोबस्ती रद्द करने का प्रावधान है।

डिज्नीलैंड मेला का नगर निगम महापौर ने फीता काटकर किया उद्घाटन



सहरसा शहर (दैनिक नवसंदेश)। शहर के सराही रोड स्थित कब्रिस्तान के सामने में शहर मे पहली बार भव्य डिज्नीलैंड मेला का रविवार को शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर निगम के महापौर बैंन प्रिया द्वारा दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर महापौर बैंन प्रिया ने कहा कि शहर में स्वस्थ मनोरंजन के लिए डिज्नीलैंड मेला का आयोजन किया गया है। जहां महिलाओं एवं बच्चों के लिए विशेष मनोरंजन की व्यवस्था किया गया है। साथ ही मेले के दौरान महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा का ख्याल अवश्य रखने की अपील की। मेला प्रमुख सुधीर कुमार,प्रदीप चैधरी एवं विक्रम गोस्वामी ने बताया कि शांतिप्रिय जिले सहरसा में इस बार भव्य डिज्नीलैंड मेला का शुभारंभ किया गया है। मेले में घूमने के दौरान दर्शकों के लिए खाने-पीने की भी उत्तम व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि यह मेला काली पूजा तक चलेगा। उन्होंने कहा इस मेले में ब्रेक डांस, पावर डांस, बच्चों के लिए जंपिंग झूला, वाटर झूला, मिकी माउस, जलपरी एवं भूत बंगला विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। साथ ही मेला में घूमने वाले दर्शकों के खान-पान श्रृंगार एवं अन्य दुकान लगाई गई है। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद अध्यक्ष पम्पल सिंह, बजरंग दल संयोजक मानस मिश्र, रोहन कुमार, प्रकाश दीप, दिवेश कुमार, अमन सागर सहित अन्य मौजूद रहे।

सोलिंग एवं पीसीसी ढ़लाई सड़क में मानकों की अनदेखी, कनिय अभियंता ने कहा ईट की गुणवत्ता और कम मोटाई की जांच होगी।



सहरसा सदर (दैनिक नवसंदेश)। नगर निगम क्षेत्र के सुलिंदाबाद वार्ड 43 में लाखों की राशि से बन रहीं सोलिंग एवं पीसीसी ढ़लाई सड़क में क्रियान्वयन एजेंसी द्वारा मानकों की अनदेखी कर निर्माण कार्य कराने का मामला सामने आया है। योजना में जहां उच्च गुणवत्ता वाली ईट के बदले कालापेटी और लूज सिमेंट का उपयोग किया जा रहा है। वहीं सड़क की ढलाई में छह इंच मोटाई के बदले चार इंच मोटाई ढलाई कार्य पूरा कर योजना की सरकारी राशि बंदरबांट कर रही हैं। विभागीय निदेर्शानुसार योजना में पारदर्शिता के साथ गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने लिए लगायी जाने वाली बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। जिसकारण लोगों को ना योजना की प्राक्कलन राशि व अन्य जानकारी मिल रही हैं। स्थल पर मौजूद वार्ड पार्षद प्रतिनिधि शंकर चैधरी ने बताया कि वर्षों से सड़क में बिवाद था। किसी तरह पंचायती कर हम बना रहे हैं। लेकिन सवाल उठता है कि लोगों के बिवाद के नाम पर निर्माण कार्य में धांधली करना कहां तक उचित है। लोगों के बीच निर्माण कार्य में बरती जा रही धांधली को लेकर बताया कि इतना कम मोटाई में तो छत भी ढलाई नहीं करते हैं। चार इंच मोटाई सड़क की ढलाई साल भर भी नहीं टिक पाएंगे। हालांकि कि वैसे भी नगर निगम में संचालित विभिन्न योजनाओं में हुई धांधली को लेकर पहले से नगर प्रशासन विवादों में हैं। फिर भी नगर निगम के कार्यपालक अभियंता एवं कनिय अभियंता क्रियान्वयन एजेंसी से निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण कराने के बदले अनदेखी कर रहे हैं। कनिय अभियंता अजय कुमार ने बताया कि छह इंच मोटाई ढलाई सड़क बनानीं है। ईट की गुणवत्ता और कम मोटाई ढलाई की शिकायतों की बात है तो हम स्थल पर पहुंच कर जांच कर रिपोर्ट करेंगे।

संत बाबा कारु खिरहरि मंदिर परिसर में चली 10 राउड गोली

तीन लोग घायल, मुख्य अभियुक्त महंत निरंजन यादव गिरफ्तार

सहरसा कार्यालय (दैनिक नवसंदेश)। जिले के महिषी थाना क्षेत्र अंतर्गत संत बाबा कारु खिरहरि मंदिर परिसर में धार्मिक न्यास परिषद पटना के द्वारा एकल पद पर न्यासधारी की नियुक्ति के वाद न्यासधारी की मनमानी का शिकार दुकानदार, ग्रामीणों ने लगातार धार्मिक परिसर पटना सहित स्थानीय प्रशासन से शिकायत करता रहा लेकिन न्यासधारी के विरुद्ध कोई कार्यवाई नही हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यासधारी एवं पुर्व के समिति के बीच विवाद में प्रशासन ने दिलचप्पी नही दिखाई जिस कारण रविवार को न्यासधारी की ओर से तकरीबन 10 राउंड गोली चलाई गई जिसमें तत्काल 4 खोखा लोगों ने बरामद कर पुलिस को सोंपा। न्यास धारी की ओर से चली गोली में 35 वर्षीय शंभु यादव, 18 वर्षीय दिलखुश कुमार, मुकेश खिरहर एवं झुलन खिरहर को गोली लगी जिसे इलाज के लिए महिषी अस्पताल भेजा गया जहां से शंभु यादव को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार न्यासधारी निरंजन कुमार की जबसे नियुक्ति हुई तबसे



गोली बाड़ी के बाद सड़क पर लोगों की चहल कदमी।

विवाद बढता गया और स्थानीय लोगों की नियुक्त चलता रहा लेकिन प्रशासन ने इसके अंदर करता रहा में आतंक मचाने लगा। न्यासधारी की मनमानी से मंदिर में व्यवस्था को लेकर तनाव व्याप्त रूप किधर मंदिर परिसर में दुकानदारी को लेकर न्यासा धारी की ओर से गोलीबारी की घटना सामने आ रही है मंदिर परिसर में उपस्थित लोगों ने बताया कि न्यासा धारी की ओर से कुछ और सामाजिक तत्वों के द्वारा परिसर में अंधाधुन गोली चलाई गई जिसमें दो लोगों को गोली लगी दोनों जख्मी को अस्पताल में भर्ती कराया गया प्राप्त जानकारी के अनुसार मंदिर न्यास परिषद को लेकर पूर्व से चली आ रही विवाद में धार्मिक न्यास परिषद पटना की ओर से अकाल पड़ के रूप में न्यासा धारी नियुक्त किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही आनन-फानन में रविवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे व महिषी थानाध्यक्ष घटना स्थल पहुंच कर तलाशी लेने पर मंदिर से अवैध हथियार एवं कारतूस बरामद किया गया। ग्रामीणों के विरोध के बीच पुलिस द्वारा मुख्य अभियुक्त महंत निरंजन यादव एवं अन्य को गिरफ्तार कर थाना भिजवाया गया है। महिषी थानाध्यक्ष ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा महंत एवं उसके समर्थकों को मंदिर परिसर में ही बंधक बना लिया गया एवं महंत की एक गाड़ी में भी आग लगा देने की सूचना प्राप्त हुई। इस संबंध में डीसपी ने बताया कि घटना में शामिल अन्य व्यक्तियों की पहचान की जा रही है, कांड दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

पूर्णिया ने 4-2 से जीतकर जोहार बिहार फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता



खिड़ाली को ट्रॉफी देते जनप्रतिनिधि व थानाध्यक्ष।

सोनवर्षाराज (सहरसा) (दैनिक नवसंदेश)। बैठ मुशहरी पंचायत के इजमाईल संथाल स्थित मैदान में रविवार को चार दिवसीय ह्यजोहार बिहार फुटबॉल टूर्नामेंटह्ण का फाइनल मुकाबला खेला गया। फाइनल में फुलटोला मीरगंज, पूर्णिया की टीम ने जोरगामा, मधेपुरा को 4-2 गोल से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। मुख्य अतिथि बसनही थानाध्यक्ष विकास कुमार ने विजेता टीम को अपनी ओर से 2,500 रुपये की राशि प्रदान की। वहीं समाजसेवी सह भावी मुखिया प्रत्याशी मनीष कुमार यादव ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, भाईचारा और खेल भावना विकसित करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के आयोजन से प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। विजेता टीम को 15 हजार रुपये और उपविजेता टीम को 11 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने बताया कि जितिया पर्व के अवसर पर आदिवासी समुदाय की ओर से दो दिवसीय छाता मेला भी लगाया गया। मौके पर खेल समिति अध्यक्ष बिजेंद्र हांसदा, किशोर हांसदा, सचिव फुलचंद मरांडी, कोषाध्यक्ष दिनेश मरांडी, मनीषा यादव, रंधीर कुमार, सुनील हेम्ब्रम, अमित यादव, मन्नु कुमार, अखिलेश यादव, रणविजय यादव, विनोद कुमार, रमेश हांसदा, जगुलाल मरांडी, छोटेलाल हांसदा, ललन हांसदा, अनिल हेम्ब्रम, मलिक टुडू, तालेश्वर हांसदा व दिनेश टुडू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

बीएन मंडल विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा एसएनएस आरकेएस महाविद्यालय में वर्गकक्ष का उद्घाटन



महाविद्यालय का निरीक्षण करते कुलपति।

सहरसा शहर (दैनिक नवसंदेश)। भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डा बिमलेन्दू शेखर झा द्वारा रविवार को एसएनएस आरकेएस महाविद्यालय परिसर में नवनिर्मित वर्ग कक्ष एवं खेल मैदान स्थित दर्शक दीर्घा भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर महाविद्यालय के संस्थापक दोनो महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होने कहा कि नवनिर्मित वर्ग कक्ष एवं दर्शक दीर्घा भवन का उद्घाटन किया गया है। इसके बनने से छात्र-छात्राओं एवं खेलप्रेमियों को काफी सहूलियत होगी। साथ ही प्राचार्य ने कहा कि कालेज के स्थापना के समय बनाया गया खपरैल मकान काफी जर्जर हालात मे है। जो देखने मे भी बेहद खराब लगता है। प्राचार्य के मांग पर कुलपति ने कुलसचिव को पुराने खपरैल भवन को तोड़कर नया भवन की निर्देश दिया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डा अशोक कुमार सिंह, कॉलेज इंस्पेक्टर साइंस डा अशोक, प्राचार्य डा अनंत कुमार सिंह, सचिव रंजय कुमार सिंह, सीनेट सदस्य संजीव शंकर सिंह, डा सुलेखा कुमारी, डा प्रेमलता, डा ज्योति, डा रचिता, डा गायत्री, डा नम्रता, डा लीली, डा सुमन स्वराज, डा गौरी, डा नवनीत सिंह, डा अभयनाथ पाठक, मनीष कुमार सिंह, रत्नेश झा, ओमप्रकाश सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

आवास सूची से नाम वंचित रखने का आरोप, महिलाओं ने किया प्रदर्शन, घोरदौड़ चैक पर पंचायत आवास सहायक के खिलाफ नारेबाजी, पुतला दहन कर जताया विरोध

बनमा ईटहरी (सहरसा) (दैनिक नवसंदेश)। प्रधानमंत्री आवास योजना की नई सूची में पात्र लाभुकों का नाम शामिल नहीं किए जाने के विरोध में रविवार को घोरदौड़ चैक पर महिलाओं ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पंचायत आवास सहायक लिपी कुमारी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला दहन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व दिनेश तांती ने किया। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्धारित लक्ष्य और मापदंड को पूरा करने वाले गरीब परिवारों का सर्वे कराया गया था। इसके बावजूद स्थानीय दबाव के कारण अधिकांश पात्र लाभुकों का नाम आवास सूची से वंचित कर दिया गया। महिलाओं का कहना था कि उनके पास आज भी पक्का मकान नहीं है और वे आवास योजना का लाभ पाने की पात्रता रखती हैं। इसके बावजूद सूची में नाम नहीं होने से उन्हें योजना के लाभ से वंचित होना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के घोरदौड़ और महारस पंचायत में बड़ी संख्या में पात्र लाभुकों के नाम सूची से हटाए गए हैं। वहीं, इटहरी पंचायत में अपेक्षाकृत



विरोध-प्रदर्शन पीड़ित महिला।

कम संख्या में लाभुकों के नाम हटाए जाने का आरोप लगाया गया है। महिलाओं ने सूची तैयार करने की प्रक्रिया की जांच कराने और पात्र लाभुकों का नाम पुनरू सूची में शामिल करने की मांग की। लाभुकों ने बताया कि इस संबंध में उप विकास आयुक्त को भी आवेदन देकर आवास सूची में नाम जोड़ने की मांग की गई है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यदि पात्र गरीब परिवारों को योजना का लाभ नहीं मिला तो वे आगे भी आंदोलन करने को बाध्य होंगे। प्रदर्शन में नीतू देवी, सोनम देवी, धनमैन देवी, सीता देवी, गीता देवी, विनिता देवी, मंजू देवी, कबुतरी देवी, सकुनती देवी, सोहगिया देवी, विनिया देवी, जानकी देवी, जुना देवी, छोटकी देवी, रहीमा खातून, नीलम देवी, आरती देवी, पिंकी देवी, अंजली देवी, अरचनिया देवी, पुष्पा देवी, काजल देवी, कविता देवी, समतोलिया देवी सहित बड़ी संख्या में महिला लाभुक शामिल थीं।

बिहार इप्टा राज्य स्तरीय नाटयोत्सव के दूसरे दिन सहरसा इप्टा की प्रस्तुति छुड़ा के बंहियां नाटक का मंचन, पर्यावरण संरक्षण पर आधारित छपरा इप्टा की प्रस्तुति द लास्ट क्राई नाटक

सहरसा शहर (दैनिक नवसंदेश)। भारतीय जन नाटय संघ इप्टा सहरसा इकाई द्वारा तीन दिवसीय बिहार इप्टा राज्य स्तरीय नाट्योत्सव के दुसरे दिन भी बिहार इप्टा के कार्यकारी अध्यक्ष सीताराम सिंह द्वारा कार्यक्रम स्थल पर झंडोत्तोलन कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वही शनिवार की सुबह 10,00 बजे पुस्तकालय सभा कक्ष में रंग विमर्श के अंतर्गत वर्तमान हिंदी रंगमंच और परंपरा का मूल्यांकन विषय पर वार्ता आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता शिक्षाविद प्रो तरुण कुमार विषय प्रवर्तन प्रोफेसर डॉक्टर दीपक कुमार गुप्ता के द्वारा की गई। वही वक्ता के रूप में डॉक्टर अमित रंजन, रितेश रंजन, नीरज कुमार रंजन, डॉ0 संजय सारथी, एसएस हिमांशु ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन फिरोज अशरफ खान एवं इंद्र भूषण रमन बम बम के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दुसरे दिन दो नाटकों की प्रस्तुति हुई। जिसके अंतर्गत सहरसा इप्टा द्वारा छुड़ा के बहिया नाटक में बेरोजगारी व पलायन की मर्मांतक पीड़ा के मानवीय पक्ष को रेखांकित कर दर्शकों को झकझोर दिया। इस नाटक के माध्यम से बताया कि सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं को डिजिटल रूपांतरण कर दिया गया है। जहां



नाटय संघ इप्टा सहरसा इकाई।

आनलाइन योजना तो विद्यमान है परंतु आम लोगो को धरातल पर इसका लाभ नही मिल पाता है। जिसके कारण आमलोगों को पलायन की मजबूरी के कारण अपने माता पिता पत्नी बाल बच्चे से दूर होना पड़ता है। परदेश जाने के दौरान पत्नी अपने पति को बाहो से जकड़ कर उसे रोकना चाहती है लेकिन अपने परिवार के भरण-पोषण से चिंतित होकर बेमन से अपनी पत्नी की बांह छुड़ा पलायन को मजबूर है। इसी मानवीय पहलू को इस नाटक के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। वही कलाकार पति-अनिल कुमार, पत्नी-रीता सिन्हा स्वपन लोक की पत्नी, सारिका कुमारी, बेटा-श्रीयुक्त आर्या बेटी-कुमारी ऋचा, ग्राम प्रधान-रमेश कुमार पासवान, ग्राम प्रधान सहायक संजय सारथी, ग्राम प्रधान सेवक राजा बाबू जांच दल अधिकारी सिंकू आनंद जांच दल कैमरा मेन कुमार पुष्पमित्र वातशल्य व संजय सारथी, कबाड़ी दुकानदार दीपनारायण शर्मा, संगीत एसएस हिमांशु, ड्रम वादक हरिलाल बाँसुरी वादक सिंकू आनंद रूप सज्जा डा संजय सारथी निर्देशक डॉ दीपक कुमार गुप्ता प्रकाश परिकल्पना डॉ राजन कुमार, मंच परे-वैष्नवी सिंह मिथुन कुमार. पवन कुमार.जीवेश कुमार ने जीवंत कला का प्रदर्शन कर दर्शको को भाव विभोर कर दिया। जबकि सहरसा इप्टा के कलाकारों में लोक नृत्य लोकगीत एवं मैथिली गीत के माध्यम से दर्शकों का मन मोहा। इस मौके पर कलाकार के रूप में अनुष्का, राजनंदनी, दीक्षा, रिशु, निक्की, पायल आराधना, संज्ञा, कल्पना, युक्ति श्री व विद्या के द्वारा बेहतरीन प्रस्तुति की।

भारत खेलों फुटबॉल सीजन 6 के ट्रायल मैच में 15 जिलों के खिलाड़ी हुए सम्मलित



15 जिलों के खिलाड़ी है शामिल।

सहरसा शहर (दैनिक नवसंदेश)। सहरसा में भारत खेलो फुटबॉल सीजन 6 का ट्रायल लगभग 15 जिला के खिलाड़ियों ने भाग लिया। सहरसा स्टेडियम और पुलिस लाइन फुटबॉल मैदान में आयोजित भारत खेलो फुटबॉल व टाउन फुटबॉल क्लब सहरसा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस चयन प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न कोने से आए हुए बच्चे अंडर 15 अंदर 17 अंडर-19 बालक बालिकाओं का सुबह से ही काफी भीड़ विभिन्न जिला से आई हुई थी। खिलाड़ियों का चयन टीम बनाकर के पोजीशन के अनुसार किया गया जिसमें भारत खेलो फुटबॉल एस्कॉर्ट के सौजन्य से आयोजित की गई। एक दिवसीय इस ट्रायल के माध्यम से चयनित बच्चों इंडिया के विभिन्न क्लब में एवं विदेश के भी कई क्लब में अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे बिहार रेफरी सह राष्ट्रीय कोच नीतीश मिश्रा ने बताया कि इस ट्रायल में विभिन्न आयु वर्ग में लगभग 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

जिसमें से विभिन्न आयु वर्ग में 18 खिलाड़ियों का चयन ईस्ट जोन के लिए भेजा जाएगा। भारत खेलो फुटबॉल के द्वारा ऐसे खिलाड़ियों जो बड़े क्लब में खेलने का सपना देखते हैं। उनके सपना पूरा किया जाता है। यहां से खिलाड़ी भारत के कई बड़े क्लब में इंटरनेशनल टूनार्मेंट सहित पुर्तगाल के विभिन्न क्लब में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं। आयोजन को सफल बनाने में पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी सह कोच ब्रह्मदेव हंसदा, जिला फुटबॉल संघ के रघुनाथ प्रसाद यादव, हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष सुशील कुमार, बबलू यादव, लक्ष्मीनाथ गोसाई फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष प्रशांत मेहता, पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी रश्मी सोरेन, राष्ट्रीय खिलाड़ी बाबूजी बेसरा, विजय निराला, संजय कुमार मुरमुर, डब्लू कुमार, विकास कुमार गिरी, अजय मुर्मू, गणेश कुमार गुप्ता, डॉ संजय यादव, प्रशांत कुमार, अशोक कुमार, देवानंद कुमार एवं विभिन्न खेल संघो के लोग हुए हैं।

जदयू के युवा नेता बड़गांव निवासी अविनाश कुमार उर्फ बौआ खां बने जदयू शिक्षा प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष

सोनवर्षाराज (सहरसा) (दैनिक नवसंदेश)। बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड के शिक्षा प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर बड़गांव पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि एवं युवा नेता अविनाश कुमार उर्फ बौआ खां को मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन की खबर मिलते ही क्षेत्र के जदयू कार्यकत्र्ताओं एवं समर्थकों में खुशी का माहौल है। इस बड़े जिम्मेदारी के लिए नव मनोनीत जदयू शिक्षा प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश कुमार उर्फ बौआ खां ने अपने क्षेत्रीय विधायक सह बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सादा सहित प्रदेश नेतृत्व के सभी नेताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे तथा पार्टी और संगठन को मजबूत बनाने के लिए लगातार कार्य करते रहेंगे। वही अविनाश कुमार के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने



बौआ खां को पत्र देते मंत्री रत्नेश सादा व अन्य।

पर पार्टी कार्यकत्र्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। लोगों ने कहा कि उनके मनोनयन से संगठन को मजबूती मिलेगी तथा शिक्षा एवं प्रशिक्षण के क्षेत्र में पार्टी की गतिविधियों को और गति मिलेगी। इनके मनोनयन पर बधाई देने वालों में प्रखंड जदयू अध्यक्ष जयकुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि बबलू मंडल, जदयू जिला उपाध्यक्ष मुकेश झा, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष वीर अभिमन्यु सिंह,नरनाथ मंडल,जदयू व्यावसायिक प्रकोष्ठ के राजीव कुमार सिंह मुन्ना, जदयू नेता कुंदन सिंह, जदयू नेता संजय विश्वास, महासचिव नंदकिशोर झा उर्फ पप्पू झा, प्रखंड उपाध्यक्ष रौशन कुमार सिंह, जदयू प्रवक्ता हरदेव मुखिया, चूड़ामणि झा, पूर्व पैक्स अध्यक्ष चंदन कुमार सिंह, जदयू नेत्री व पंचायत समिति सदस्या गौरी कुमारी, धीरेंद्र सिंह, घनश्याम सिंह, प्रकाश मेहता, पिंकू मंडल, बाबू साहेब मंडल, गोपाल सादा, विजय सादा सहित बड़ी संख्या में जदयू कार्यकर्ता और समर्थक शामिल रहे।.

संक्षिप्त खबरें

जनरेटर सेट चोरी को लेकर थाना में दिया आवेदन

बेलदौर। थाना क्षेत्र के उसराहा चौक से जनरेटर सेट चोरी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने बेलदौर थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित उमेश मिस्त्री, वार्ड नं0-05, पनसलवा गांव निवासी ने बताया कि उनकी फर्नीचर की दुकान कई वर्षो से उसराहा चौक से करीब 100 मीटर पश्चिम में स्थित है। बीते 28 सितंबर की देर रात्रि चोरों ने दुकान के बाहर रखा जनरेटर सेट चोरी कर लिया। खोजबीन करने पर पता चला कि चोरों ने चोरी का जनरेटर मुराशी गांव निवासी विकास कुमार के पास करीब दस हजार रुपये में बेच दिया है। पीड़ित को जब जानकारी मिली तो वह जनरेटर वापस मांगने मुराशी गांव गया, लेकिन जनरेटर वापस नहीं दिया गया। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस को सूचना देने पर पुलिस जब घटनास्थल पर पहुंची तो आरोपी ने जनरेटर को कहीं गायब कर दिया। पीड़ित का कहना है कि जब उसने आरोपी से अपना जनरेटर वापस मांगा तो उसके साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पसराहा पुलिस ने अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पसराहा। थाना क्षेत्र के कोलवाड़ा गांव में एक लड़की के अपहरण से जुड़े मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए देर रात एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी हो कि कोलवाड़ा गांव के इस बहुचर्चित मामले में पुलिस लंबे समय से आरोपी की तलाश कर रही थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पसराहा थाना पुलिस लगातार संदिग्ध ठिकानों पर नजर बनाए हुए थी। इसी क्रम में, पसराहा थाना के एसआई राहुल कुमार के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया और कोलवाड़ा गांव में देर रात छापेमारी कर नामजद अभियुक्त को दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान कोलवाड़ा गांव के निवासी शांभू दास के पुत्र रोहित कुमार के रूप में हुई है। पसराहा थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह गिरफ्तार युवक लड़की अपहरण मामले में दर्ज कांड संख्या 190ध्26 का मुख्य अभियुक्त है। पुलिस को यह सफलता गुप्त सूचना और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर मिली है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस संगीन मामले में पुलिस की अन्य कानूनी और अग्रतर कार्रवाई अभी भी लगातार जारी है।

पूर्व जिप सदस्य के निधन पर जदयू नेताओं ने व्यक्त किए शोक संवेदना

खगड़िया। सदर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी व पूर्व जिला पार्षद तथा जदयू प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी सुमित सिंह महतों के पिता जदयू नेता अवधेश सिंह के आकस्मिक निधन पर जदयू जिलाध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा, जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष व सदर विधायक बबलू कुमार मंडल, प्रदेश सचिव नीलम वर्मा, आचार्य राकेश पासवान शास्त्री, पंकज कुमार पटेल, उमेश सिंह पटेल,दीपक सिन्हा, निर्मला कुमारी, ड धीरेंद्र कुमार, प्रभाकर चौधरी, मदन मोहन मेहता, प्रमोद कुमार सिंह, राजनीति प्रसाद सिंह,धर्मेंद्र महतो,राका सहाय,सावन कुमार बंटी, राजीव रंजन, कुलदीप सिंह पटेल, हर्षवर्धन कुशवाहा, भविष्य सिंह कुशवाहा, रामप्रवेश यादव, मानसी नगर सभापति प्रतिनिधि गोलू कुमार,पवन पासवान आदि ने शोक संवेदना व्यक्त किया।

पुलिस ने तीन युवकों को लिया हिरासत में

बेलदौर। बेलदौर पुलिस ने शनिवार की देर रात्रि सघन वाहन जांच के दौरान तीन संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया। बताया जाता है कि पुलिस ने यह कार्रवाई बीते तीन अक्टूबर की रात जमींदारी बांध के सुखायबासा के समीप की है।हिरासत में लिए गए युवकों की पहचान इतमादी गांव के वार्ड संख्या एक निवासी विक्रम कुमार 23 वर्ष, पिता गणेश सहनी वार्ड संख्या तीन निवासी सूरज कुमार 25 वर्ष, पिता टुनटुन मंडल एवं दिलखुश कुमार 22 वर्ष, पिता शनिचर मंडल के रूप में हुई है।पुलिस तीनों युवकों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170 के तहत बेलदौर थाना लेकर आई। प्रभारी थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि युवकों के नाम एवं पते के सत्यापन के बाद रविवार दोपहर बीएनएसएस की धारा 126 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए उनसे बंधपत्र भरवाकर थाना स्तर से ही रिहा कर दिया गया।

खराब भवनों को तोड़कर नए निर्माण और पंचायत स्तर पर जमाबंदी सुधार शिविर लगाने की डीएम से रखी मांग : विधायक

खगड़िया (एनएसबी)। जिले के मानसी प्रखंड के जटाधर मिश्रा प्राथमिक विद्यालय में सीढ़ी टूटने से छात्रा की मौत की घटना के बाद खगड़िया विधानसभा क्षेत्र के विधायक बबलू कुमार मंडल ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर जिले में विद्यालय भवनों की सुरक्षा, जमीन विवादों के समाधान, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की क्षतिग्रस्त सड़कों और शहर में चल रहे नाला निर्माण सहित कई महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। विधायक ने इन मामलों में त्वरित और ठोस कार्रवाई की आवश्यकता बताते हुए जिलाधिकारी के समक्ष विस्तृत चर्चा की। विधायक बबलू कुमार मंडल ने जटाधर मिश्रा प्राथमिक विद्यालय, मानसी में सीढ़ी टूटने की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि बच्चों की सुरक्षा से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने जिलाधिकारी से जिले के सभी सरकारी विद्यालय भवनों की स्थिति की व्यापक जांच कराने की मांग की। विधायक ने कहा कि इसके लिए एक विशेष तकनीकी टीम का गठन किया जाए, जिसमें भवन निर्माण से जुड़े विशेषज्ञ एवं संबंधित विभाग के तकनीकी अधिकारी शामिल हों। यह टीम जिले के



विधायक बबलू कुमार मंडल।

सभी विद्यालय भवनों का स्थल निरीक्षण कर उनकी संरचनात्मक स्थिति की रिपोर्ट तैयार करे। उन्होंने कहा कि केवल कागजी रिपोर्ट के आधार पर विद्यालय भवनों की स्थिति का आकलन नहीं होना चाहिए, बल्कि भवन की वास्तविक स्थिति, छत, सीढ़ी, दीवार, फर्श, बरामदा और अन्य संरचनात्मक हिस्सों की तकनीकी जांच कराई जानी चाहिए। विधायक बबलू कुमार मंडल ने जिलाधिकारी से कहा कि तकनीकी जांच के दौरान जिन विद्यालय भवनों को असुरक्षित या गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त पाया जाता है, उन्हें केवल मरम्मत के भरोसे नहीं छोड़ा जाए। ऐसे भवनों को आवश्यकतानुसार तोड़कर नए भवन का निर्माण कराया जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों को जर्जर भवन में पढ़ाना किसी भी स्थिति में उचित नहीं है। विद्यालय भवन मजबूत और सुरक्षित होना चाहिए, ताकि अभिभावक भी अपने बच्चों को विद्यालय भेजने में स्वयं को सुरक्षित महसूस करें।विधायक ने जिलाधिकारी से इस मामले में विभागीय स्तर पर आवश्यक कार्रवाई कराने और तकनीकी टीम की रिपोर्ट के आधार पर प्राथमिकता तय करने का आग्रह किया। बैठक के दौरान विधायक ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा चलाए जा रहे जमाबंदी सुधार अभियान का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने जिलाधिकारी से पंचायत स्तर पर विशेष शिविर लगाकर जमाबंदी सुधार का कार्य कराने की मांग की। विधायक ने कहा कि खगड़िया जिले में जमीन से जुड़े विवादों की संख्या काफी अधिक है। कई परिवारों में पूर्वजों की जमीन के बंटवारे, जमाबंदी और रिकर्ड में नाम दर्ज होने को लेकर विवाद लंबे समय से चले आ रहे हैं। इन समस्याओं का समय पर समाधान नहीं होने से छोटे-छोटे मामले भी गंभीर विवाद का रूप ले लेते हैं। उन्होंने कहा कि यदि पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर लोगों की जमाबंदी से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाए और पूर्वजों के नाम दर्ज जमीन का नियमानुसार सही बंटवारा एवं रिकर्ड दुरुस्त किया जाए, तो जमीन विवादों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। विधायक बबलू कुमार मंडल ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की स्थिति का भी मुद्दा जिलाधिकारी के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि बाढ़ के कारण कई स्थानों पर सड़कों को नुकसान पहुंचा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन प्रभावित हो रहा है। विधायक ने शहर में बुडको द्वारा कराए जा रहे नाला निर्माण का मुद्दा भी जिलाधिकारी के समक्ष उठाया। उन्होंने कहा कि शहर में जलजमाव की समस्या काफी पुरानी है और नाला निर्माण शहरवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग है। विधायक बबलू कुमार मंडल ने कहा कि नाला निर्माण जैसी महत्वपूर्ण परियोजना में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने जिलाधिकारी से आग्रह किया कि निर्माण कार्य की नियमित निगरानी कराई जाए और संबंधित विभाग के अधिकारियों को समय-समय पर स्थल निरीक्षण के निर्देश दिए जाएं।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन

खगड़िया (एनएसबी)। इंडिया गठबंधन के राष्ट्रव्यापी लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहद भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला परिषद की ओर से देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो, एसआईर रद्द करो,पुराना वोटर लिस्ट से चुनाव कराओ,वोट चोर गद्दी छोड़, का नारा लगाते सीपीआई के कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय योगेंद्र भवन से प्रतिरोध मार्च निकाल कर महात्मा गांधी मार्ग होते आसाम रोड चौराहा बलुआही पर देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया गया। आसाम रोड चौराहा पर आयोजित सभा को संबोधित करते भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकारिणी सदस्य प्रभाकर प्रसाद सिंह ने कहा मोदी सरकार के दबाव में देश के मुख्य चुनाव



प्रदर्षन करते भाकपा नेता।

आयुक्त ज्ञानेश कुमार एस, आई, आर लागू कर देश के 13 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट से हटाकर वोट डालने एवं मतदान से वंचित किया है। सरकार एवं मुख्य चुनाव आयुक्त मिलकर लोकतंत्र एवं संविधान का गला घोंटने काम कर रही है। एसआईआर लागू होने के बाद विभिन्न प्रदेशों में हुए चुनाव में भाजपा को सत्ता में लाने का काम मुख्य चुनाव आयुक्त मिलकर वोट चोरी कराने काम किया है। इसके विरोध में तमाम विपक्षी पार्टियों एवं देश के छात्र नौजवान दिल्ली के जंतर मंतर एवं मुंबई सहित सभी प्रदेशों में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को त्यागपत्र देने, वोटर लिस्ट से हटाये गये मतदाताओं का नाम जोड़कर चुनाव कराने का मांग कर रहे हैं। सभा को जिला मंत्री पुनीत मुखिया, सीपीआई राज्य परिषद के सदस्य कां रविंद्र यादव, अंचल मंत्री कैलाश पासवान, अनिल कुमार सिंह, नरेश शर्मा, मनोज सदा, सीपीआई जिला कार्यकारिणी के सदस्य बिंदेश्वरी शाह, नारायण शाह, विभाश चंद्र बोस, सीपीआई जिला परिषद सदस्य सुरेंद्र राय, जोगिंदर शर्मा, सत्यनारायण सिंह, महेंद्र महीप, काशी पासवान, राज कुमार पासवान, हेमंत कुमार, चंद्रभूषण सिंह, राजमोहन यादव अधिवक्ता, चमकलाल सिंह अधिवक्ता, छात्र नेता प्रशांत सुमन, विटु मिश्रा सहित दर्जनों नेताओं ने भाग लिये।

शांति भंग करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा : राजीव रंजन

पसराहा (एनएसबी)। थाना परिसर में रविवार को दशहरा और काली पूजा पर्व को सौहार्दपूर्ण व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से एक शांति समिति की बैठक



बैठक में थानाध्यक्ष व अन्य।

आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता पसराहा थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजीव रंजन कुमार ने की। बैठक में क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों से आए बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, बुद्धिजीवी और ग्रामीण सम्मिलित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने कहा कि सभी लोग दशहरा पर्व को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाएं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिन गांवों में दशहरा के अवसर पर मेलों का आयोजन किया जाता है, वहां के आयोजक समय रहते प्रशासन से अनिवार्य रूप से लाइसेंस प्राप्त कर लें। बिना अनुमति के मेला लगाने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। कानून-व्यवस्था और सार्वजनिक शांति बनाए रखने के लिए कड़ा रुख अपनाते हुए थानाध्यक्ष ने डीजे तथा अत्यधिक तेज आवाज वाले ध्वनि यंत्रों के बजाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। इसके अलावा, पर्व के दौरान किसी भी प्रकार का हुड़दंग रोकने और असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने के लिए नशा करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का संकल्प दोहराया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि शराब या किसी भी प्रकार का नशा करके शांति भंग करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। शांति समिति की बैठक में मुखिया आलोक कुमार, जवाहर सिंह, राजेंद्र सिंह, अंशु भारती, नंदकिशोर शर्मा, उमाकांत भारती, रणधीर कुमार, मुकुंद माधव, लालमोहन, चंद्रदेव ठाकुर, ज्योतिष कुमार, अरुण कुमार, श्रवण कुमार, शंकर दास, संजय सिंह, गोपाल सिंह और प्रमोद मंडल सहित क्षेत्र के दर्जनों लोग उपस्थित रहे। सभी ने प्रशासन को पर्व के दौरान पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।

मड़ैया में अवैध आग्नेयास्त्र एवं कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

खगड़िया (एनएसबी)। जिले के मड़ैया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अररिया गांव में दो देसी कट्टा एवं दो कारतूस के साथ एक युवक को मड़ैया पुलिस ने गिरफ्तार किया गया। इस सफलता को लेकर रविवार को दोपहर गोगरी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंदन कुमार ठाकुर ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए कहा है कि मड़ैया पुलिस को शनिवार के मध्य रात्रि इनपुट मिली कि मड़ैया थाना अंतर्गत अररिया निवासी मुधीर यादव अपने घर के अंदर लकड़ी के संदूक में अवैध देशी हथियार एवं कारतूस छुपा कर रखे हुए हैं। प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक खगड़िया के निर्देश में मड़ैया थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए जब ग्राम अररिया गांव स्थित मुधीर यादव के घर के पास पहुंचा तो पुलिस वालों को देखकर दो व्यक्ति घर से निकलकर भागने लगे।पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए भाग रहे एक व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़



जानकारी देते एसडीपीओ।

लिया। गिरफ्तार युवक ने अपना नाम नीतीश कुमार बताया। वहीं दूसरा भाग रहे व्यक्ति मुधीर यादव के रूप में पहचान की गई,जो अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गए। पकड़ाए अभियुक्त नीतीश कुमार के घर के कमरे की विधिवत तलाशी ली गई तो तलाशी के क्रम में घर के अंदर रखे लकड़ी के बक्से से दो लोहे के निर्मित देसी कट्टे तथा दो कारतूस बरामद किए गए।जिसको विधिवत जप्त कर लिया गया। तथा अभियुक्त नीतीश कुमार को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। डीएसपी ने बताया कि मड़ैया थाना कांड 53ध्26 दर्ज कर लिया गया। फिलहाल गिरफ्तार अभियुक्त नीतीश कुमार का अपराधिक इतिहास नहीं मिला है। रात्रि प्रहरी को हथियार बंधक बनाकर स्कूल के समान उठा ले गये बदमाष परबत्ता। थाना क्षेत्र के कन्हैयाचक स्थित 2 उच्च विद्यालय में शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर कंप्यूटर का पूरा सेट, एम्पलीफायर समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। घटना के दौरान स्कूल में तैनात रात्रि प्रहरी को हथियार दिखाकर धमकाया गया और बंधक बना दिया गया। रात्रि प्रहरी सुधीर कुमार दास के अनुसार, 3 अक्टूबर 2026 की रात करीब 9रू30 बजे पांच अज्ञात व्यक्ति मुंह पर गमछा लपेटकर स्कूल परिसर में पीछे से प्रवेश कर आए। आरोप है कि बदमाशों ने हथियार दिखाते हुए हमला करने की धमकी दी। भय के कारण रात्रि प्रहरी कुछ नहीं कर सके। इसके बाद चार बदमाश स्कूल के पुराने कार्यालय में घुस गए, जबकि एक उनके पास ही खड़ा रहा। बदमाश स्कूल से कंप्यूटर का पूरा सेट और एम्पलीफायर सहित अन्य सामान लेकर बाहर निकले और रात्रि प्रहरी को धमकी दी कि घटना के बारे में किसी को बताया तो जान से मार देंगे। चोरों के जाने के तुरंत बाद रात्रि प्रहरी ने स्कूल के प्राचार्य को फोन कर घटना की जानकारी दी। प्राचार्य के निर्देश पर 112 पर सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। रात्रि प्रहरी ने परबत्ता थाना को आवेदन देकर मामले की जांच कराने, अज्ञात चोरों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने तथा चोरी गए सामान की बरामी की मांग की है। घटना के बाद विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं। थाना अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है जांच की जा रही है।

संक्षिप्त खबरें

बाबा फुलेश्वर नाथ मंदिर के सर्वांगीण विकास को लेकर 9 अक्टूबर को बैठक

बेलदौर (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र स्थित सुप्रसिद्ध एवं प्राचीन श्री श्री 108 बाबा फुलेश्वर नाथ महादेव मंदिर के सर्वांगीण विकास और समुचित संचालन को लेकर आगामी 9 अक्टूबर को मंदिर प्रांगण में एक प्रखंड स्तरीय आम सभा का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य मंदिर के सुचारू प्रबंधन हेतु सर्वसम्मति से प्रखंड स्तरीय प्रबंधन कमेटी का गठन करना है। आम सभा को शांतिपूर्ण पारदर्शी और व्यवस्थित वातावरण में संपन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था हेतु प्रशासनिक स्तर पर पहल की गई है। पूर्व प्रखंड प्रमुख विकास कुमार एवं समाजसेवी सह आरटीआई कार्यकर्ता ओमप्रकाश क्रांति ने अनुमंडल पदाधिकारी गोगरी के कार्यालय पहुंचकर सुरक्षा एवं प्रशासनिक प्रबंधन के संबंध में आवश्यक आदेश निर्गत करने का अनुरोध किया। स्थानीय प्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं, प्रबुद्ध नागरिकों और प्रखंड वासियों से अपील की है कि वे 9 अक्टूबर को अधिक से अधिक संख्या में इस आम सभा में उपस्थित हों। उन्होंने कहा कि बाबा फुलेश्वर नाथ मंदिर न केवल जन-आस्था का प्रमुख केंद्र है, बल्कि क्षेत्र की सांस्तिक धरोहर भी है। इसके विकास के लिए एक सशक्त एवं जिम्मेदार प्रबंधन कमेटी का गठन अत्यंत आवश्यक है। आयोजकों ने सभी प्रखंड वासियों से शांतिपूर्ण माहौल में इस बैठक को सफल बनाने और अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का विनम्र आग्रह किया है। मालूम हो कि बौबील पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संजय सिंह मंदिर कि जमीन को हरपना चाह रहा है। जिसको लेकर बेलदौर प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। हलांकि इस संबंध में संजय सिंह के तरफ से किसी प्रकार की प्रतिक्रिया नही मिली है।

रूपये मांगने पर मारपीट,कार्रवाई की गुहार

बेलदौर(एनएसबी)। थाना क्षेत्र के सकरोहर गांव में जमीन बिक्री के नाम पर रुपये लेने और वापस नहीं करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने बेलदौर थानाध्यक्ष को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िने आवेदन में लिखा है कि सकरोहर गांव के वार्ड 12 निवासी सुनील कुमार सिंह उम्र 34 वर्ष पिता सुभाषचन्द्र सिंह ने बताया कि उन्होंने गांव के ही संजय कुमार सिंह उम्र 45 वर्ष पिता स्व0 सच्चिदानन्द सिंह को सुदभरना जमीन रकवा चार कट्ठा के लिए एक लाख रुपये और दूसरी बार एक लाख पचहत्तर हजार रुपये दिये थे। आरोप है कि संजय कुमार सिंह ने उक्त जमीन को दूसरे के हाथों बेच दिया। इसके बाद ग्रामीणों एवं मुखिया और सरपंच के समक्ष पंचायती रखी गई। पंचायत में निर्णय हुआ कि जमीन दूसरे को बेच दी है तो सुनील कुमार सिंह का पूरा पैसा वापस कर दिया जाय और इसके लिए दो महीने तक का समय दिया गया।समय बीतने के बाद जब पीड़ित सुनील कुमार सिंह जब संजय कुमार सिंह के घर रुपये मांगने गया तो उसने रुपये देने से इनकार कर दिया। आवेदन में पीड़ित ने आरोप लगाया है कि इसके बाद संजय कुमार सिंह और उसकी पत्नी क्रान्ति देवी ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडे एवं श्रीनट दिखाकर मारपीट की। क्रान्ति देवी ने उसके दाहिने हाथ में जोर से दाँत काट लिया जिससे खून बहने लगा।किसी तरह वह जान बचाकर वहां से भागा। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित के द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है। आवेदन के आलोक में अपने अधीनस्थ कर्मी से मामले की छानबीन करवा कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पनसलवा गांव में मेला का आयोजन

बेलदौर**(एनएसबी)**। रविवार के सुबह पारण के साथ तीन दिवसीय निर्जला जीवित्पुत्रिका वत संपन्न हो गया। इस अवसर पर पनसलवा गांव में दो दिवसीय मेले का आयोजन किया गया, जिसकी शुरुआत 101 कुंवारी कन्याओं द्वारा कोसी नदी से जल भरकर निकाली गई भव्य कलश शोभायात्रा से हुई।मेला ग्राउंड में जीवित्पुत्रिका देवी एवं अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित की गईं। बताते चले कि शनिवार देर रात सामुदायिक भवन में आयोजित सांस्तिक कार्यक्रम का उद्घाटन बेलदौर विधायक पन्नालाल सिंह पटेल, डुमरी मुखिया डोली कुमारी, पंचायत समिति सदस्य रामरक्षी सिंह और कुमोदिया देवी ने फीता काटकर किया। विधायक ने अपने संबोधन में युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से सतर्क करते हुए इससे दूर रहने की सलाह दी। ग्रामीणों के अनुसार, पनसलवा निवासी निक्कू सिंह ने पुत्र प्राप्ति के संकल्प के बाद इस मेले और मूर्ति स्थापना की परंपरा शुरू की थी, जो पिछले दो वर्षो से लगातार आयोजित हो रहा है। कार्यक्रम में मेला कमेटी सदस्यों सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर भाकपा ने किया पुतला दहन

परबत्ता **(एनएसबी)**। वामपंथी दलों एवं इंडिया ब्लक के राष्ट्रव्यापी ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो आंदोलन के तहत भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) अंचल परिषद, परबत्ता की ओर से रविवार को पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत पार्टी कार्यालय से जुलूस निकाला गया, जो परबत्ता के मुख्य मार्गो से गुजरते हुए प्रखंड सह अंचल कार्यालय के द्वार तक पहुंचा। जुलूस में शामिल पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो, ज्ञानेश कुमार को हटाओ और लोकतंत्र बचाओ सहित विभिन्न नारे लगाए। इसके बाद भाकपा के जिला परिषद सदस्य कामरेड सुबोध राय ने ज्ञानेश कुमार के पुतले का दहन किया। इस अवसर पर आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए भाकपा खगड़िया जिला परिषद के मंत्री पुनीत मुखिया ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग की स्वतंत्रता प्रभावित हुई है।और एसआईआर के दौरान बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं।पार्टी की ओर से मांग की गई कि एसआईआर के दौरान जिन योग्य मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं, उनके नाम दोबारा जोड़े जाएं और उनके मताधिकार को बहाल किया जाए। साथ ही किसी राज्य में चुनाव से ठीक पहले ैप्त् नहीं कराने तथा पूरे देश में एक निर्धारित समय-सीमा के भीतर मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कराने की मांग की गई। कार्यक्रम में सहायक अंचल मंत्री सर्वोत्तम कुमार, जिला परिषद सदस्य चार्ली आर्या, हेमंत कुमार सहित पार्टी के कई सदस्य एवं समर्थक मौजूद रहे। मौके पर दिव्यांशु कुमार, मुकेश कुमार, मुन्ना कुमार, गुलशन कुमार, नितेश कुमार, प्रिंस कुमार, अंशु कुमार, सुशांत कुमार, मुकुंद कुमार, अभिनव कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।



पुतला दहन करते भाकपा नेतागण।

संक्षिप्त खबरें

फतुहा में प्रतिबंधित कफ सिरप की बड़ी खेप बराम, 22,850 बोतलें जब्त

फतुहा। पुलिस और मद्यनिषेध इकाई की संयुक्त टीम को नशीली दवाओं और अवैध कारोबार के खिलाफ एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक वेयरहाउस में छापेमारी कर भारी मात्रा में प्रतिबंधित कोडीन युक्त कफ सिरप की खेप बरामद की है। इस संबंध में रविवार को फतुहा एसडीपीओ-1 अवधेश कुमार ने फतुहा थाने पर प्रेस कन्फ्रेंस कर विस्तृत जानकारी दी। एसडीपीओ अवधेश कुमार ने बताया कि 3 अक्टूबर 2026 को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दनियावां-फतुहा रोड स्थित लिखिया फतुहा स्थित श्एल्केमिस्ट लिमिटेडश के वेयरहाउस में किसी फार्मा कंपनी द्वारा प्रतिबंधित दवा की भारी खेप मंगवाई गई है। सूचना के सत्यापन और त्वरित कार्रवाई के लिए वरीय अधिकारियों के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग तथा वेयरहाउस के सिक्योरिटी मैनेजर के सहयोग से जब वेयरहाउस की जांच शुरू की, तो मौके पर एक डीसीएम ट्रक से पार्सल उतारे जा रहे थे। पूछताछ करने पर चालक ने बताया कि यह पार्सल रांची से आया है और इसे एक कस्टमर को डिलीवर किया जाना था। हालांकि, पुलिस कार्रवाई की भनक लगते ही कस्टमर अपना मोबाइल बंद कर मौके से फरार हो गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने कुल 149 कार्टन से 22,850 बोतलें (2285 लीटर) कोडीन सिरप जब्त की। इसमें एस्कफ कोडीन सिरप की 14,850 बोतलें और विक्सी कोडीन सिरप की 8,000 बोतलें शामिल हैं।इस मामले में फतुहा थाना में कांड संख्या 625ध्26 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। इस सफल अनुसंधान और छापेमारी में थाना अध्यक्ष श्रीमंत कुमार सुमन, अपर थाना अध्यक्ष चंदन कुमार, कलेन्द्र कुमार, नागेन्द्र पासवान, राहुल कुमार, योगेश कुमार, तथा बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद स्वापक इकाई की टीम शामिल थी।

जितिया पर्व पर नाविक तैनाती के दावे पर उठे सवाल, 140 लीटर तेल के बिल की भी चर्चा

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बख्तियारपुर के विभिन्न गंगा घाटों पर जितिया पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर नाव एवं नाविकों की तैनाती किए जाने की बात अधिकारियों की ओर से कही गई थी। हालांकि, स्थानीय जानकारों के अनुसार कुछ घाटों पर ऐसी तैनाती नजर नहीं आई। इसी बीच अंचल स्तर से करीब 140 लीटर डीजलध्पेट्रोल के बिल के भुगतान की चर्चा सामने आने के बाद पूरे मामले को लेकर सवाल उठने लगे हैं। सूत्रों के हवाले से सामने आई जानकारी के अनुसार पर्व के दौरान नावों के संचालन और नाविकों की तैनाती के नाम पर खर्च का प्रावधान किया गया था। दूसरी ओर, स्थानीय लोगों का दावा है कि मौके पर अपेक्षित संख्या में नाव और नाविक उपलब्ध नहीं थे। हालांकि, इन दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। मामले में सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि यदि नाव एवं नाविकों की तैनाती की गई थी तो किस-किस घाट पर कितनी नावें लगाई गईं, कितने नाविक तैनात रहे और 140 लीटर ईंधन का उपयोग किस कार्य में हुआ इन बिंदुओं की जांच से स्थिति स्पष्ट हो सकती है।स्थानीय स्तर पर पूरे मामले की अभिलेखीय एवं स्थलीय जांच की मांग उठ रही है, ताकि सरकारी राशि के उपयोग और पर्व के दौरान की गई सुरक्षा व्यवस्था की वास्तविक स्थिति सामने आ सके। संबंधित अधिकारियों का पक्ष और उपलब्ध अभिलेख जांच के बाद ही अंतिम स्थिति स्पष्ट होगी।

मेरे सपनों का भारत' में समर प्रताप सोलंकी प्रथम

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बाढ़ प्रखंडस्तरीय 'मेरे सपनों का भारत' पेंटिंग प्रतियोगिता में मध्य विद्यालय राणा विगहा के वर्ग षष्ठम के छात्र समर प्रताप सोलंकी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। उनकी उत्कृष्ट चित्रकारी को निर्णायकों ने सराहा। छात्र की सफलता पर विद्यालय परिवार एवं शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उसे उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

नए रेल ट्रैक का इंस्पेक्शन पूरा, जल्द दौड़ेंगी ट्रेनें, कई ट्रेनों को मिलेगा नया रूट

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। हाथीदह में डबल ट्रैक के लिए तैयार किए गए नए रेल ट्रैक और नए रेल पुल का इंस्पेक्शन किया गया। निरीक्षण प्रक्रिया पूरी होने के बाद इस ट्रैक पर जल्द ही ट्रेनों का नियमित आवागमन शुरू होने की उम्मीद है। नया ट्रैक चालू होने से रेल परिचालन को गति मिलने के साथ इस रूट पर कई ट्रेनों के परिचालन में विस्तार किए जाने की संभावना है। इससे यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और रेल यातायात का दबाव भी कम होगा।

सीतारामपुर-फरदा को नया पंचायत बनाने की उठी मांग

पंचायत मुख्यालय दूर होने से विकास प्रभावित होने का ग्रामीणों का दावा

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। जमालपुर प्रखंड के राजस्व ग्राम सीतारामपुर-फरदा को अलग पंचायत का दर्जा देने की मांग जोर पकड़ने लगी है। फरदा गांव का क्षेत्र वर्तमान में पड़हम और सिंघिया पंचायत के बीच बंटा हुआ है। पंचायत मुख्यालय दूर होने के कारण ग्रामीणों का कहना है कि विभिन्न टोलों में विकास कार्यो का अपेक्षित लाभ नहीं पहुंच पाता है। इसे लेकर ग्रामीणों ने प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, जमालपुर को आवेदन देकर जनहित में सीतारामपुर-फरदा नाम से नई पंचायत गठित करने की मांग की है।ग्रामीणों सुभाष कुंवर, अभिनंदन पाठक,विजय मिश्रा, बम बम पाठक, श्यामदेव पाठक, मलिक पाठक, रघुनंदन पाठक,आशीष दिनेश कुँवर,राजू पाठक, विमल पाठक, बाबू साहब सहित दर्जनों ने गांव ग्राम में आयोजित बैठक के माध्यम से बताया सीतारामपुर-फरदा एक राजस्व ग्राम है। इसके अंतर्गत सीतारामपुर टोला, शिवरामपुर टोला, जगन्नाथपुर टोला, डीह टोला, ग्यारह आना मालिक टोला, दो आना मालिक टोला, नया टोला, प्रेम टोला, बांक टोला और रविराय टोला सहित कई टोले आते हैं। इन सभी टोलों को मिलाकर करीब पांच हजार मतदाता हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सभी टोलों का डाकघर भी फरदा है, जिससे क्षेत्र की भौगोलिक और सामाजिक एकरूपता स्पष्ट होती है। अधिकारियों को दिए गए आवेदन में ग्रामीणों ने बताया है कि फरदा में मध्य विद्यालय, उच्च विद्यालय, .2 इंटर महाविद्यालय, प्राथमिक विद्यालय प्रेम टोला, मध्य विद्यालय बांक टोला और मध्य विद्यालय रविराय टोला जैसे शिक्षण संस्थान भी संचालित हैं। ऐसे में अलग पंचायत गठित होने से प्रशासनिक पहुंच बढ़ने के साथ सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास को गति मिलने की उम्मीद है।ग्रामीणों ने आवेदन की प्रतिलिपि जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिलाधिकारी, मुंगेर प्रमंडल के आयुक्त, पंचायती राज विभाग के अपर मुख्य सचिव, पंचायती राज मंत्री, मुख्यमंत्री सहित संबंधित अधिकारियों को भेजकर नई पंचायत के गठन की प्रक्रिया शुरू कराने की मांग की है। उनका कहना है कि अलग पंचायत बनने से वर्षो से विकास की मुख्यधारा से अपेक्षात दूर रहे टोलों को प्रशासनिक सुविधा और विकास योजनाओं का बेहतर लाभ मिल सकेगा।


फरदा को पंचायत बनाने को लेकर बैठक करते ग्रामीण।

शांतिपूर्ण प्रतिमा विसर्जन को लेकर केंद्रीय समिति ने की बैठक

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। दुर्गा पूजा एवं प्रतिमा विसर्जन को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने को लेकर केंद्रीय प्रतिमा विसर्जन समिति की बैठक मुंगेर-जमालपुर मुख्य मार्ग स्थित परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता सनम कुमार ने की। इस दौरान दुर्गा पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा निर्धारित समय पर प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।समिति के संरक्षक राजीव नायक ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी दुर्गा पूजा मेला एवं प्रतिमा विसर्जन को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में केंद्रीय प्रतिमा विसर्जन समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होंने सभी पूजा समितियों से निर्धारित कार्यक्रम और समय का पालन करते हुए समिति को सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आपसी समन्वय और सहयोग से पूजा एवं विसर्जन कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सकता है। बैठक में प्रतिमा विसर्जन के दौरान आने वाली संभावित समस्याओं पर भी चर्चा की गई। समिति के सदस्यों ने पूजा समितियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने पर जोर दिया। मौके पर बलविंदर सिंह अहलूवालिया,भवेश चौधरी, विनय कुमार,पंकु पासवान,सिंटू गुप्ता, मोनू,चंदन पासवान,साईं शंकर सहित कई सदस्य मौजूद थे।

अप्रेंटिस सम्मेलन को सफल बनाने की तैयारी तेज

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। अल इंडिया एक्ट अप्रेंटिस संगठन की ओर से रविवार को ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन की जमालपुर शाखा में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य नई दिल्ली के करनैल सिंह स्टेडियम में आगामी 9 अक्टूबर को आयोजित होने वाले रेल अप्रेंटिस सम्मेलन को सफल बनाने की रणनीति पर विचार-विमर्श करना रहा। बैठक में बड़ी संख्या में रेल अप्रेंटिस छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।बैठक में उपस्थित संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि अप्रेंटिस छात्रों की विभिन्न मांगों और समस्याओं को मजबूती से उठाने के लिए दिल्ली में आयोजित होने वाला सम्मेलन महत्वपूर्ण है। उन्होंने जमालपुर सहित आसपास के क्षेत्रों के सभी रेल अप्रेंटिस छात्रों से अपील की कि वे 9 अक्टूबर को नई दिल्ली के करनैल सिंह स्टेडियम पहुंचकर सम्मेलन में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें और कार्यक्रम को सफल बनाएं।वक्ताओं ने कहा कि अप्रेंटिस छात्रों की एकजुटता ही उनकी आवाज को मजबूती प्रदान करेगी। सम्मेलन में अधिक से अधिक छात्रों की उपस्थिति दर्ज कराने को लेकर संगठन स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं।बैठक में ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन केंद्रीय कमेटी के पूर्व शाखा अध्यक्ष अनिल यादव, सचिव परमानंद, उपाध्यक्ष अमित एवं कोषाध्यक्ष रंजीत मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वहीं रेल अप्रेंटिस छात्र संगठन के अध्यक्ष चंदन पासवान, जमालपुर शाखा अध्यक्ष अवधेश कुमार, मीडिया प्रभारी अजय चंद्रा सहित राजीव कुमार, मिंकु कुमार, मंटू कुमार, अमित कुमार, राहुल कुमार, गौतम कुमार, प्रीतम कुमार, धर्मवीर कुमार, पन्नू कुमार, रिचा सिंह सहित अन्य अप्रेंटिस छात्र मौजूद रहे।

दुर्गापूजा से पहले सड़क, रोशनी व सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। दुर्गापूजा पर्व को लेकर जमालपुर नगर की सड़क, गड्ढा, स्ट्रीट लाइट, सफाई, नाली, जलजमाव, सुरक्षा एवं प्रतिमा विसर्जन व्यवस्था को दुरुस्त कराने की मांग उठाई गई है। रविवार को डीह जमालपुर स्थित महावीर स्थान में नगर के विभिन्न वार्डो के नागरिकों की समस्याओं एवं सुझावों को लेकर नगर स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद जनहित से जुड़े मुद्दों को सामूहिक आवेदन के माध्यम से नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी के समक्ष रखा गया। आवेदन में पूजा पंडालों एवं प्रमुख पूजा मार्गो की विशेष सफाई, खराब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत तथा अंधेरे वाले स्थानों पर अतिरिक्तप्रकाश व्यवस्था कराने की मांग की गई है। वहीं पूजा और विसर्जन मार्ग में मौजूद गड्ढों की तत्काल मरम्मत, नालियों की सफाई एवं जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने को कहा गया है।इसके अलावा पूजा पंडालों के आसपास अतिरिक्तकचरा उठाव, विसर्जन मार्ग एवं घाटों की सफाई, पर्याप्त रोशनी, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सुरक्षा व यातायात व्यवस्था मजबूत करने तथा बिजली के खुले व खतरनाक तारों की जांच कराने की मांग की गई। नागरिकों ने वार्डवार समस्याओं का स्थल निरीक्षण कर दुर्गापूजा से पहले प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराने का आग्रह किया। जनहित में आवेदन इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के मुंगेर जिलाध्यक्ष नरेंद्र कुमार तांती की ओर से प्रस्तुत किया गया। आवेदन की प्रतिलिपि जिला पदाधिकारी, नगर परिषद सभापति, संबंधित वार्ड पार्षद एवं पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारियों को भी देने की बात कही गई है। बैठक में अजय कुमार यादव, तारिणी प्रसाद तांती, कमलेश्वरी ताती,उमेश ताती, संजय कुमार पासवान, उमेश कुमार चौधरी, सोनी देवी,मंजू देवी, सुलोचना देवी,शोभा देवी, उमा गोस्वामी, अमित कुमार,चंदन कुमार,सनसनी सहित कई मौजूद थे।

मिट्टी के साथ घर को बहा ले जा रही गंगा मैया

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। बाढ़ का पानी उतरने के बाद अब गंगा की तेज धारा सिंघिया पंचायत के ग्रामीणों के लिए नई मुसीबत बन गई है। पंचायत के वार्ड नंबर 11 एवं 4 के सर्वोदय टोला और जानी गांव में गंगा तेजी से कटाव कर रही है। कटाव की रफ्तार ऐसी है कि गंगा किनारे बसे लोगों को अब घर और जमीन के अस्तित्व की चिंता सताने लगी है। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते कटाव निरोधक कार्य नहीं हुआ तो गांव की मुख्य सड़क भी गंगा की धारा में समा सकती है।कटाव रोकने के लिए पूर्व में गंगा किनारे जिओ बैग डालकर सुरक्षा कवच तैयार किया गया था, लेकिन गंगा की तेज धारा और बढ़ते जलस्तर के कारण अधिकांश जिओ बैग बहकर गंगा में समा गए। इसके बाद सर्वोदय टोला और जानी गांव में कटाव और तेज हो गया है।ग्रामीण नीरज कुमार, रूठा देवी, रोहित यादव, किरण देवी व कोमल देवी ने बताया कि हर साल बाढ़ और कटाव का दंश झेलना पड़ता है। इससे शारीरिक और मानसिक परेशानी के साथ आर्थिक संकट भी बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, किसी की सात कट्ठा जमीन घटकर महज डेढ़ कट्ठा रह गई है। कटाव की चपेट में आकर अब तक तीन शौचालय गंगा में विलीन हो चुके हैं।ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल कटाव निरोधक कार्य कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाया गया तो घर और सड़क दोनों गंगा की धारा में समा सकते हैं।


गंगा में कटाव।

आरव के जन्मदिवस पर मनाया जाएगा 'गंगा पुनर्जीवन संकल्प दिवस'

जमालपुर (मुंगेर) **(एनएसबी)।** गंगा नदी को स्वच्छ, निर्मल और अविरल बनाने के संकल्प के साथ गंगा पुनर्जीवन दल के संस्थापक आरव सिंह का जन्मदिवस के मौके पर 'गंगा पुनर्जीवन संकल्प दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर समर्पण पहाड़ी जमालपुर में पीपल देव वृक्ष की स्थापना का आयोजन किया जाएगा।ग्रामीणों ने कहा कि गंगा किनारे बसे गांव में जन्म लेना और रहना सौभाग्य की बात है। लेकिन विभिन्न स्थानों पर हो रहे निर्माण कार्यो और मानवीय गतिविधियों के कारण गंगा लगातार प्रदूषित हो रही है। ऐसे में गंगा की स्वच्छता और निर्मलता बनाए रखना केवल सरकार या किसी एक संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक गंगातटीय निवासी का कर्तव्य है।गंगा पुनर्जीवन दल के संस्थापक आरव सिंह की दूरदर्शी सोच के तहत गंगा को उसके पुराने गौरव और प्रातिक स्वरूप में लौटाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दल द्वारा शिवकुंड गांव को गोद लेकर विभिन्न जागरूकता और संरक्षण कार्य किए जा रहे हैं।जन्मदिवस को गंगा और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प से जोड़ना सराहनीय पहल है। आयोजन में वयोवृद्ध समाजसेवी एवं पर्यावरण योद्धाओं के पितामह शिवलाल रजक के नेतृत्व में देव वृक्ष महायज्ञ आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में नीतीश, विकास यादव, सोमदत्त मिश्रा, गौतम मंडल, मनीष शशि सहित गंगा पुनर्जीवन दल के कार्यकर्ता और श्रद्धालु मौजूद रहेंगे।

इस जीवन का क्या भरोसा, पल में क्या हो जाए

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। प्रखंड के सिंघिया पंचायत में मुखिया बीवी गुप्ता के आवास पर रविवार को शिव चर्चा का आयोजन किया गया। इसमें मुंगेर, धरहरा, हेमजापुर, शिवकुंड, अबगिल और लगमा सहित विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे शिव भक्तों ने भाग लिया। शिव चर्चा में भक्तिमय माहौल बना रहा। भजन-कीर्तन और प्रवचन के माध्यम से शिव भक्तों ने देवाधिदेव महादेव की महिमा का बखान किया।शिव चर्चा के दौरान वक्ताओं ने कहा कि मनुष्य का जीवन क्षणभंगुर है। इस जीवन का कोई भरोसा नहीं है कि पल में क्या हो जाए। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को सांसारिक मोह-माया से ऊपर उठकर भगवान शिव की भक्ति में मन लगाना चाहिए। शिव की आराधना से मन को शांति मिलने के साथ जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।कार्यक्रम में शामिल शिव भक्तों का मुखिया प्रतिनिधि जवाहर साह ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा और प्रेम को मजबूत करने का कार्य करते हैं। शिव चर्चा के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के जयकारे लगाए और भक्ति गीतों पर श्रद्धा के साथ झूमते रहे।मौके पर गुरु भाई सुभाष, श्री नारायण, रंजीत, दामोदर, पुष्पेंद्र, रंजीत, रामविलास, रूबी देवी, जयमाला देवी, सीमा कुमारी सहित बड़ी संख्या में शिव भक्त मौजूद थे।

एसपी साहब! आखिर कब बंद होगा जमालपुर में अवैध लॉटरी का खेल

शहर के कई इलाकों में खुलेआम चल रहा कारोबार, गरीब और युवाओं की गाढ़ी कमाई हो रही बर्बाद

शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से उठ रहे सवाल

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। जमालपुर शहर में अवैध लाटरी का कारोबार कथित रूप से खुलेआम जारी है। जमालपुर और ईस्ट कलोनी थाना क्षेत्र के कई इलाकों में लंबे समय से चल रहे इस धंधे को बंद कराने के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं ने थाना से लेकर पुलिस अधीक्षक तक लिखित और मौखिक रूप से शिकायत की है। इसके बावजूद कारोबार पर प्रभावी रोक नहीं लगने से पुलिस की कार्रवाई को लेकर सवाल उठने लगे हैं।सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं अरुण कुमार, मनोज कुमार और शंकर कुमार समेत कई लोगों ने पुलिस अधीक्षक से अवैध लटरी के कारोबार पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि शिकायतों के बावजूद यह धंधा लगातार जारी है तो आखिर इसके पीछे किसका संरक्षण है और कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है।स्थानीय लोगों के अनुसार केशोपुर, फरीदपुर, जनता मोड़, सदर बाजार, लोको गेट, बलीपुर, छलिया गली, खलासी मोहल्ला, स्टेशन चौक, रोटी गली, दरियापुर, दौलतपुर, रामपुर कलोनी गेट, नया गांव, कारखाना रोड, अस्पताल मोड़, हरिसभा चौक और आशिकपुर समेत कई इलाकों में अवैध लटरी की बिक्री किए जाने की शिकायत है। सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि अवैध लटरी के इस कारोबार में सबसे अधिक गरीब और युवा वर्ग प्रभावित हो रहा है। जल्दी पैसा कमाने के लालच में लोग अपनी मेहनत की कमाई गंवा रहे हैं। लगातार आर्थिक नुकसान के कारण कई परिवारों की स्थिति प्रभावित हो रही है। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि यह धंधा युवाओं को गलत रास्ते की ओर भी धकेल रहा है, जिससे अपराध की घटनाओं को बढ़ावा मिलने की आशंका बनी हुई है।लोगों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि केवल छोटे स्तर पर कार्रवाई करने के बजाय अवैध लटरी के पूरे नेटवर्क की जांच कर संचालकों और इसके पीछे जुड़े लोगों पर कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही शहर में नियमित निगरानी और छापेमारी अभियान चलाकर इस कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाया जाए।अब सवाल यही है कि लगातार मिल रही शिकायतों के बाद पुलिस कब जागेगी और जमालपुर शहर को अवैध लटरी के इस कथित जाल से कब मुक्ति मिलेगी।

संक्षिप्त खबरें

वरिष्ठ पत्रकार सेराज अहमद कुरैशी को मिला महात्मा गांधी-लालबहादुर शास्त्री राष्ट्र गौरव सम्मान 2026

सोनपुर (एनएसबी) गोरखपुर, उत्तर प्रदेश वरिष्ठ पत्रकार, इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं 'बेबाक सहाफी' समाचार पत्र के प्रधान सम्पादक सेराज अहमद कुरैशी को उनके पत्रकारिता क्षेत्र में योगदान, संगठनात्मक दायित्वों के निर्वहन, सामाजिक सरोकारों तथा व्यापक मानवीय ष्टिकोण के लिए 'महात्मा गांधी-लालबहादुर शास्त्री राष्ट्र गौरव सम्मान 2026' से सम्मानित किया गया। एमए एकेडमी, तुर्कमानपुर में गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्तिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर राष्ट्रभक्ति, सामाजिक सद्भाव और महापुरुषों के विचारों को अभिव्यक्त किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सर्व जनकल्याण संकल्प पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ड. कुलदीप पांडेय ने सेराज अहमद कुरैशी को सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्हें पत्रकारिता और सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका के लिए शुभकामनाएं दी गईं। सेराज अहमद कुरैशी का पत्रकारिता जीवन समाचारों के प्रकाशन तक सीमित नहीं रहा है। उन्होंने पत्रकारिता को समाज, लोकतंत्र और जन सरोकारों से जुड़े मुद्दों को सामने लाने का माध्यम माना है। पत्रकारों की समस्याओं, उनके सम्मान, सुरक्षा, स्वाभिमान और अधिकारों से जुड़े विषयों को लगातार उठाना उनकी पत्रकारिता की प्रमुख विशेषताओं में शामिल रहा है। एक पत्रकार के रूप में स्थानीय घटनाओं से लेकर व्यापक सामाजिक विषयों तक उनकी रुचि रही है। समाचारों को जनहित के ष्टिकोण से देखने तथा समाज के विभिन्न वर्गो की आवाज को सामने लाने का प्रयास उनके कार्यो में दिखाई देता है। यही कारण है कि पूर्वांचल की पत्रकारिता में उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई है।


जन कलयाण संकल्प पार्टी के अध्यक्ष ने की सम्मानित।

सोनपुर मंडल में स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के तहत पैंट्रीकार बेस किचन एवं कैटरिंग इकाइयों में गहन सफाई अभियान

सोनपुर (एनएसबी) सोनपुर, हाजीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया, मानसी एवं नौगछिया स्टेशनों पर चलाया गया विशेष स्वच्छता अभियान। स्वच्छता पखवाड़ा 2026 एवं ब्क्ण्क्ण् 60 के तहत सोनपुर मंडल द्वारा स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोनपुर, हाजीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया, मानसी एवं नौगछिया स्टेशनों पर स्थित पैंट्रीकार, बेस किचन एवं कैटरिंग इकाइयों में विशेष गहन सफाई अभियान (क्ममच ब्समंदपदह क्तपअम) चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित भोजन, उच्च स्तरीय स्वच्छता तथा स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना है। अभियान के दौरान रसोई एवं खाद्य सामग्री से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों की व्यापक सफाई एवं निरीक्षण किया गया।अभियान के अंतर्गत रसोई की दीवारों, फर्श, एग्जस्ट हुड एवं डक्ट्स से तेल एवं कालिख हटाने के लिए डीग्रीसिंग (क्महतमेंपदह) की गई। साथ ही खाना पकाने के उपकरणों, बर्तनों, स्टोरेज रैक एवं अन्य संबंधित उपकरणों की गहन सफाई सुनिश्चित की गई। इसके अतिरिक्तरसोई की ड्रेनेज लाइनों एवं ग्रीस ट्रैप की सफाई की गई, ताकि जल निकासी व्यवस्था सुचारू रहे, ब्लकेज एवं दुर्गध की समस्या को रोका जा सके। पैंट्री एवं बेस किचन से जुड़े पेयजल बिंदुओं तथा जल भंडारण टैंकों का भी निरीक्षण एवं आवश्यक सफाई की गई। इसी क्रम में मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन,वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री धीरज कुमार एवं सभी संबंधित शाखाधिकारियों द्वारा सोनपुर एवं हाजीपुर स्टेशन का निरीक्षण के साथ-साथ खाद्य सामग्री के स्टलों तथा बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस के पैंट्रीकार का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, स्वच्छता, साफ-सफाई एवं यात्रियों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की व्यवस्था का जायजा लिया गया। सोनपुर मंडल द्वारा इस अभियान के माध्यम से यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है कि यात्रियों को स्वच्छ, गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित भोजन के साथ-साथ स्वच्छ एवं स्वास्थ्यकर वातावरण उपलब्ध हो। स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा से संबंधित गतिविधियों को आगे भी निरंतर जारी रखा जाएगा।

छह सपेरे पकड़े गये

सोनपुर (एन एसबी) पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल के अंतर्गत दिनांक 02 अक्टूबर 2026 को गाड़ी संख्या 14618 जनसेवा एक्सप्रेस के साधारण कोच में सांप दिखाकर यात्रियों से पैसे मांगने के मामले में 06 सपेरों को पकड़कर दिघवारा स्टेशन पर उतारा गया। प्राप्त रेल मदद सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए रेसुब सोनपुर आउट पोस्ट दिघवारा के उप निरीक्षक श्री शमशेर कुमार एवं सहायक उप निरीक्षक श्री विजय कुमार द्वारा उक्त ट्रेन की निगरानी की जा रही थी। गाड़ी के छपरा स्टेशन से प्रस्थान करने के बाद साधारण कोचों की जांच के दौरान 06 व्यक्तियों को सांप दिखाकर यात्रियों से पैसे मांगते हुए पाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए गाड़ी के सोनपुर मंडल के अंतर्गत अगले ठहराव दिघवारा स्टेशन पर उक्त सभी व्यक्तियों को उनके त्य से अवगत कराते हुए ड्यूटी पर तैनात बल सदस्यों की सहायता से ट्रेन से उतारा गया। पूछताछ के दौरान पकड़े गए व्यक्तियों द्वारा अपना नाम एवं पता स्पष्ट रूप से नहीं बताया गया। उनके द्वारा अलग-अलग स्थानों, जैसे लखनऊएवं हिमाचल प्रदेश का निवासी होने की जानकारी दी गई। उनके नाम एवं पते का सत्यापन किया जा रहा है। मामले में वन विभाग से समन्वय स्थापित किया गया है तथा संबंधित प्रावधानों के तहत आवश्यक विधिसम्मत कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। भारतीय रेल आम जन मानस से आग्रह करती है कि जागरुक रहें। ट्रेन में सांप दिखा पैसे माँगना गैर कानूनी है। ऐसा होता देखने पर यथा शीघ्र शिकायत करें ताकि समय रहते यथोचित कार्रवाई की जा सके। आपकी सुरक्षित और आरामदायक।

हरिहर क्षेत्र दीपोत्सव के लिए कार सेवकों का प्रशिक्षण प्रारंभ

सोनपुर (एनएसबी) दिनांक 4 अक्टूबर 2026 को नमामि गंगे दीपोत्सव घाट पर श्हरिहर क्षेत्र दीपोत्सव आयोजन समितिश की महत्वपूर्ण बैठक अध्यक्ष श्री कौशिक कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी दीपोत्सव को अति भव्य और सुव्यवस्थित बनाने हेतु निम्नलिखित मुख्य बिंदुओं पर निर्णय लिए गएरू 'विद्युत सज्जा एवं सौंदर्यीकरण' रोशनी व बिजली की सजावट पूर्व की भांति धनुषकुटी आश्रम काली घाट से आगे तक की जाएगी। इस बार आयोजन को और भी अति-भव्य रूप दिया जाएगा। 'आतिशबाजी की विशेष व्यवस्था' इस वर्ष आतिशबाजी का प्रदर्शन और भी भव्य होगा, जिसके लिए नदी में बोट (नाव) लगाकर आतिशबाजी का नजारा प्रस्तुत किया जाएगा। 'तेल संग्रह समिति की कार्य समीक्षा' तेल संग्रह समितियों के कार्यो की समीक्षा की गई। जिन क्षेत्रों में अभी कमेटी नहीं बन सकी है, वहां अगले सप्ताह तक समिति का गठन कर कार्य प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। निमंत्रण कार्ड एवं कूपन वितरणरू निमंत्रण कार्डो की छपाई और वितरण पर चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि सभी सहयोगियों और शुभचिंतकों को जल्द से जल्द निमंत्रण भेजा जाए। साथ ही कूपन वितरण की स्थिति की भी समीक्षा की गई। 'सहयोग राशि की प्रगति' चूँकि प्रत्येक वर्ष दीपोत्सव का कार्य आम जन सहयोग से संपन्न होता है इसलिए आयोजन हेतु जुटाई जा रही सहयोग राशि की समीक्षा की गई और वर्तमान प्रगति पर संतोष व्यक्त किया गया। वहीं दीपोत्सव घाट की सीढ़ियों पर पर सैकड़ों की संख्या में उपस्थित कार सेवकों को हरिहर क्षेत्र जन जागरण मंच के अध्यक्ष सतीश प्रसाद साह ने प्रशिक्षण दिया। स्थानीय विद्यालय एवं कोचिंग संस्थानों से आए हुए स्वैच्छिक कार सेवकों के रूप में उपस्थित प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं का उत्साह देखते बन रहा था। बताते चलें कि प्रतिवर्ष स्थानीय विद्यालय एवं कोचिंग की स्वैच्छिक कार सेवक के रूप में छात्र-छात्राएं इस दीपोत्सव में

संक्षिप्त खबरें

पंचवटी हनुमान मंदिर के पास चापाकल

उपमुख्यमंत्री की अनुशंसा पर पीएचईडी ने कराया नए चापाकल का निर्माण

विद्यापतिनगर। एनएसबी विद्यापतिधाम स्थित पंचवटी हनुमान मंदिर के समीप श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों की पेयजल समस्या अब दूर हो गई है। ग्रामीणों की मांग एवं उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी की अनुशंसा पर लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) की ओर से मंदिर के निकट नया चापाकल स्थापित कराया गया है। शनिवार की देर रात विभागीय कनीय अभियंता सुशांत कुमार शर्मा की मौजूदगी में चापाकल निर्माण का कार्य पूरा कराया गया। निर्माण के दौरान कार्य की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा गया। कनीय अभियंता ने निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। बताया गया कि पंचवटी हनुमान मंदिर के समीप पीएचईडी की ओर से पूर्व में लगाया गया चापाकल लंबे समय से खराब पड़ा था। इसके कारण मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के साथ स्थानीय ग्रामीणों को भी पेयजल के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। पर्व-त्योहार एवं विशेष धार्मिक आयोजनों के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ जाने से पेयजल की समस्या और गंभीर हो जाती थी। इसको लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी से मंदिर के समीप नया चापाकल लगवाने की मांग की थी। ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उपमुख्यमंत्री की अनुशंसा पर पीएचईडी विभाग की ओर से नया चापाकल स्थापित कराया गया। चापाकल लगने से मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों को अब आसानी से पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। ग्रामीणों ने चापाकल स्थापित कराने के लिए उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी एवं पीएचईडी विभाग के प्रति आभार जताया।

दो वारंटी गिरफ्तार, भेजे गए न्यायिक हिरासत में

कल्याणपुर। एनएसबी चकमेहसी थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र में वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत अलग-अलग गांवों में छापेमारी कर दो वारंटियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार दोनों आरोपितों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सहनी ने बताया कि पुलिस टीम ने छापेमारी कर मालीनगर सिमरी गांव निवासी पूजा ठाकुर तथा मालीनगर बरगामा गांव निवासी संजय राम को गिरफ्तार किया। दोनों के खिलाफ न्यायालय से वारंट निर्गत था। थानाध्यक्ष के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में पुलिस टीम के एएसआई अतुल कुमार मंडल भी शामिल रहे। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपितों को थाने लाया गया, जहां आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के पश्चात न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सहनी ने गिरफ्तारी की पुष्टि की।

आपसी विवाद में मारपीट, तीन महिला-पुरुष घायल

कल्याणपुर। एनएसबी कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटनाओं में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में दो महिलाएं एवं एक बुजुर्ग पुरुष शामिल हैं। परिजनों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर में भर्ती कराया गया। घायलों की पहचान मिल्की गांव निवासी 18 वर्षीय खुशबू कुमारी, बिरसिंहपुर गांव निवासी 85 वर्षीय जुगल सहनी तथा पकड़ीडीह गांव निवासी 11 वर्षीय रवीना कुमारी के रूप में की गई है। मारपीट की घटनाओं में घायल होने के बाद परिजन उन्हें तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार शुरू किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बीके ठाकुर ने बताया कि मारपीट की घटनाओं में घायल महिला एवं पुरुष का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज किया जा रहा है। सभी घायलों की चिकित्सकों द्वारा निगरानी की जा रही है। उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

भाकपा माले ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया

बिदुपुर/एनएसबी। भाकपा माले ने बिदुपुर प्रखंड के सहदुल्लाहपुर धोबौली हाट पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पुतला दहन किया जिसका नेतृत्व भाकपा माले के कार्यकारी जिला सचिव कामरेड गोपाल पासवान ने किया। श्री पासवान ने अपना वक्तव्य में कहा कि एन आर सी लाकर देश के अल्पसंख्यक दलित पिछड़ा वर्ग महिलाओं सहित बिहार में 70 लाख लोगों का नाम वोटर लिस्ट से काट दिया गया और फर्जी 16 लाख वोटर को नाम जोड़कर जहां-जहां चुनाव



हुआ वहां भाजपा अपना पक्ष में वोट डलवाया। मांग किया कि एनआर सी करके जो बिहार, बंगाल चुनाव कराया गया इस चुनाव को रद्द कर फिर से काटे गए नाम को वोटर लिस्ट में जोड़ा जाए और फिर से चुनाव कराया जाए। और ज्ञानेश कुमार को अभिलंब पद मुक्त किया जाए उन पर कानून सम्मत कार्यवाही किया जाए और उनके परिवार में बेटी दामाद सहित पांच लोगों को आईएएस आईपीएस के जो ऊंचे पद दिया गया है उसको भी उच्च स्तरीय जांच करया जाए। वक्ताओं ने कहा कि जब तक इनको बर्खास्त नहीं किया जाएगा तब तक यह आंदोलन अनावार्थ चलते रहेगा और आंदोलन और भी तेज होगा यहां तक कहें कि वैशाली लोकतंत्र की धरती है और यहां से जेल भरो अभियान का भी शुरूआत किया जाएगा अगर सरकार हमारी बात नहीं मानती है ज्ञानेश कुमार के इस्तीफा नहीं होगा तो यह निर्णय लेने के लिए हम लोग मजबूर होंगे जिसकी सारी जवाब देही बीजेपी की होगी। वक्तागण राजबल्लम राय रविंद्र सिंह अरविंद ठाकुर अर्जुन दास रामसागर राय सुनीता देवी मरनी देवी शिव दुलारी देवी मंजू देवी बबीता देवी अंजू देवी चंद्रकला देवी बलदेव दास जलाल राय शिवनारायण दास सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

राजद समर्थित महागठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में बैठक

हाजीपुर/एनएसबी। तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से राजद समर्थित महागठबंधन प्रत्याशी श्रीमति रश्मि गौतम जी के समर्थन में वैशाली जिला राजद एवं महागठबंधन के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ताओ के साथ बैठक फन पॉइंट रिसोर्ट (हाजीपुर) में आयोजित मतदाता मिलन समारोह में वैशाली ज़िले के सभी प्रखंडों से आए स्नातक मतदाता एवं कार्यकर्ता शामिल हुआ।इस मौके पर महागठबंधन के प्रत्याशी डॉ रश्मि विनायक गौतम ने कहा कि बिहार में किसी पार्टी ने महिलाओं को टिकट नहीं दिया लेकिन राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लालू प्रसाद यादव एवं नेता प्रतिपक्ष श्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने सबको मान सम्मान बढ़ाने का काम किया है।मुझे विश्वास है कि इस बार आधी आबादी के साथ युवा नौजवान एकजुट होकर प्रथम वरीयता के वोट देकर आशीर्वाद देंगे और विजय बनाने के लिए सभी ने मिलकर संकल्प लिया।इस अवसर पर बिहार सरकार के पूर्व मंत्री श्री शिवचंद्र राम,बिहार सरकार के पूर्व मंत्री श्री आलोक कुमार मेहता,महुआ के पूर्व विधायक डॉ.मुकेश रौशन पातेपुर के पूर्व विधायक प्रेमा चौधरी पूर्व विधान पार्षद सुबोध राय डॉ.पी के चौधरी अजय कुशवाहा देव कुमार चौरसिया अरविंद सहनी पंछी लाल राय प्रदेश प्रवक्ता चितरंजन गगन मुकेश सिंह अशोक राय नागेंद्र राय पुलिस राय नागेंद्र सिंह चंदन कुमार चौधरी संजय पटेल उपेंद्र कुमार सुचित्रा चौधरी बृजनंदन राय मोहम्मद सरफराज एजाज नसीम रब्बानी ललन साहू राजेश शर्मा रवि चौरसिया पप्पु कुशवाहा अविनाश राय पवन यादव पंकज कुमार रणविजय कुमार रमाशंकर यादव विशाल गौरव राज भूषण सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में मतदाता उपस्थित हुए।



ताजपुर ड्रग एसोसिएशन की बैठक

नए सदस्यों का स्वागत, संगठन को और मजबूत बनाने पर दिया जोर

ताजपुर। एनएसबी ताजपुर ड्रग एसोसिएशन की मासिक बैठक रविवार को एक निजी परिसर में संगठन के अध्यक्ष रंजीत कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन संगठन के सचिव सुशील चौबे ने किया। बैठक में संगठन की गतिविधियों की समीक्षा के साथ पिछले माह लिए गए प्रस्तावों के क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान संगठन के सदस्यों की उपस्थिति एवं संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की गई। पदाधिकारियों ने आपसी समन्वय के साथ संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने पर जोर दिया। साथ ही आगामी दिनों में संगठन की गतिविधियों को बेहतर तरीके से संचालित करने को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।



इस अवसर पर मनीष कुमार, रमेश कुमार पंडित एवं विनोद कुमार को संगठन की सदस्यता प्रदान की गई। अध्यक्ष रंजीत कुमार ने तीनों नए सदस्यों का चादर, पाग एवं माला पहनाकर स्वागत किया। उपस्थित सदस्यों ने भी नए सदस्यों का गर्मजोशी से अभिनंदन करते हुए संगठन के कार्यों में सक्रिय भागीदारी की उम्मीद जताई।

बैठक में सचिव विकास रंजन, कोषाध्यक्ष कुमार शशि मणि, डॉ. अखिलेश कुमार राय, अमरेश कुमार झा, बिंदेश्वर शाह, मो. शाहनवाज, डॉ. ज्योति प्रकाश, श्याम बाबू, सुभाष चंद्र सिंह, पप्पू कुमार, राजू कुमार सहित संगठन के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. अखिलेश कुमार राय ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

सर्वेश कुमार के नामांकन को लेकर भाजपा का अभियान

पांच अक्टूबर को दरभंगा पहुंचकर नामांकन में शामिल होने का कार्यकर्ताओं ने किया आह्वान

कल्याणपुर। एनएसबी दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी सर्वेश कुमार के नामांकन को लेकर भाजपा ने जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में भाजपा जिला प्रवक्ता कृष्ण गोपाल शर्मा के नेतृत्व में रविवार को कल्याणपुर, समस्तीपुर एवं बहादुरपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया।



अभियान के दौरान भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने लोगों से संपर्क कर एनडीए प्रत्याशी सर्वेश कुमार के नामांकन कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। कार्यकर्ताओं ने बताया कि सर्वेश कुमार पांच अक्टूबर 2026 को दरभंगा में अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इस अवसर पर पार्टी के समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं से दरभंगा पहुंचने का आह्वान किया गया।

जनसंपर्क के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने विभिन्न क्षेत्रों में लोगों से मुलाकात कर नामांकन कार्यक्रम की जानकारी दी और अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस दौरान संगठनात्मक स्तर पर भी कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय स्थापित करने को लेकर चर्चा हुई।

अभियान में सुशील मालाकार, जय गोपाल चौधरी, प्रशांत झा, पंकज कुमार सिंह, सुरेंद्र सिंह, संजीव भगत, गौरीलाल देव, चंद्र मोहन ठाकुर, प्रदीप साह, कुमार देव, अरविंद कुमार यादव सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

भाजपा विद्यापतिनगर मंडल की बैठक

पंचायत स्तर पर संगठन विस्तार और आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर चर्चा

विद्यापतिनगर। एनएसबी भारतीय जनता पार्टी विद्यापतिनगर मंडल की बैठक रविवार को कांचा पंचायत में मंडल महामंत्री संतोष कुमार के आवास पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष उत्तरी अभिनाश भारद्वाज ने की। इसमें पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों के साथ पंचायत एवं बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत एवं सक्रिय बनाने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए पंचायत एवं बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। कार्यकर्ताओं से पार्टी के कार्यक्रमों एवं नीतियों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने तथा नए लोगों को संगठन से जोड़ने की अपील की गई।

बैठक में आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों पर भी चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने आपसी समन्वय के साथ संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन के माध्यम से ही पार्टी के कार्यक्रमों को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकता है।

बैठक में पंचायत संगठन के सुदृढ़ीकरण, कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय तथा आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। मौके पर जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, राकेश कुमार झा, राकेश राय सहित मंडल एवं पंचायत स्तर के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बंदियों के लिए विधिक जागरूकता कार्यक्रम

निःशुल्क विधिक सहायता के प्रावधानों से बंदियों को कराया गया अवगत

बंदियों को विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से समझाया

दलसिंहसराय। एनएसबी अनुमंडल विधिक सेवा समिति, दलसिंहसराय के तत्वावधान में रविवार को अनुमंडलीय कारागार में बंदियों के लिए विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्था एवं कारागार विधिक सहायता केंद्र की कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का उद्देश्य बंदियों को उनके संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान बताया गया कि आर्थिक या अन्य किसी कारण से कोई भी व्यक्ति न्याय पाने से वंचित नहीं रहे, इसके लिए निःशुल्क विधिक सहायता की व्यवस्था की गई है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पैनल अधिवक्ता अभिनव कुमार ने कहा कि प्रत्येक बंदी को न्याय पाने तथा निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने का अधिकार है। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 39 (क) के तहत आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों को उपलब्ध कराई जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि विधिक सहायता के तहत जरूरतमंद बंदियों को अधिवक्ता की सुविधा, कानूनी परामर्श, जमानत, अपील तथा अन्य आवश्यक कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने बंदियों को विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से समझाया।

कार्यक्रम के दौरान बंदियों ने कानूनी अधिकारों एवं विधिक सहायता से संबंधित विभिन्न सवाल पूछे, जिनका पैनल अधिवक्ता द्वारा समाधान किया गया। मौके पर कारागार के पदाधिकारी एवं कर्मी तथा पारा विधिक स्वयंसेवक संजीत कुमार मौजूद रहे।

लाइसेंसी राइफल चोरी की झूठी शिकायत

पुलिस जांच में खुली शिकायत की सच्चाई, अवैध हथियार बरामदगी मामले से जुड़ा था मामला

समस्तीपुर। एनएसबी मोहनपुर थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव में अवैध एवं प्रतिबंधित आग्नेयास्त्र बरामदगी के मामले में पुलिस ने लाइसेंसी राइफल चोरी की झूठी शिकायत करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजकपूर सिंह, पिता शंभुनाथ सिंह, निवासी अंधैर थाना मोहनपुर के रूप में हुई है।

पुलिस कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, छह जून 2026 को एसटीएफ एवं मोहनपुर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने सुल्तानपुर निवासी सरोज सिंह के घर पर छापेमारी की थी। कार्रवाई के दौरान उसके घर से भारी मात्रा में अवैध एवं प्रतिबंधित आग्नेयास्त्र बरामद किए गए थे। मामले की जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि प्राथमिकी अभियुक्त सरोज सिंह को आपराधिक वारदात को अंजाम देने के उद्देश्य से राजकपूर सिंह ने अपना लाइसेंसी हथियार उपलब्ध कराया था। पुलिस ने सरोज सिंह के घर से अन्य आग्नेयास्त्रों के साथ उक्त लाइसेंसी हथियार को भी जब्त कर लिया था। पुलिस के अनुसार, कार्रवाई की जानकारी मिलने के बाद राजकपूर सिंह ने प्रशासन को गुमराह करने के उद्देश्य से अपने लाइसेंसी हथियार के चोरी होने की शिकायत सीधे न्यायालय में परिवाद के माध्यम से दर्ज कराई। इसके बाद न्यायालय के आदेश पर कांड संख्या 113/25 में जब्त राइफल नंबर 166109096 का भौतिक सत्यापन कराया गया। भौतिक सत्यापन एवं अनुसंधान के दौरान पुलिस को पता चला कि जिस राइफल के चोरी होने की शिकायत की गई थी, वही राइफल पुलिस द्वारा जब्त की गई थी। जांच में मिले साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने राजकपूर सिंह की शिकायत को असत्य पाया। अनुसंधान के क्रम में कांड संख्या 113/25 में उसकी संलिप्तता भी सामने आई। इसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए राजकपूर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई एवं अनुसंधान कर रही है। छापेमारी दल में मोहनपुर थानाध्यक्ष पु.अ.नि. विनय कुमार, पु.अ.नि. रामकुमार, मोहनपुर थाना के सशस्त्र बल एवं थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

सड़क दुर्घटना में युवक घायल, सीएचसी में कराया गया इलाज

कल्याणपुर। एनएसबी कल्याणपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर पहुंचाया। घायल की पहचान घोसरमा गांव निवासी 19 वर्षीय मिथिलेश कुमार के रूप में हुई है। सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद उसे स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसका इलाज किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बीके ठाकुर ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल युवक का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज किया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसकी स्थिति का जायजा लेते हुए आवश्यक उपचार किया।

बूढ़ी गंडक नदी किनारे स्वच्छता अभियान

डीडीसी ने दिलाई स्वच्छता की शपथ, 31 अक्टूबर तक चलेगा विशेष अभियान

समस्तीपुर। एनएसबी जिला गंगा समिति, जिला प्रशासन एवं नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में सेवा संकल्प अभियान के तहत रविवार को बूढ़ी गंडक नदी के प्रसाद घाट पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों, एनएसएस, एनसीसी, माय भारत स्वयंसेवकों सहित दो सौ से अधिक युवाओं ने भाग लेकर घाट एवं नदी तट की सफाई की।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह, नगर आयुक्त गौतम कुमार, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अशोक कुमार, जिला परियोजना पदाधिकारी नमामि गंगे नीरजेश कुमार, स्वच्छता पदाधिकारी नगर निगम विवेक कुमार, सूबेदार मेजर कुलदीप सिंह, लेफ्टिनेंट डॉ. राहुल मनहर एवं उप नगर आयुक्त विभूति आनंद सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत में जिला परियोजना पदाधिकारी नमामि गंगे नीरजेश कुमार ने अधिकारियों का शॉल, पाग एवं पौधा देकर स्वागत किया। उन्होंने विशेष स्वच्छता अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान आगामी 31 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान स्वच्छता एवं नदी संरक्षण से संबंधित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह ने उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नदियों एवं जलाशयों को स्वच्छ रखना केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। युवाओं को नदी संरक्षण के लिए आगे आकर समाज के अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करना चाहिए। इससे भूजल संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी और आने वाली पीढ़ियों को पानी की किल्लत का सामना नहीं करना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने आसपास किसी एक स्थान का चयन कर नियमित रूप से वहां स्वच्छता अभियान चला सकता है। नगर आयुक्त गौतम कुमार ने कहा कि स्वच्छता को केवल अभियान तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना जरूरी है। इसकी शुरूआत प्रत्येक व्यक्ति को स्वयं से करनी चाहिए। अभियान के दौरान नदी में कूड़ा-कचरा एवं पूजन सामग्री प्रवाहित नहीं करने का संकल्प लिया गया। इसके लिए व्यापक हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। कार्यक्रम के अंत में ह्यएक पेड़ मां के नामह्व अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। इस दौरान एनएसएस, एनसीसी, माय भारत स्वयंसेवकों समेत दो सौ से अधिक युवाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

संक्षिप्त खबरें

गयाजी से पटना जानेवाली ट्रेन में स्वछता स्वच्छता अभियान चला

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। गयाजी से पटना जाने वाली ट्रेन में स्वच्छता एवं नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने यात्रियों को बताया कि अक्सर यात्री ट्रेन में खाना खाने के बाद कचरा, पानी की बोतल, गुटखा-खैनी के पाउच वहीं फेंक देते हैं, जिससे पूरी बोगी गंदी हो जाती है। स्वयंसेवकों ने यात्रियों से मुख्य रूप से ये अपील की स्वच्छता के लिए अपना कचरा डस्टबिन में ही डालें, ट्रेन को साफ-सुथरा रखने में सहयोग करें और एक-दूसरे की मदद करें। सरकार अपना काम कर रही है, सुधार की शुरूआत हमें खुद से करनी होगी, ताकि हमारा भारत स्वच्छ और विकसित बन सके। नशा मुक्ति के लिए ट्रेन और स्टेशन परिसर में बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, पान, शराब जैसे नशीले पदार्थों का सेवन न करें। नशा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और इससे सार्वजनिक जगहों पर गंदगी भी फैलती है। नशा मुक्त समाज ही स्वस्थ समाज की पहचान है। स्वयंसेवकों ने कहा कि आपकी एक छोटी सी लापरवाही से आने-जाने वाले हजारों यात्रियों को परेशानी होती है और बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के मन में बिहार की गलत छवि बनती है। यह पूरा कार्यक्रम कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. राजेश कुमार मिश्रा के आदेश अनुसार यह कार्यक्रम को चलाया गया जिसमें गया कॉलेज में तैनात सभी स्वयंसेवक शामिल रहे।

चोरी की घटना पर पुलिस सख्त ज्वेलरी दुकानदारों के साथ डीएसपी ने की बैठक

कुर्था (एनएसबी)। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार संजय ने रविवार को कुर्था थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कुर्था बाजार क्षेत्र के ज्वेलरी दुकानदारों एवं अन्य व्यापारियों के साथ बैठक कर बाजार में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को लेकर चर्चा की। बैठक में एसडीपीओ ने कहा कि चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार गश्ती कर रही है। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर नियमित रूप से वाहन जांच अभियान भी चलाया जा रहा है। उन्होंने व्यापारियों से अपनी दुकानों की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने तथा संदिग्ध गतिविधियों की तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की। एसडीपीओ ने कहा कि चोरी की घटनाओं को रोकने में पुलिस के साथ स्थानीय लोगों और व्यापारियों की सहभागिता भी बेहद जरूरी है। दुकानदारों से बाजार में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुलिस के साथ समन्वय बनाए रखने को कहा। इस दौरान कुर्था थानाध्यक्ष चंदन झा, मानिकपुर थानाध्यक्ष स्मिता उपाध्याय एवं पुलिस निरीक्षक दिनेश कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



बैठक करते डीएसपी।

रमेश बने लोजपा (रा) के जिला उपाध्यक्ष एवं नूतन कुर्था प्रखंड अध्यक्ष

शहरतेलपा (एनएसबी)। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए अरवल जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता रमेश कुमार को पार्टी का जिला उपाध्यक्ष एवं नूतन भास्कर को कुर्था प्रखंड का प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया। दोनों ही पर्टी के समर्पित कार्यकताओं को बड़ी जिम्मेवारी मिलने के बाद पार्टी कार्यकताओं ने दी बधाई दी। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिला प्रधान महासचिव राजेन्द्र यादव ने प्रेस ब्यान जारी कर बताया कि पार्टी के मजबूती प्रदान करने के लिए लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता रमेश कुमार को जिला उपाध्यक्ष एवं नूतन भाष्कर को पार्टी के कुर्था प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया। साथ ही उन्होंने कहा कि रमेश कुमार को जिला उपाध्यक्ष एवं नूतन भाष्कर को कुर्था का प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किये जाने से पार्टी के मजबूती प्रदान करने में सहयोग मिलेगा। इस मौके पर बधाई देने वाले नेताओं में जिला उपाध्यक्ष रामबचन पासवान, जिला उपाध्यक्ष शिव शंकर शर्मा, जिला महासचिव शिवनंदन पासवान, जिला महासचिव रामानंद भगत, जिला सचिव अमित कुमार, जिला सचिव सर्वजीत कुमार, जिला कार्यकारिणी के सदस्य कईल पासवान, अमरनाथ पासवान मुख्य रूप से शामिल है।



प्रमाण पत्र देते जिलाध्यक्ष।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2026 के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

बोधगया (एनएसबी)। स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया द्वारा काउंसलिंग सेल, मगध विश्वविद्यालय के सहयोग से विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2026 के अवसर पर 6 से 10 अक्टूबर 2026 तक विभिन्न जागरूकता एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े कलंक एवं भ्रांतियों को कम करना तथा संवाद, सहानुभूति और सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करना है। समारोह के अंतर्गत 6 अक्टूबर को मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याणः चुनौतियाँ, जागरूकता और समाधान विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता, 7 अक्टूबर को मानसिक स्वास्थ्यः चुप्पी तोड़ना और एक सहयोगी समाज का निर्माण विषय पर भाषण प्रतियोगिता, 8 अक्टूबरको मानसिक बीमारीः कलंक से मनोवैज्ञानिक सहायता की ओर विषय पर पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता तथा 9 अक्टूबर को मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवाज उठाएँ विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। सभी प्रतियोगिताएँ प्रातः 11 बजे स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग में होंगी। मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केसरी ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता एवं संवेदनशीलता विकसित करने में ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विद्यार्थियों से कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता करने तथा मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक संदेश समाज तक पहुँचाने का आह्वान किया।

मृतक के परिजनों से मिले जदयू जिलाध्यक्ष

कुर्था (एनएसबी) जदयू के वरिष्ठ नेता अर्जुन सोनार की माताजी जानकी देवी के निधन पर जदयू के जिलाध्यक्ष आनन्द वर्मा ने अर्जुन सोनार के आवास पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि मां का निधन परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। वहीं उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा जदयू परिवार अर्जुन सोनार और उनके परिजनों के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि जानकी देवी के स्नेह, संस्कार और जीवन-मूल्यों की स्मृतियां परिवार के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत बनी रहेंगी।



परिजनों से मिलते जदयू नेता।

बिजली की आंख-मिचौली से उपभोक्ता परेशान, व्यवस्था सुधारने की मांग

मेहंदिया (एनएसबी) प्रखंड क्षेत्र में बिजली की अनियमित आपूर्ति से उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ती जा रही है। दिन हो या रात, बिजली के बार-बार आने-जाने का सिलसिला जारी रहने से लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर रात के समय बिजली गुल होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार बिना पूर्व सूचना के लंबे समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रहती है। इसके अलावा लो वोल्टेज की समस्या भी बनी रहती है। इससे पंखा, कूलर समेत अन्य विद्युत उपकरणों के संचालन में परेशानी होती है।

स्काउट-गाइड कैडेट्स का हुआ सम्मान, मेडल व प्रमाणपत्र देकर किया गया पुरस्कृत

अरवल (एनएसबी)। भारत स्काउट एवं गाइड कार्यालय, प्लस टू जीए उच्च विद्यालय अरवल में रविवार को स्काउट-गाइड कैडेट्स के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संगठन आयुक्त राजेश कुमार ने की। समारोह में बेहतर प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को अतिथियों ने प्रमाणपत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीपी शैक्षणिक समूह, जहानाबाद के चेयरमैन डॉ. अभिराम सिंह थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्लस टू जीए उच्च विद्यालय अरवल के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार, उत्क्रमित उच्च विद्यालय कैथा लोदीपुर, कुर्था के सहायक शिक्षक डॉ. मुकेश कुमार, हाई स्कूल मुरगांव, नालंदा के पूर्व प्रधानाध्यापक संजय कुमार, प्लस टू उच्च विद्यालय करपी के सहायक शिक्षक दिनेश प्रसाद एवं प्लस टू भागवत उच्च विद्यालय शहरतेलपा के अमरेंद्र कुमार मौजूद थे। समारोह में पहुंचने पर अतिथियों को कलर पार्टी ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। वहीं स्काउट-गाइड कैडेट्स ने पुष्पवर्षा कर अतिथियों का स्वागत किया। राष्ट्रगीत वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस दौरान कैडेट्स ने जल-जीवन-हरियाली, नशामुक्ति, दहेज उन्मूलन और देशभक्ति पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक एवं जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छत्तीसगढ़ नेशनल इवेंट, सड़क सुरक्षा सप्ताह, प्लास्टिक मुक्त अभियान, निःशुल्क पेयजल सेवा तथा 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस परेड समारोह में बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्काउट-गाइड कैडेट्स को अतिथियों ने प्रमाणपत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. मुकेश कुमार ने कहा कि स्काउट-गाइड प्रशिक्षण से सरकारी नौकरियों में वेटेज का प्रावधान है। इसके अलावा प्रशिक्षण से बच्चों में मानसिक, बौद्धिक और शारीरिक क्षमताओं का विकास होता है। इससे बच्चों में समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने कहा कि स्काउट-गाइड प्रशिक्षण से बच्चों में अनुशासन, देशप्रेम, देशसेवा और समाजसेवा की भावना जागृत होती है। मुख्य अतिथि डॉ. अभिराम सिंह ने कहा कि स्काउट-गाइड का प्रशिक्षण जीवन जीने की कला सिखाता है। इससे बच्चों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चे राज्य पुरस्कार से लेकर राष्ट्रपति पुरस्कार तक हासिल कर सकते हैं। जिला संगठन आयुक्त राजेश कुमार ने कहा कि भारत स्काउट एवं गाइड के कैडेट जिला प्रशासन के कार्यक्रमों के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर सहयोग करते हैं। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रशिक्षक अभिषेक कुमार वर्मा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित जिला प्रशिक्षक शकील अहमद ने किया। कार्यक्रम का समापन विभिन्न विद्यालयों से आए स्काउट-गाइड कैडेट्स द्वारा राष्ट्रगान के साथ हुआ।



कैडेट्स को सम्मानित करते अतिथि।

विष्णुपद मंदिर एवं देवघाट में एसएफडी का प्लास्टिक मुक्त एवं स्वच्छता अभियान चला

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। विकासार्थ विद्यार्थी , गयाजी महानगर के तत्वावधान में दिनांक 04 अक्टूबर 2026 को विष्णुपद मंदिर के निकट एवं देवघाट क्षेत्र में प्लास्टिक मुक्त एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य तीर्थयात्रियों, पिंडदान करने वाले श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा एकल उपयोग प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को सचेत करना था। अभियान के दौरान कार्यकताओं ने घाट एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई की तथा श्रद्धालुओं से संवाद कर पिंडदान एवं धार्मिक अनुष्ठान के दौरान प्लास्टिक की पन्नियों का उपयोग नहीं करने की अपील की। साथ ही श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया कि पूजा-पाठ एवं पिंडदान से संबंधित किसी भी सामग्री अथवा कचरे को फल्गु नदी एवं आसपास के जलस्रोतों में न डालें और निर्धारित स्थान पर ही कचरे का निस्तारण करें। इस अवसर पर के प्रांत संयोजक सूरज सिंह ने कहा कि गयाजी केवल एक तीर्थस्थल नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। यहां आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु और स्थानीय नागरिक की जिम्मेदारी है कि धार्मिक आस्था के साथ-साथ पर्यावरण एवं स्वच्छता का भी ध्यान रखें। प्लास्टिक का अनियंत्रित उपयोग और जलस्रोतों में कचरा डालना हमारी आस्था एवं पर्यावरण दोनों के लिए नुकसानदायक है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि निरंतर चलने वाला सामाजिक दायित्व है। विकासार्थ विद्यार्थी पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं जनजागरूकता के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि पिंडदान करें, लेकिन गंदगी नहीं,आस्था रखें, लेकिन पर्यावरण की कीमत पर नहीं। गयाजी की पवित्रता एवं फल्गु नदी की स्वच्छता बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। अभियान में विकासार्थ विद्यार्थी के कार्यकताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा श्रद्धालुओं को प्लास्टिक का उपयोग कम करने और स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया। इस मौके पर विभाग संगठन मंत्री मोहित भदौरिया, प्रांत छात्रा प्रमुख प्रिया सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पवन मिश्रा, विभाग छात्रा प्रमुख कौशिक कुमारी, जिला संयोजक विनायक कुमार, जिला छात्रा प्रमुख वैष्णवी कुमारी, महानगर मंत्री आदित्य मिश्रा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नैन्शी कुमारी, अंकित कुमार, प्रवीण कुमार, प्रगति कुमारी, साक्षी कुमारी, अनामिका कुमारी, नंदनी कुमारी, पायल कुमारी, ऋतिक कुमार, आदर्श कुमार, आयुष कुमार, हर्ष कुमार, विशाल कुमार, चंदन कुमार, अमन कुमार, प्रशांत कुमार, शशि कुमार, रिशाव कुमार, शाश्वत कुमार, रिशु कुमार, राहुल कुमार, रोहित कुमार आदि मौजूद थे।



आईएमए हॉल में जीरिएट्रीक क्लीनिक का हुआ आयोजन

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। रविवार को लॉयंस क्लब गयाजी द्वारा स्थानीय आई. एम. ए. हॉल में जीरिएट्रीक क्लीनिक का आयोजन किया गया। लायन डॉ. नन्द किशोर गुप्ता की अध्यक्षता में इस निःशुल्क चिकित्सा जाँच शिविर में कुल 80 रोगियों का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा इलाज किया गया। जरूरत मंद रोगियों को निःशुल्क अंग्रेजी और होम्योपैथिक दवाएं भी उपलब्ध कराई गई। हृदय रोग से पीड़ित रोगियों के लिए ई. सी. जी. की भी व्यवस्था थी। सभी रोगियों का ब्लड शुगर जांच किया गया। इसके साथ ही 36 रोगियों का विटामिन डी जांच किया गया।

शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. नन्द किशोर गुप्ता, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुधा कुमारी, डॉ. राम भजन प्रसाद (होम्योपैथी), ई. एन. टी. विशेषज्ञ डॉ. सुबोध कुमार, फिजिशियन डॉ. कुमार गौतम, दंत चिकित्सक डॉ. चंद्र तारा मृणाल, अजय कुमार, ललन प्रसाद, राजू कुमार, पप्पू कुमार, राजेश कुमार आदि इस अवसर पर मौजूद थे। लायंस विश्व सेवा सप्ताहह्यह्य के अंतर्गत आज एक कार्यक्रम प्रभावती अस्पताल में आयोजित किया गया जिसमें रोगियों के बीच फल वितरित किया गया।



रोगियों एवं उनके सहयोगियों के चेहरे पर प्रसन्नता का अनुभव किया गया। सभी लोगों ने लायंस क्लब के इस प्रयास की भूरि भूरि प्रशंसा की। दूसरा कार्यक्रम होटल मंत्रा रीजेंसी के निकट पितृपक्ष मेला में पधारे तीर्थ यात्रियों को चाय एवं बिस्किट वितरित किया गया। लायन विनय वर्मा (अध्यक्ष), लायन जावेद यूसुफ, लायन अभिषेक मृणाल, लायन डॉ. उमेश कुमार, लायन अतहरुल हक, लायन संदीप कुमार, लायन श्याम सुंदर लाल, लायन नीरज कुमार, लायन अजय कुमार, लायन राजीव शर्मा आदि इस अवसर पर मौजूद थे।

चाकू की नोक पर सोने का जितिया और कान की बाली छीनने का मामला आया सामने

शेरघाटी (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के पथलकट्टी गांव में चाकू की नोक पर सोने का जितिया और कान की बाली छीनने का मामला सामने आया है। घटना के बाद ग्रामीणों ने आरोपी का पीछा करते हुए करीब पांच किलोमीटर तक खदेड़ा। भागते हुए आरोपी शेरघाटी के केके पैलेस में घुस गया, जहां पहुंची पुलिस ने उसे पकड़कर थाना लाया। पीड़िता प्रतिमा देवी ने बताया कि ओवरब्रिज के पास चाकू की नोक पर उनसे सोने का जितिया और कान की बाली छीनी गई। शोर मचाने पर ग्रामीणों ने आरोपी का पीछा शुरू कर दिया। पुलिस के अनुसार पकड़े गए युवक की पहचान आमस थाना क्षेत्र के नीमा गांव निवासी प्रिंस कुमार सिंह, पिता प्रवीण सिंह के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही शेरघाटी थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी को सुरक्षित हिरासत में लेकर थाना लाया। हालांकि, मौके से चाकू बरामद नहीं किया गया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और घटना की पूरी जानकारी जुटाई जा रही है। घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



गया जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन भवन में काव्य संध्या 632 का आयोजन

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। गया जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन भवन में काव्य संध्या 632 का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सुरेन्द्र सिंह सुरेंद्र व संचालन सहज कुमार ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में बच्चा नसीम उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ चंद्रदेव केशरी ने गीत से किया। कहा- ऐलन देश विदेश के यात्री मेहमनमा गयाजी मोक्षभूमि धमम्मा। विजय श्री ने जीवितपुत्रिका व्रत पर अपनी कविता पढ़ी। कहा- सुन सुन सैया हमारो कहित हिओ बतिया, तनि लेले अइह खेतवा से झिंगिया सतपुतिया।

गजेन्द्र लाल अधीर ने गीत में गाया- चांद रुक जा गगन में मगन आज भी। बैजू सिंह विकास के परचम लहराइत हे, महावीरी झंडा फहराइत हे। कइसे कहित ह बुधन भाई कुछो न बुझाइत हे। विपिन बिहारी ने गजल में गाया- कोई मका में तो कोई मालवे में रहता है। इक मजदूर भी अपने जज्बे में रहता है।। घनश्याम अवस्थी ने अपनी कविता में कहा- फूल हमें सिखलाते हैं काँटों में खिल जाना। अजीत कुमार ने गीत में गाया- हक से हक दिया तुमको, तुम वजीर बन बैठे। डॉ मुरली मनोहर पाण्डेय ने आ लौट के आजा हनुमान, तुझे श्रीराम बुलाते हैं। डॉ राम परिखा सिंह ने गांधी कविता में कहा- गांधी ने सभी को अहिंसा का पाठ पढ़ाया, भारत माता को आजाद कराया। डॉ निरंजन श्रीवास्तव ने पितृपक्ष की कथा सुनाई। शंकर प्रसाद ने कहा- क्या आज का कानून सचमुच अंधा होता है ? निर्दोष न्याय पाने को दर-दर रोता है।। जय प्रकाश सिंह ने कहा- समाज के दुगुर्णों को समाज से दूर कर। बिनोद बरबिगहिया ने फल-फूल पर अपनी कविता पढ़ी। सहज कुमार ने मंगल पाण्डेय पर अपनी कविता पढ़ी। कहा- बैरकपुर से जब विद्रोह उठा, जाग बलिया का वह शेर उठा। अंत में महामंत्री सुमंत ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।



इंजोर में फुटबॉल टूनार्मेंट खिलाड़ियों ने मैदान पर दिखाया दमखम

मेहंदिया (एनएसबी)। प्रखंड के इंजोर गांव स्थित राजकीय उच्च विद्यालय के मैदान में फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों के साथ-साथ स्थानीय खेलप्रेमियों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। टूनार्मेंट का उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि डॉ. राजू रंजन पासवान ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संजीव पासवान ने की। उद्घाटन के मौके पर सांसद प्रतिनिधि डॉ. राजू रंजन पासवान ने कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक क्षमता को भी मजबूत करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में लगातार खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होनी चाहिए, ताकि युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़े और प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिल सके।प्रतियोगिता के दौरान आंध्राचक और टेरी की टीम आमने-सामने हुई। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने मैदान पर शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। खिलाड़ियों के बीच गेंद पर कब्जे और गोल करने को लेकर लगातार संघर्ष देखने को मिला। मुकाबले के दौरान मैदान के आसपास मौजूद खेलप्रेमी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते नजर आए।टूनार्मेंट के आयोजन से क्षेत्र के युवाओं में भी काफी उत्साह देखा गया।



उद्घाटन करते अतिथि।

त्योहारों के बाद सामान्य होने लगी बाजार की रौनक खरीदारी में आई तेजी

मेहंदिया (एनएसबी) पर्व-त्योहारों का दौर समाप्त होने के बाद अब प्रखंड क्षेत्र के बाजारों में धीरे-धीरे सामान्य रौनक लौटने लगी है। पिछले कई दिनों से त्योहारों को लेकर बाजारों में खरीदारी करने वाले लोगों की भीड़ लगी हुई थी। अब पर्व संपन्न होने के बाद दुकानदार भी रोजमर्रा की जरूरतों के सामान की बिक्री पर ध्यान देने लगे हैं। ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में लोग बाजार पहुंचकर घरेलू जरूरतों का सामान खरीद रहे हैं। कपड़ा, किराना, सब्जी, फल, मिठाई सहित अन्य दुकानों पर भी लोगों की आवाजाही बनी हुई है। त्योहार के कारण बाजार में बढ़ी चहल-पहल के बाद अब कारोबार सामान्य स्थिति की ओर बढ़ रहा है।दुकानदारों का कहना है कि त्योहारों के दौरान बाजार में अच्छी बिक्री हुई। पर्व समाप्त होने के बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों से ग्राहकों के बाजार पहुंचने का सिलसिला जारी है। आने वाले दिनों में शादी-विवाह सहित अन्य आयोजनों के कारण बाजार में फिर से खरीदारी बढ़ने की उम्मीद है।

ज्योति संकल्प यात्रा को लेकर भाजपा नेताओं ने की बैठक



बैठक में भाग लेते भाजपा नेता।

कुर्था (एनएसबी)। सेवा संकल्प अभियान के तहत आगामी 7 अक्टूबर को आयोजित होने वाली सेवा ज्योति संकल्प यात्रा की तैयारियों को लेकर रविवार को डाक बंगला परिसर में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुधीर शर्मा के द्वारा बैठक आयोजित की गई। बैठक में यात्रा को सफल बनाने के लिए रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला प्रभारी सुबोध पासवान ने कहा कि कार्यक्रम में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेंद्र सिंह ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से सेवा, समर्पण और जनकल्याण की भावना को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। वही उन्होंने कहा कि सेवा ज्योति संकल्प यात्रा के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवा कार्यों का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। बैठक में चिकित्सा प्रकोष्ठ सह-संयोजक युगल किशोर पाठक, मंडल महामंत्री संजय सिंह, विनय कुमार दरोगा, हरेंद्र कुमार सहित मंडल पदाधिकारी, पंचायत अध्यक्ष और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

अखंड पाठ तख्त साहिब में जारी

पटना सिटी/एनएसबी। तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में सिख पंथ के संस्थापक गुरु नानक देव जी महाराज के ज्योति जोत पर्व पर चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ रविवार को भी चला. सोमवार को अखंड पाठ की समाप्ति के बाद विशेष दीवान सजेगा. अखंड पाठ तख्त साहिब के अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह की देखरेख में हुई. इस दौरान विशेष दीवान को लेकर तैयारी की गयी है.

जिउतिया का अनुष्ठान पूर्ण

पटना सिटी/एनएसबी। संतान की मंगल कामना पर्व जिउतिया पर्व के तीन दिनों का अनुष्ठान रविवार को मातृ नवमी पर पूर्ण हो गया. निराहार रही व्रती महिलाएं ने लव कुश की पूजा अर्चना की. इसके बाद व्रत का अनुष्ठान पूरा कर पारण किया. व्रती महिलाओं का अनुष्ठान बीते शुक्रवार से आरंभ हुआ था. शनिवार को निराहार रही थी. रविवार को पूजा अर्चना के बाद व्रती ने पारण किया.

बैठक में समिति का गठन

पटना सिटी/एनएसबी। भद्र घाट नवयुवक समिति की बैठक शिव मंदिर में शशि शर्मा की अध्यक्षता में हुई. बैठक में नयी कमेटी गठित की गयी. बैठक में तय किया गया कि दुर्गा पूजा में स्थापित प्रतिमाओं के ं विसर्जन को लेकर 21 से 23 अक्तूबर के बीच समिति के सदस्य सक्रिय रहेगे और प्रतिमा विसर्जन प्रशासनिक सहयोग के साथ पूजा समिति को सम्मानित करने का कार्य करेंगे.गठित कमेटी में मिथिलेश शर्मा को अध्यक्ष,कार्यकारी अध्यक्ष शशि शर्मा,उपाध्यक्ष नीरज कुमार टुन्नी व राज कुमार राजू,महासचिव अजय कुमार,सचिव ललित कुमार व राजा कुमार,कोषाध्यक्ष शशि शर्मा,उप कोषाध्यक्ष दीपू कुमार,कार्यालय सचिव गुडडू,पूजा सचिव जीतेंद्र यादव,पुजारी सोनू कुमार,संरक्षक अनिल,मो नैय्यर,राजू करण,सोहन रजक,अजय चंद्रवंशी समेत अन्य को मनोनीत किया गया है.

पूर्ववर्त्ती विद्यार्थियों ने किया रक्तदान

पटना सिटी/एनएसबी। सर गणोश दत्त पाटलिपुत्र सीनियर सेकेंडरी स्कूल, के पूर्ववर्ती विद्यार्थियों की ओर से एनएमसीएच स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में 1981 बैच से लेकर 2003 बैच तक के पूर्ववर्ती विद्यार्थियों ने 55 यूनिट रक्तदान किया. रक्त संग्रह कार्य ब्लड बैंक के इंचार्ज डॉ अपूर्व रंजन के नेतृत्व में किया गया. आयोजन में एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक कश्यप, उपाध्यक्ष ब्रजेश कुमार, सचिव तेजेश्वर कुमार, संयुक्त सचिव राकेश अरु ण, कोषाध्यक्ष राजीव रंजन,सुमित कुमार सिन्हा समेत अन्य उपस्थित थे.

लेख व चित्रकला प्रतियोगिता में दिखायी बच्चों ने प्रतिभा

पटना सिटी/एनएसबी। मंगल तालाब स्थित पाटलिपुत्र परिषद की ओर से दो चरण में कौमुदी महोत्सव के पौराणकि ऐतिहासिक व धार्मिक पक्ष पर आधारित निबंध लेख व चित्रकला प्रतियोगिता हुई.दो चरणों में संपन्न प्रतियोगिता में 21 विद्यालय के 200 विद्यार्थी शामिल थे. प्रथम चरण का उदघाटन भाजपा की प्रदेश महामंत्री डॉ प्रीति शेखर, परिषद के अध्यक्ष डॉ टीपी गोलवार,महासचिव संजीव कुमार यादव,शिव प्रसाद मोदी व डॉ शाह अद्धैत कृष्ण ने संयुक्त तौर पर की.वहीं द्वितीय चरण का उद्घाटन सिक्कम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने की. अतिथियों का स्वागत करते महासचिव संजीव कुमार यादव ने कहा कि पीएम मोदी सेवा कार्य संकल्प अभियान सांस्कृतिक गतिविधियों को समर्पित प्रतियोगिता है. संचालन विजय कुंवर पासवान व ा धन्यवाद ज्ञापन सुजीत कसेरा ने किया. प्रतियोगिता में चित्रकार प्रो संजय राय,आलोक चोपड़ा, सरोज जासवाल,अमित कानोडिया, विनय कुमार,राजीव रंजन, डॉ. अनिल कुमार, कृष्ण कांत ओझा, पंकज कुमार सिन्हा,सुबोध कुमार,शशिकांत मिश्र, रजनीश रंजन , विजय मिश्र समेत अन्य उपस्थित थे.

युवक स्मैक के साथ पकड़ाया

पटना सिटी/एनएसबी। चौक थाना की पुलिस ने चौकशिकारपुर के समीप में मोहित सोनी को 28 पूड़िया स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है. चौक थानाध्यक्ष राजिकशोर कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी करते हुए आरोपित को गिरफ्तार किया है. पुलिस पकड़े गये युवक की निशानदेही पर धंधे में शामिल दूसरे धंधेबाज की तलाश में छापेमारी कर रही है.

मृतक महिला की हुई पहचान

पटना सिटी/एनएसबी। चौक थाना के चौकशिकारपुर सब्जी बाजार में दो अक्टूबर को सड़क पर गिर कर हुई मृत महिला की मौत पर पुलिस ने पहचान कर लिया है. थानाध्यक्ष राजकिशोर कुमार ने बताया कि मृतक महिला की पहचान नालंदा के इस्लामपुर स्थित मेढ़ी गांव निवासी चंद्रमणि देवी के तौर पर हुई. वो नाती के पास रानीपुर काली स्थान आयी था. नालंदा लौटने के क्रम में वो गिर गयी थी. जिसमें उसकी मौत हो गयी थी.

उच्चकों के दो शिकार,उड़ाया सोने का चेन व 70 हजार

पटना सिटी/एनएसबी। अगमकुआं थाना क्षेत्र में सक्रिय उच्चकों ने दो लोगों को में एक के गले से सोने का चेन व दूसरे से 70 हजार रुपये और मोबाइल उड़ा लिया है. पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले में छानबीन कर रही है. बेगुसराय निवासी नितेश कुमार ने दर्ज शिकायत में कहा है कि बैरिया बस पड़ाव से ऑटो पर बैठा था. चालक ने पुलिस चेकिंग का झासा देकर उतार दिया और गले से सोने का चेन झपट फरार हो गया. जबकि गोपालगंज के फैजुलापुर निवासी विजेंद्र सिंह ने दर्ज शिकायत मे अगमकुआं थाना की पुलिस को बताया है कि ऑटो में सवार एक व्यक्ति ने झांसा देकर बैग लेकर फरार हो गया. बैग में 70 हजार रु पये ,मोबाइल,और जरूरी कागजात है. पुलिस ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन की जा रही है.

22 वर्षीय पत्नी की डंडे से पीट-पीट कर हत्या कर दी

बिदुपुर/एनएसबी। बिदुपुर थाना क्षेत्र के मथुरापुर वार्ड-6 में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। पति ने अपनी 22 वर्षीय पत्नी की डंडे से पीट-पीट कर हत्या कर दी और वारदात के बाद पूरे परिवार के साथ फरार हो गया। घर में मृतका की 5 साल की बेटी अकेली खेलती मिली।



मृतका की पहचान आशा देवी (22 वर्ष), पिता गणेश पासवान के रूप में हुई है। मृतका का मायका राघोपुर के जुरावनपुर थाना क्षेत्र के पहाड़पुर वार्ड-12 में है। उसकी शादी ढाई साल पहले मथुरापुर निवासी सुजीत पासवान, पिता विलास पासवान से हुई थी। परिजनों के अनुसार दोनों की यह दूसरी शादी थी। सुजीत की पहली पत्नी की बीमारी से मौत हो गई थी, जिससे उसके दो बच्चे हैं। आशा देवी के भी पहले पति की बीमारी से मौत हो गई थी, जिससे उसकी एक बेटी अंशिका कुमारी (5) है।

मृतका के पिता गणेश पासवान ने बताया कि शादी के समय ही दोनों पक्षों को पहले विवाह और बच्चों के बारे में बता दिया गया था। बच्चों को लेकर ही अक्सर विवाद होता था। आरोप है कि इसी विवाद में रात में हत्या कर दी गई। मृतका की मां ने बताया कि शादी के 6 महीने तक सब ठीक था, उसके बाद पति का व्यवहार बदल गया। वह पुराने ससुराल से संबंध रखने लगा और आशा के साथ मारपीट करने लगा। 5 दिनों से उसे खाना तक नहीं दिया जा रहा था। बीती रात 9 बजे आशा ने फोन कर कहा था कि हमें ले चलो, नहीं तो ये लोग जिंदा नहीं छोड़ेंगे, लेकिन परिजनों ने सुबह लेने की बात कही। सुबह एक ग्रामीण ने फोन कर मौत की सूचना दी। 5 वर्षीय बेटी अंशिका ने बताया कि रात में खाना खाने के बाद पापा ने डंडे से मां को मारा। उस वक्त दादी मठ पर गई थी और दादा घर पर नहीं थे। कोई बचाने वाला नहीं था। मारने के बाद सभी घर से भाग गए। सूचना मिलते ही बिदुपुर थानाध्यक्ष रवि प्रकाश दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया है। आरोपियों की तलाश जारी है।

शिक्षा के निजीकरण, व्यापारीकरण और केंद्रीयकरण के खिलाफ शिक्षकों को सामाजिक भूमिका निभानी होगी : दीपंकर भट्टाचार्य

'शिक्षा बचाओ, देश बचाओ' सेमिनार में नई शिक्षा नीति के खिलाफ व्यापक शिक्षक एकता और छात्र आंदोलनों के समर्थन का आह्वान



पटना/एनएसबी। पटना के आईएमए हॉल में आज 'शिक्षा बचाओ, देश बचाओ' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाकपा(माले) महासचिव कॉमरेड दीपंकर भट्टाचार्य, विधान परिषद सदस्य शशि यादव, पालीगंज विधायक संदीप सौरभ, दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षक प्रो. राजीव कुंवर, बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ (गोपगुट) के सम्मानित अध्यक्ष रामबली प्रसाद, महासचिव प्रेमचंद सिन्हा तथा प्राथमिक शिक्षक संघ के राज्य अध्यक्ष प्रदीप राय समेत बड़ी संख्या में शिक्षक, कर्मचारी और शिक्षा आंदोलन से जुड़े लोग उपस्थित थे। सेमिनार को संबोधित करते हुए भाकपा(माले) महासचिव कॉमरेड दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि शिक्षकों और कर्मचारियों को अपनी सामाजिक भूमिका निभानी होगी। शिक्षा के व्यापारीकरण, निजीकरण और केंद्रीयकरण के जरिए शिक्षा व्यवस्था और समाज में वैचारिक बदलाव की कोशिशों पर गंभीर बहस जरूरी है।

उन्होंने कहा कि बिहार में शिक्षा की स्थिति लंबे समय से चिंता का विषय है। नीतीश कुमार सरकार ने शिक्षा सुधार आयोग के माध्यम से समान स्कूल प्रणाली की दिशा में पहल की थी, लेकिन उसकी रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। इसी प्रकार भूमि सुधार आयोग की रिपोर्ट को भी लागू नहीं किया गया। बिहार में जिन क्षेत्रों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है, उनमें शिक्षा भी प्रमुख है। कॉमरेड दीपंकर ने कहा कि शिक्षा के सवाल को केवल शिक्षकों की सेवा-शर्तों तक सीमित नहीं किया जा सकता। मीडिया, सिनेमा और शिक्षण संस्थानों में वैचारिक हस्तक्षेप के जरिए समाज की सोच को प्रभावित करने की कोशिशों के खिलाफ भी शिक्षकों को अपनी भूमिका निभानी होगी।

उन्होंने नागरिकता कानून के खिलाफ आंदोलन, किसान आंदोलन, मजदूरों के आंदोलनों और पेपर लीक के खिलाफ छात्र आंदोलनों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज बिहार में स्कूली छात्रों के बीच ह्यस्कूल ठीक करोह्न जैसे सवाल उठ रहे हैं। जेनरेशन अल्फा के इन छात्र आंदोलनों में शिक्षकों को भी भागीदार बनना चाहिए।

उन्होंने कहा कि बिहार में स्क्रफ के नाम पर बड़ी संख्या में लोगों के नाम मतदाता सूची से बाहर किए गए। चुनाव आयोग के इस कार्य में शिक्षकों को भी लगाया गया था। अब शिक्षकों को मतदाता सूची से बाहर किए गए लोगों के नाम फिर से जुड़वाने की लोकतांत्रिक मुहिम में भी अपनी भूमिका निभानी चाहिए। कॉमरेड दीपंकर ने कहा कि बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने जाति व्यवस्था के उन्मूलन के साथ महिलाओं के अधिकार और शिक्षा पर भी जोर दिया था। उन्होंने शिक्षित होने, संगठित होने और संघर्ष करने का आह्वान किया था। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब से पहले ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा की मशाल जलाई थी। यह वर्ष उनके जन्म की द्विशताब्दी से जुड़ा महत्वपूर्ण वर्ष है और महार सत्याग्रह तथा मनुस्मृति दहन की शताब्दी का भी अवसर है। उन्होंने कहा कि पूरे साल शिक्षा, सामाजिक बराबरी और फुले-आंबेडकर की विचारधारा के सवालों पर व्यापक अभियान चलाने की जरूरत है। सेमिनार के उद्घाटनकर्ता दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. राजीव कुंवर ने कहा कि शिक्षा समवर्ती सूची का विषय है, लेकिन नई शिक्षा नीति 2020 के जरिए शिक्षा के बढ़ते केंद्रीयकरण की प्रक्रिया सामने आई है। शिक्षण संस्थानों में ह्यफूट डालो और राज करोह्न की नीति के तहत शिक्षकों को अलग-अलग हितों में बांटने की कोशिश हो रही है। इससे शिक्षक समुदाय की एकता प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षक आंदोलन को मजबूत करने के लिए शिक्षा को व्यापक जनआंदोलन का मुद्दा बनाना होगा।

पालीगंज विधायक संदीप सौरभ ने कहा कि बिहार के शिक्षक सरकारी शिक्षक तो बन गए हैं, लेकिन उन्हें अभी भी सरकारी वेतनमान और समुचित अधिकार नहीं मिल रहे हैं। राज्य के जिन विद्यालयों को उत्क्रमित विद्यालय घोषित किया गया था, वे आज अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्होंने नई शिक्षा नीति को गरीब तबके के बच्चों की शिक्षा तक पहुंच के संदर्भ में गंभीरता से देखने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के अधिकार और शिक्षा की रक्षा के लिए सभी शिक्षक संगठनों को एक मंच पर आना होगा। विधान परिषद सदस्य शशि यादव ने शिक्षा के निजीकरण, व्यापारीकरण और सांप्रदायिकीकरण के खिलाफ आवाज बुलंद करने तथा शिक्षा के अधिकार के लिए चल रहे छात्र आंदोलनों के साथ खड़े होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जेनरेशन जी और जेनरेशन अल्फा के छात्रों द्वारा उठाए जा रहे शिक्षा संबंधी सवालों को व्यापक सामाजिक समर्थन मिलना चाहिए। कार्यक्रम में वक्ताओं ने शिक्षा को संविधान प्रदत्त अधिकार, शिक्षकों के सम्मानजनक सेवा अधिकार, समान एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा शिक्षा व्यवस्था में बढ़ते निजीकरण और केंद्रीयकरण के सवालों पर व्यापक शिक्षक-छात्र एकता और जनअभियान की जरूरत पर जोर दिया।

2047 तक भारत होगा दुनिया का अग्रणी देश : विधायक संजय

जेएनवी वैशाली में आयोजित हुई भाषण प्रतियोगिता



हाजीपुर/एनएसबी। पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय वफापुर शर्मा, वैशाली में मेरे सपनों का भारत- 2047 विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राचार्य जितेन्द्र कुमार की अध्यक्षता एवं स्नातकोत्तर हिन्दी अध्यापक अमरेन्द्र कुमार के सफल संचालन में संपन्न प्रतियोगिता में दो दर्जन से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर अपने शब्दों से भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनों का भारत 2047 को साकार करने के संकल्प को प्रदर्शित किया।

समारोह का दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत उद्घाटन करते हुए बतौर मुख्य अतिथि लालगंज के विधायक संजय कुमार सिंह ने कहा कि भारत के ओजस्वी एवं तेजस्वी माननीय प्रधानमंत्री सर्वश्री नरेन्द्र मोदी के विजन मेरे सपनों का भारत 2047 को साकार करने के लिए आम अवाम के साथ- साथ युवाओं और नौनिहालों को विशेष रूप से आगे आने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को दुनिया का अग्रणी देश बनाने हेतु हमें निष्ठा पूर्वक अपनी भूमिका निभाने की जरूरत है।

सर्वप्रथम विद्यालय की छात्राओं द्वारा वाणी वंदना प्रस्तुत की गई, तत्पश्चात प्राचार्य जितेन्द्र कुमार ने विधायक संजय कुमार सिंह को पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र से स्वागत किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में बिहार की प्राचीनतम साहित्यिक संस्था किरण मंडल के महासचिव डॉ. महेन्द्र प्रियदर्शी, विदुषी सुनीता सिंह एवं शिक्षिका सुचित्र शामिल थे। प्रतियोगिता में प्रथम विजेता कोपल रानी, द्वितीय स्नेहा एवं तृतीय तान्या सिंह को विधायक संजय कुमार सिंह ने सम्मानित किया।

संपूर्ण कार्यक्रम में उप प्राचार्या नीलिमा वर्मा, डॉ. चंद्र माधव, डॉ. कामना, राजेश कुमार, पीजीटी सीएस अंशुतोष, सुनीता सिंह, प्रियंका ओझा, निर्मल कुमार निर्भय, डॉ. संतोष कुमार, एम. मुकुंद पाठक, रंजन श्रीवास्तव, अभय कुमार, सुमन सौरभ, राजेश प्रसाद, आशुतोष, अंशु कुमारी, कुमारी, कुमारी सुचित्रा, अमित कुमार, नेहा, शरद कुमार, मो. सरफराज आलम, कलामुद्दीन अंसारी, प्रसिद्ध योगगुरु डॉ. महेन्द्र प्रियदर्शी, कीर्ति पटेल, कमलेश सिंह, डॉ. आर. श्रीधर सहित सभी शिक्षक, शिक्षिका, छात्र और छात्राएं मौजूद थे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. चंद्र माधव ने किया।

निशुल्क मेगा मेडिकल कैम्प में 175 मरीजों की हुई जांच

महुआ/एनएसबी। श्री केशव सेवा समिति के तत्वावधान में रविवार को डउ पैलेस विवाह भवन, महुआ में विशाल निशुल्क मेगा मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ उपस्थित चिकित्सकों एवं अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में लगभग 175 रोगियों की जांच एवं चिकित्सा परामर्श किया गया। मरीजों को निःशुल्क दवा भी उपलब्ध कराई गई। इस शिविर में राम जानकी एक्यूप्रेशर चिकित्सा केंद्र के संचालक डॉ. प्रमोद कुशवाहा, एक्यूप्रेशर एवं प्राकृतिक चिकित्सक (नस रोग विशेषज्ञ) के अलावा डॉ. अजय कुमार (दंत रोग), डॉ. शैलेंद्र किशोर (हृदय रोग), डॉ. उज्ज्वल भारद्वाज (नेत्र रोग), डॉ. सजीव कुमार (जनरल फिजिशियन) तथा डॉ. बिट्टू कुमार (जांच विशेषज्ञ) ने मरीजों को अपनी सेवाएं प्रदान कीं।शिविर में कमर दर्द, घुटना दर्द, नस संबंधी विभिन्न प्रकार के दर्द, असाध्य रोग, हृदय रोग, दंत रोग, सामान्य रोग, नेत्र रोग तथा ब्लड जांच सहित विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। चिकित्सकों ने मरीजों की समस्याओं को बारीकी से समझकर आवश्यक चिकित्सा परामर्श दिया और बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में भी जानकारी दी। चिकित्सकों एवं अतिथियों को पौधा और अंगवस्त्र देकर किया सम्मानितकार्यक्रम के दौरान श्री केशव सेवा समिति की ओर से शिविर में सेवा देने वाले सभी चिकित्सकों एवं उपस्थित अतिथियों को पौधा एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। समिति की इस पहल को पर्यावरण संरक्षण और समाजसेवा से जोड़कर सराहा गया।डॉ. प्रमोद कुशवाहा ने दी एक्यूप्रेशर की जानकारी इस अवसर पर डॉ. प्रमोद कुशवाहा ने एक्यूप्रेशर चिकित्सा के बारे में लोगों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कमर दर्द, घुटना दर्द तथा नस संबंधी दर्द जैसी समस्याओं में एक्यूप्रेशर चिकित्सा की भूमिका के बारे में लोगों को जागरूक किया और शरीर के विभिन्न एक्यूप्रेशर बिंदुओं की उपयोगिता समझाई। वहीं अन्य चिकित्सकों ने भी अपनी-अपनी विशेषज्ञता के अनुसार मरीजों को बीमारियों के लक्षण, बचाव और उचित समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने के महत्व के बारे में जानकारी दी। एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।शिविर में लगभग 175 रोगियों की जांच, चिकित्सा परामर्श एवं निःशुल्क दवा वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री केशव सेवा समिति के सदस्यों एवं आयुष कुमार,आशीष कुमार,राजू कुमार ,आलोक कुमार ,नरेश कुमार , महेश कुमार आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सरेआम फायरिंग से दहशत, 3 घंटे में आरोपी गिरफ्तार

गोरौल(दैनिक नवसन्देश)। बेलसर थाना क्षेत्र के साइन चौक पर रविवार को बीच सड़क सरेआम ताबड़तोड़ फायरिंग से इलाके में दहशत फैल गई।अचानक हुई फायरिंग की घटना से चौक पर अफरातफरी मच गई। हलाकि बेलसर थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार तत्प्रता से तत्काल मौके पर पहुंच कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बताया गया है कि पुलिस ने मौके से तीन खोखा बरामद किया है।घटना की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीण एसपी सोनू कुमार राय एवं एसडीपीओ गोपाल मंडल भी घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के महज तीन घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। सरेआम फायरिंग के बाद पुलिस की त्वरित कार्रवाई से इलाके में कानून-व्यवस्था को लेकर लोगों में भरोसा बढ़ा है।

हत्या के प्रयास में गोली मारने वाले 01 अपराधकर्मी को किया गया गिरफ्तार

हाजीपुर/एनएसबी। वैशाली पुलिस के द्वारा जिले में गंभीर एवं वांछित श्रेणी के अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में सदर थाना पुलिस को ग्राम बलवा कुआरी निवासी पीयूष कुमार, पे० मिथलेश सिंह को उनके ही दोस्तों के द्वारा गोली मारकर जख्मी कर देने की सूचना प्राप्त हुई। घटनास्थल के निरीक्षण के क्रम में 03 खोखा बरामद किया गया था।घटना की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक,



हाजीपुर (वैशाली) के निदेशानुसार अनु०पु०पदा० सदर-01 श्री सुबोध कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया एवं गठित टीम द्वारा घटना में संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी की जा रही थी। मानवीय आसूचना एवं तकनीकि के जरिये उक्त अपराधकर्मी को गठित टीम द्वारा छापेमारी कर घटना में संलिप्त अपराधकर्मी को गिरफ्तार किया गया एवं 01 विधि-विरूद्ध बालक को निरूद्ध किया गया।

सारण जिले के बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए 4,932 सूखे राशन पैकेट भेजे गए



हाजीपुर/एनएसबी। सारण में बाढ़ की गंभीर स्थिति को देखते हुए वैशाली की जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह के संवेदनशील निर्देश एवं सतत मार्गदर्शन में वैशाली जिला प्रशासन द्वारा मानवीय सहयोग की दिशा में लगातार प्रभावी पहल की जा रही है। आपदा की इस कठिन घड़ी में सारण के बाढ़ प्रभावित परिवारों को आवश्यक राहत उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वैशाली जिला प्रशासन द्वारा राहत सामग्रियों का निरंतर प्रेषण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज 4,932 सूखे राशन के पैकेट विशेष वाहनों के माध्यम से सारण जिला भेजे गए। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि आपदा से प्रभावित जरूरतमंद परिवारों तक राहत सामग्री त्वरित रूप से पहुंचे और प्रशासनिक समन्वय के माध्यम से राहत कार्यों को प्रभावी बनाया जाए। सारण के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं सहायता उपलब्ध कराने के क्रम में वैशाली जिला प्रशासन द्वारा अब तक 11,000 पॉलीथिन शीट तथा 11,500 सूखे राशन के पैकेट भेजे जा चुके हैं। जिला प्रशासन का प्रयास है कि संकट की इस घड़ी में अधिक से अधिक प्रभावित परिवारों को तत्काल आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जा सके। सारण जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बाढ़ की गंभीर स्थिति उत्पन्न होने के कारण बड़ी संख्या में परिवार प्रभावित हुए हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वैशाली जिला प्रशासन द्वारा सारण जिला प्रशासन के साथ निरंतर समन्वय स्थापित कर आवश्यकतानुसार राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि आपदा की घड़ी में प्रशासनिक सीमाएं मानवीय संवेदना के मार्ग में बाधा नहीं बन सकतीं। पड़ोसी जिले के प्रभावित परिवारों की सहायता करना हमारी सामाजिक और मानवीय जिम्मेदारी है। वैशाली जिला प्रशासन हरसंभव सहयोग के लिए तत्पर है और आवश्यकता के अनुरूप राहत सामग्री उपलब्ध कराने की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में आपसी सहयोग, संवेदनशीलता और एकजुटता ही प्रभावित परिवारों को संबल प्रदान करती है। जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि राहत सामग्री समय पर जरूरतमंदों तक पहुंचे तथा आपदा प्रभावित परिवारों को तत्काल सहायता उपलब्ध हो सके। वैशाली जिला प्रशासन द्वारा राहत सामग्री के प्रेषण एवं संबंधित प्रशासनिक समन्वय की प्रक्रिया की निरंतर निगरानी की जा रही है, ताकि उपलब्ध कराई जा रही सहायता का अधिकतम लाभ बाढ़ प्रभावित परिवारों तक पहुंचाया जा सके।

भाकपा माले का प्रतिरोध मार्च,जुड़े मतदाताओं के नाम

पटना सिटी/एनएसबी। भाकपा माले पटना साहिब की ओर से प्रतिरोध मार्च मंगल तालाब स्थित शहीद पीर अली से निकल कर गुरु गोविंद सिंह पथ होते हुए शहीद भगत सिंह पहुंचा. मार्च का नेतृत्व पटना साहिब कमेटी के सचिव अनय मेहता ने की. मार्च में सुरेश प्रसाद, शंभू नाथ मेहता, मुजफ्फर आलम, राजेश कुशवाहा, राखी मेहता, ललन यादव, श्रवण सिंहा, बजरंगी प्रसाद, उमेश पासवान, गोरख मेहता, मिंटू पासवान, आत्माराम, उमा यादव ,महेंद्र प्रसाद यादव, किरण देवी ,निर्मला देवी, गोपाल वर्मा,नागेंद्र सिंहा, विनोद प्रसाद, सुरेंद्र पासवान, टुनटुन पासवान, भूषण यादव, मुनरिक चौधरी, राजकुमार चौधरी, रंजीत यादव, राजेश कुमार, मनोज कुमार, मिथिलेश सिंह, सोमनाथ यादव समेत अन्य शामिल थे. इस दौरान आयोजित सभा में वक्ताओं ने बिहार व देशभर में हुए चुनाव को रद्द करते हुए हटाये गये 13 करोड़ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश को चुनाव आयुक्तो की बहाली करने वाली कमेटी में

संक्षिप्त खबरें

चाकू से हमला कर महिला व उसकी बेटी को किया घायल

उचकागांव (गोपालगंज)(एसएनबी)। उचकागांव थाना क्षेत्र के सांखे खास बलुआ टोला में पड़ोस के एक युवक ने गांव की महिला प्रमिला देवी को चाकू से हमला कर घायल कर दिया। बीच बचाव में आई महिला की 13 वर्षीय बेटी प्रियंका कुमारी को भी घायल कर दिया गया है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपित अपनी बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना दो अक्टूबर की शाम की है। दोनों घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उचकागांव में कराया गया। मामले में घायल महिला प्रमीला देवी के आवेदन पर अपने गांव के मुन्ना प्रसाद के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

गैस सिलेंडर में तहखाना बनाकर छिपाई थी शराब, 127 टेट्रा पैक के साथ तस्कर गिरफ्तार।



कुचायकोट (एसएनबी)। थाना क्षेत्र के बलथरी चेकपोस्ट पर स्थित उत्पाद विभाग की टीम ने रविवार को वाहन जांच के दौरान कुर्म टोला गांव के पास एक बाइक सवार तस्कर को 127 पीस देशी टेट्रा पैक शराब के साथ गिरफ्तार किया। तस्करी के लिए शराब को गैस सिलेंडर के अंदर बनाए गए तहखाने में छिपाकर रखा गया था। बरामद शराब की मात्रा 25.400 लीटर बताई गई है।उत्पाद अधीक्षक अमृतेश कुमार ने बताया कि उत्पाद विभाग की टीम जलालपुर रोड स्थित कुर्म टोला के पास वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान बाइक पर गैस सिलेंडर लेकर जा रहे युवक की गतिविधि संदिग्ध लगी।टीम ने बाइक रोककर गैस सिलेंडर की जांच की।जांच के दौरान सिलेंडर के अंदर बने तहखाने में छिपाकर रखे 127 पीस देशी टेट्रा पैक बरामद किए गए।इसके बाद टीम ने शराब जब्त करने के साथ बाइक को भी कब्जे में ले लिया और आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया।उत्पाद पुलिस ने गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ के बाद उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की।आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपित को न्यायालय में भेज दिया गया।

संदिग्ध परिस्थिति में युवक लापता, अनहोनी की आशंका

कटेया, गोपालगंज (एसएनबी)। कटेया नगर पंचायत के वार्ड संख्या तीन निवासी विकास कुमार संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गए हैं।काफी खोजबीन के बाद भी उनका पता नहीं चलने पर स्वजनों ने अनहोनी की आशंका जताई है।इस संबंध में उनके भाई नन्हे कुमार ने कटेया थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार विकास कुमार एक अक्टूबर की शाम करीब छह बजे घर से निकले थे।जाते समय उन्होंने अगले दिन लौटने की बात कही थी।दो अक्टूबर की सुबह करीब छह बजे उन्होंने अपनी पत्नी से भी बातचीत की।इसके बाद दोपहर करीब दो बजे उनके मोबाइल पर व्हाट्सएप कॉल किया गया तो किसी अनजान व्यक्ति ने फोन उठाया।उसने लड़खड़ाती आवाज में सब ठीक होने की बात कही।देर रात तक विकास के घर नहीं लौटने पर परिवार के लोगों ने उनकी तलाश शुरू की।रिश्तेदारों से भी संपर्क किया गया,लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली।अगले दिन तक उनका सुराग नहीं मिलने पर स्वजन चिंतित हो उठे और किसी अनहोनी की आशंका जताई।पुलिस पीड़ित के दिए आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पूर्व प्राचार्य मनमोहन चौबे के निधन से शोक की लहर



कुचायकोट (एसएनबी)। प्रखंड के भूपतीपुर गांव निवासी एवं मंगल सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रतनपुरा के पूर्व प्राचार्य मनमोहन चैबे के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।76 वर्षीय मनमोहन चैबे क्षेत्र के जाने-माने शिक्षाविद थे। उनके निधन की खबर मिलते ही शिक्षा जगत से जुड़े लोगों और ग्रामीणों में शोक व्याप्त हो गया।मनमोहन चैबे ने मंगल सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गणित विषय के शिक्षक के रूप में लंबे समय तक अपनी सेवाएं दीं।बाद में उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य का दायित्व भी संभाला।वर्ष 2011 में सेवानिवृत्त होने के बाद वह गोपालगंज में परिवार के साथ रह रहे थे। बताया जाता है कि वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। शनिवार की शाम गोपालगंज में उनका निधन हो गया।निधन की सूचना मिलने के बाद उनके पार्थिव शरीर को पैतृक गांव भूपतीपुर लाया गया।शनिवार को ग्रामीणों के सहयोग से उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ शिक्षा जगत से जुड़े लोग मौजूद रहे।लोगों ने उनके निधन को शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी।

बाजार से लौट रहे युवक पर चाकू से हमला, जख्मी

जख्मी युवक ने श्रीपुर थाने में दी लिखित शिकायत

फुलवरिया गोपालगंज(एसएनबी)। श्रीपुर थाना क्षेत्र के गिदहा गांव के समीप शनिवार की देर शाम बाजार से घर लौट रहे एक युवक पर तीन युवकों द्वारा चाकू से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में मंगहा गांव निवासी आस मोहम्मद शाह के पुत्र याकूब गंभीर रूप से जख्मी हो गए। आसपास के लोगों की मदद से उन्हें इलाज के लिए फुलवरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।घटना को लेकर जख्मी याकूब ने रविवार को श्रीपुर थाने में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। दिए गए आवेदन में आरोप लगाया गया है कि शनिवार की देर शाम वह गोपालपुर थाना क्षेत्र के डेरवा बाजार से किराना सामान खरीदकर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान गिदहा गांव के समीप गोपालपुर थाना क्षेत्र के लाछपुर, सोनिकपुर सहित अन्य गांवों के तीन युवकों ने उन्हें रास्ते में घेर लिया।आरोप है कि तीनों युवकों ने चाकू से उन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में गर्दन, पीठ सहित शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आरोपित युवक उनका पीछा करते हुए घर के सामने तक पहुंचे। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद हमलावर वहां से फरार हो गए। पुलिस शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

सियार ने बच्ची पर किया हमला, काटकर किया घायल

कुचायकोट(एसएनबी)। थाना क्षेत्र के फुलवरिया गांव में रविवार को सियार के हमले में एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई।घायल बच्ची की पहचान फुलवरिया गांव निवासी आदित्य कुमारी के रूप में हुई है।बताया जाता है कि आदित्य कुमारी घर से कुछ दूरी पर खेल रही थी।इसी दौरान वहां पहुंचे एक सियार ने अचानक बच्ची पर हमला कर दिया और काटकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।बच्ची के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और सियार को वहां से भगाया।घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन घायल बच्ची को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचायकोट ले गए।अस्पताल में बच्ची का उपचार चल रहा है।घटना के बाद गांव में सियार के हमले को लेकर लोगों में दहशत का माहौल है।ग्रामीणों ने क्षेत्र में सियार के विचरण पर चिंता जताते हुए सतर्कता बरतने की अपील की है।

भूमि विवाद में अधेड़ पर जानलेवा हमला, प्राथमिकी

फुलवरिया थाना क्षेत्र के मजिरवा कला गांव की घटना, पांच लाख रंगदारी मांगने का आरोप

फुलवरिया गोपालगंज(एसएनबी)। फुलवरिया थाना क्षेत्र के मजिरवा कला गांव में भूमि विवाद को लेकर घर निर्माण करा रहे एक अधेड़ पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के संबंध में पीड़ित व्यक्ति मजिरवा कला गांव निवासी बाबूलाल कमकर ने रविवार को फुलवरिया थाने में लिखित शिकायत देकर सात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। दिए गए आवेदन में आरोप लगाया गया है कि बीते 30 सितंबर की सुबह वह अपनी निजी जमीन पर घर का निर्माण करा रहे थे। इसी दौरान गांव के ही रामाजी चैधरी, लवहर चैधरी, लवहर चैधरी, भरत चैधरी मुन्ना चैधरी जयप्रकाश चैधरी समेत सात लोग लाठी-डंडे और भाला लेकर मौके पर पहुंच गए। आरोपितों ने निर्माण कार्य रोक दिया तथा वहां रखी पांच बोरी सीमेंट को कथित रूप से बर्बाद कर दिया।किसान ने निर्माण कार्य रोकने का विरोध किया तो आरोपितों द्वारा उनके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। शिकायत में किसान की जेब से पांच हजार रुपये नकद निकालने तथा परिवार की महिलाओं के मंगलसूत्र और पुत्र की घड़ी छीनने की बात भी कही गई है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि आरोपित जाते समय पांच लाख रुपये रंगदारी की मांग करते हुए धमकी देकर चले गए।

असनंद टोला से गर्लफ्रेंड की बर्थडे मनाने गए युवक की हत्या का हुआ खुलासा



उचकागांव (गोपालगंज) उचकागांव थाना क्षेत्र के असनंद टोला से अपने एक दोस्त को बता कर समीप के गांव निवासी एक गर्लफ्रेंड की बर्थडे मनाने के लिए गए युवक के हत्या का खुलासा पुलिस ने किया है। युवक का शव युवक के घर से निकलने के दो दिन बाद जिले के सिधवलिया थाना क्षेत्र के गंडक नदी के सलेमपुर घाट से बरामद करने का पुलिस ने दावा किया।

बताया जा रहा है कि उचकागांव थाना क्षेत्र के असनंद टोला के सुभाष शर्मा के 31 वर्षीय बेटे सुनील कुमार शर्मा 6 सितंबर की संध्या चार बजे अपने गांव के दोस्त विजय कुमार सिंह के साथ घर से कहीं जाने के लिए निकले। देर शाम उनके दोस्त घर वापस आ गए। परंतु सुनील कुमार शर्मा अगले दिन भी वापस नहीं आए। जिसके बाद सुनील के बड़े भाई सुधीर शर्मा ने जब विजय कुमार सिंह से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि सुनील मोबाइल पर बात करने वाली अपनी गर्लफ्रेंड के साथ बर्थडे मनाने के लिए कहकर कहीं चले गए हैं। वहीं अगले दिन वापस आने की बात कही थी। कई दिन बाद भी जब सुनील का पता नहीं चला तो मामले में लापता युवक के भाई सुधीर शर्मा के आवेदन पर उचकागांव थाना क्षेत्र के असनंद टोला गांव निवासी उनके दोस्त विजय कुमार सिंह और बंकीखाल चमर टोली निवासी 25 वर्षीय गर्लफ्रेंड रंजीता कुमारी के विरुद्ध थाने में अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। वैसे युवक के घर से निकलने के दो दिन बाद ही जिले के सिधवलिया थाना क्षेत्र के होकर गुजरने वाले गंडक नदी के सलेमपुर घाट से एक शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। वैसे उचकागांव पुलिस ने बरामद शव की पहचान उचकागांव थाना क्षेत्र के असनंद टोला गांव निवासी लापता युवक सुनील कुमार शर्मा के रूप में की गई थी। इसके बाद पुलिस अपहरण मामले को हत्याकांड मामले में परिवर्तित करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी थी। मामले में पुलिस ने हत्याकांड मामले में नामजद गर्लफ्रेंड रंजीता कुमारी को उसके घर पर छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस ने उसकी निशानदेही पर हत्याकांड मामले में शामिल सिधवलिया थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी संदीप कुमार और रविश कुमार तिवारी को गिरफ्तार कर पूछताछ करने के बाद शनिवार के दिन ही न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

मामले में युवक की गर्लफ्रेंड और उसके दो अन्य साथी भी गिरफ्तार

दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में समिति की भूमिका अहम



उचकागांव (गोपालगंज) थाना परिसर में रविवार की संध्या आगामी आयोजित होने वाली दुर्गा पूजा को लेकर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार झा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें पूजा समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि व समाजसेवी शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष ने कहा कि दुर्गा पूजा को शांतिमय वातावरण में संपन्न कराने में पूजा समितियां की भूमिका अहम है। प्रत्येक पूजा समिति को लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा, लाइसेंस समिति के प्रभावी व्यक्ति के नाम पर ही जारी किया जाएगा, पूजा समिति को इस बात का ख्याल रखना होगा कि पूजा पंडाल के कारण सड़क जाम की स्थिति उत्पन्न न हो, पंडाल में किसी प्रकार की अनावश्यक भीड़ न हो। सरकार द्वारा जारी किए गए गाइडलाइन के अनुसार ही दुर्गा पूजा समारोह आयोजित किया जाए। क्षेत्र में जितने भी पूजा पंडाल में दुर्गा पूजा मनाया जाएगा, उसमें आपसी समरसता बनी रहे। एक दूसरे के सहयोग से पूजा संपन्न किया जाएगा। प्रतिमा विसर्जन के दिन तय रूट के हिसाब से विसर्जन करना है। आर्केस्ट्रा व डीजे पर पूरी तरह से रोक रहेगी। पूजा पंडाल के इर्द-गिर्द घूमने वाले असामाजिक तत्वों पर प्रशासन नजर रखेगी। सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के प्रयास में किसी को बक्सा नहीं जाएगा। विधि व्यवस्था बिगड़ने पर आयोजन समिति की जवाबदेही होगी। इस दौरान थानाध्यक्ष ने उपस्थित लोगों से क्षेत्र में सजने वाले पूजा पंडाल के बारे में जानकारी ली गई। बैठक में दरोगा आनंद कुमार सिंह, जमदार आशिक रसूल खान, मुखिया अकलू यादव, सरपंच सोहराब आलम, मनोज श्रीवास्तव, मृत्युंजय तिवारी, भाजपा नेता प्रमोद गुप्ता, विरेंद्र साह, सुमन गुप्ता, शेषनाथ साह, प्रमोद सिंह, समाजसेवी रमेश सिंह सहित काफी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

राहत सामग्री वितरित करते जिलाध्यक्ष : दिलीप सिंह



गोपालगंज (एसएनबी) गोपालगंज। बाढ़ का पानी उतरने के बाद प्रभावित लोगों की परेशानियों को देखते हुए राष्ट्रीय जनता दल की टीम ने जिला अध्यक्ष श्री दिलीप कुमार सिंह के नेतृत्व में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया तथा जरूरतमंद परिवारों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया। इस अवसर पर राजद जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह एवं प्रधान महासचिव इम्तेयाज अली भुट्टो ने प्रभावित परिवारों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना और हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। नेताओं ने कहा कि बाढ़ का पानी उतरने के बाद कई तरह की संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। इन नेताओं ने जिला प्रशासन से अविलंब प्रभावित गांवों एवं बस्तियों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराने तथा स्वास्थ्य विभाग की ओर से मेडिकल कैंप का आयोजन सुनिश्चित करने की मांग की ताकि लोगों को समय पर चिकित्सा सुविधा मिल सके। राजद नेताओं ने प्रशासन से मांग की कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत एवं स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए। संकट की इस घड़ी में राजद पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ा है। इस अवसर पर राजद के जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार बारी, सुमन कुमार यादव, बिट्टू चैरसिया, अनिल यादव, मैनुद्दीन अहमद, हरेन्द्र कुशवाहा व चंद्रभान सिंह आदि मौजूद थे।

एपी तटबंध को लेकर तनातनी बरकरार, दोनों प्रांतों की पुलिस तैनात- दानचक के पास बांध बचाने के लिए पूरी रात चल रही पहरेदारी

रात में जनरेटर, कुर्सी और चारपाई लेकर पहुंची पुलिस को भी ग्रामीणों ने रोका

गोपालगंज/एनएसबी। अहिरौलीदान के दानचक गांव के सामने एपी बांध पर बोल्डर गिराने को लेकर तीसरे दिन भी बिहार और उत्तर प्रदेश के ग्रामीणों के बीच तनातनी बनी हुई है. रात में जनरेटर, कुर्सी और चारपाई लेकर बिहार पुलिस के जवान बांध पर पहुंचे. यूपी के ग्रामीणों ने बोल्डर आने की आशंका में ग्रामीण पहुंच गये. बाद में सामान के बारे में जानकारी मिलने पर ग्रामीण वापस लौट गये. पूरी रात बांध पर दोनों प्रांतों की पुलिस तैनात रही. दानचक गांव के समीप बांध पर तनाव की स्थिति बनी रही. बिसंभरपुर, गोपालपुर और कुचायकोट थाने की पुलिस के अलावा महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती रही. बिसंभरपुर थानाध्यक्ष मुकेंद्र कुमार ने बताया कि ग्रामीणों ने रात में चारपाई, जनरेटर और कुर्सी लेकर आयी ट्रैक्टर-ट्रॉली को बोल्डर समझ लिया था और उसे रोकने के लिए दौड़े थे. बाद में समझाने पर मामला शांत हुआ. कुशीनगर पुलिस के पहुंचने के बाद भी स्थिति सामान्य हुई बांध पर बोल्डर नहीं डाले जाने से रिसाव की समस्या बनी हुई है. इससे बांध पर आवागमन भी प्रभावित हो रहा है. प्रशासन और बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारी बांध की स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए हैं. एपी बांध में लगे दो साइफन और रिसाव के कारण जिले में तेजी से पानी बह रहा है. चैनपट्टी- गौरहा गांव के सामने सोमवार की रात एपी बांध टूटने के बाद तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के 30 से अधिक गांवों में बाढ़ का पानी पहुंच गया था. नदी का जलस्तर कम होने के बाद कई गांवों से पानी निकल गया है, लेकिन करीब 20 गांवों में अब भी कई जगह घुटने तक पानी जमा है

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर

कुचायकोट(गोपालगंज) (एसएनबी)। विशंभरपुर थाना क्षेत्र के सिसवा तीनमोहानी के पास शनिवार की देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।हादसे के बाद मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम ने घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचायकोट पहुंचाया।यहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गोपालगंज रेफर कर दिया।घायल की पहचान जादोपुर थाना क्षेत्र के मसानथाना गांव निवासी रमेश यादव के रूप में हुई है।बताया गया कि रमेश यादव शनिवार की शाम जलालपुर से बाइक से अपने घर लौट रहे थे।इसी दौरान सिसवा तीनमोहानी के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर के बाद वह बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई।स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना डायल 112 की टीम को दी।सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया।विशंभरपुर पुलिस मामले की जांच कर रही है और दुर्घटना में शामिल अज्ञात वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

पंचदेवरी के रूपीबगही में दो घर जले, मवेशी व एक बच्चा भी जख्मी

पंचदेवरी (एसएनबी)। प्रखंड के रूपीबगही में रविवार की दोपहर अचानक लगी आग में दो घर जलकर राख हो गये. अगलगी की इस घटना में एक मवेशी व एक बच्चे के जख्मी होने की भी सूचना है. घटना के बाद राजस्व कर्मचारी सह प्रभारी सीआइ मनीष कुमार ने मौके पर पहुंच कर जांच की. अगलगी के कारणों का पता नहीं चल सका है. बताया जाता है कि रविवार की दोपहर गुड़िया देवी के घर में अचानक आग लग गयी. देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और लपटें आसमान छूने लगीं. आग की चपेट में बगल के रामावतार भगत का बथान भी आ गया. गुड़िया देवी के घर में रखे अनाज, कपड़ा व बर्तन समेत सभी सामान जलकर राख हो गये. आग की तेज लपटों के कारण घर के अंदर रखे सामान बाहर नहीं निकाले सके. एक मवेशी व एक छोटा बच्चा भी आग की चपेट में आकर जख्मी हो गया. वहीं, रामावतार भगत का बथान भी पूरी तरह जलकर राख हो गया. बथान में मवेशियों के लिए चारा रखा गया था, सब जल गये. ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. सीओ उमा कुमारी ने बताया कि जांच रिपोर्ट के अनुसार पीड़ित परिवारों को नियमानुकूल सहायता उपलब्ध करायी जायेगी जान से मारने की धमकी और रंगदारी मांगने का आरोप, थाने में दिया आवेदन गोपालगंजः कटेया थाना क्षेत्र के टेर खेमराज गांव निवासी ज्योतिभूषण तिवारी ने कुछ लोगों पर जान से मारने की धमकी देने, गाली-गलौज करने, रंगदारी मांगने और डराने-धमकाने का आरोप लगाया है. इस संबंध में उन्होंने कटेया थानाध्यक्ष को आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है. आवेदन के अनुसार, 3 अक्टूबर की रात करीब 12रू30 बजे कुछ लोग कथित रूप से उनके डेयरी प्लांट और बाद में घर पहुंचे. उनके साथ दो-चार अन्य लोग भी थे.

फुलवरिया के युवाओं की कड़ी मेहनतरू खुद फावड़ा उठाकर चमकाया मंदिर का रास्ता

संदीप कुमार



फुलवरिया (एसएनबी)। आस्था जब संकल्प बन जाए, तो बड़ी से बड़ी रुकावटें भी राह छोड़ देती हैं. कुछ ऐसा ही मिसाल पेश किया है फुलवरिया प्रखंड के ग्राम पंचायत राज चमारी पट्टी स्थित लकड़ी बनवीर गांव के युवाओं ने. गांव के प्राचीन दुर्गा मंदिर (शक्तिपीठ) तक पहुंचने वाली जर्जर पगडंडी राह को युवाओं ने अपनी कड़ी मेहनत और श्रमदान से चमका दिया है. गांव के हरिकिशुन भगत के दरवाजे से लेकर प्राचीन दुर्गा मंदिर तक जाने वाली करीब 800 मीटर लंबी सड़क वर्षों से बदहाल थी. इस रास्ते से होकर लकड़ी बनवीर, लकड़ी चैबे और लकड़ी बिशूनपुर गांव के सैकड़ों पुरुष व महिला श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने मंदिर पहुंचते हैं. इसके अलावा पड़ोसी गांव सवनहा और भेड़ियाड़ी टोला की महिलाएं भी रोजाना यहां मत्था टेकने आती हैं. जर्जर पगडंडी सड़क के कारण श्रद्धालुओं, खासकर महिलाओं व बुजुर्गों को काफी फजीहत झेलनी पड़ती थी. गांव के गिरजेश दुबे, नरेन गुप्ता, दुर्गा गोड़, शुभम शर्मा, बसंत भगत, रोहित शर्मा, राकेश भगत और दीपक तिवारी सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों तक लिखित शिकायतें दी गईं और मौखिक रूप से भी गुहार लगाई गई. जब शासन और प्रशासन स्तर से कोई हल नहीं निकला, तो युवाओं की सोच ने गांव को एक नई दिशा दिखाई. नवरात्रि और पूजा के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए गांव के युवाओं ने एकजुट होकर खुद से सड़क निर्माण का बीड़ा उठाया. चिलचिलाती धूप और कड़ी धूप की परवाह किए बिना युवाओं ने लगातार पसीना बहाया और श्रमदान कर 800 मीटर लंबे रास्ते को समतल व सुगम बना दिया. युवाओं के इस भगीरथ प्रयास और भक्ति के उमंग की चारों ओर सराहना हो रही है. अब सभी गांवों के श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के मां के दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं।

प्रशासन व जन-प्रतिनिधियों की उपेक्षा पर भारी पड़ा युवाओं का जज्बा, 800 मीटर राह हुई दुरुस्त